सूर्योदय 5:37 सूर्यास्त 7:00

आज का तापमान

शिमला	13.0 न्यू	24.0 अधि
धर्मशाला	19.0 न्यू	29.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	76,913
निफ्टी	23,997
सोना 1,48,652	चांदी 2,36,882

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 1 मई 2026 | 18 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 122, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

लद्दाख में 4.1 तीव्रता का भूकंप, लेह में था केंद्र

एजेंसी, लेह। लद्दाख में वीरवार को 4.1 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, वीरवार सुबह 3:54 बजे भूकंप आया। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.1 रही। भूकंप 150 किमी की उथली गहराई पर आया, जिसका केंद्र अक्षांश 36.722 उत्तर और देशांतर 74.456 पूर्व पर लेह, लद्दाख में स्थित था। अभी तक किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह झटका हल्का था, लेकिन भविष्य में अधिक तीव्र झटकों की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। ऐसे में प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग सतर्क है और क्षेत्र में निगरानी जारी है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सिर्फ आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी हासिल करें। अधिकारियों ने यह भी कहा कि घर में रहने वाले लोग भारी सामान के पास न रहें और आपातकालीन किट तैयार रखें। प्रशासन का कहना है कि सतर्कता ही सुरक्षा है और सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

आई पैक निदेशक विनेश चंदेल को मिली जमानत

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई पैक)

के निदेशक विनेश चंदेल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी। पटियाला हाउस कोर्ट ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि जांच एजेंसी ने भी नियमित जमानत का विरोध नहीं किया, जिसके बाद अदालत ने उन्हें जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भूमिका अहम रही, लेकिन सुनवाई के दौरान एजेंसी ने जमानत याचिका पर कोई आपत्ति नहीं जताई। विनेश चंदेल पर मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े आरोपों की जांच चल रही थी। जांच एजेंसी का कहना था कि वित्तीय लेन-देन में कुछ अनियमितताएं पाई गई थीं, जिसके बाद केस दर्ज किया गया था। (अनंत ज्ञान)

एमपी के जबलपुर में क्रूज डूबा, 4 शव मिले

एजेंसी, जबलपुर। मध्यप्रदेश के जबलपुर में नर्मदा नदी पर बने बरगी डैम में गुरुवार शाम पर्यटकों से भरा एक क्रूज डूब गया। हादसा खमरिया टापू के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक एमपी टूरिज्म के क्रूज में 29 पर्यटक सवार थे। 15 लोग तैरकर बाहर निकल आए हैं। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम भी रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए पहुंची। अब तक 4 शव मिलने की पुष्टि हुई है, जबकि 10 लापता है। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि अचानक आए तेज तूफान के कारण क्रूज संतुलन खो बैठा और डूब गया। पहले क्रूज में 30 से ज्यादा लोगों के होने की जानकारी आई थी। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और एसपी संपत उपाध्याय मौके पर पहुंच गए हैं। अधिकारी और रेस्क्यू टीम बड़े टॉर्च की मदद से अंधेरे में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

कांग्रेस की असली ताकत कार्यकर्ता : राहुल

कहा-बेहतर कार्य करने वाले जिला अध्यक्षों को पार्टी में बड़े पदों पर मिलेगी जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान

राजेश कुमार, धर्मशाला। कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसका संगठन और बूथ चलाने वाला सच्चा कार्यकर्ता है। कांग्रेस पार्टी को संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करना है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष एक महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी भरा पद है अगर इस पद पर एक सच्चा और ईमानदार व्यक्ति कार्य करेगा तो वह अपने जिला के हर बूथ पर मौजूद सच्चे कार्यकर्ता की पहचान कर सकेगा। यह बात कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तीन राज्यों के कांग्रेस जिलाध्यक्षों के कांगड़ा में आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पूरी स्वतंत्रता से कार्य करें, धरातल पर मेहनती कार्यकर्ताओं को पहचानें, मेहनती कार्यकर्ताओं के साथ मेहनती जिला कांग्रेस अध्यक्षों को पूरा सम्मान मिलेगा। उन्होंने

गगल एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का सवागत करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

कहा कांग्रेस जिला अध्यक्षों को उनके कार्य क्षेत्र के अंतर्गत संगठन मजबूती के लिए पूरी स्वतंत्रता से कार्य करने का अधिकार होगा। उन्होंने कहा बेहतर कार्य करने वाले जिला कांग्रेस अध्यक्षों को पार्टी में और बड़े पदों पर जिम्मेदारी दी जाएगी और बूथ पर मौजूद सच्चे ईमानदार कार्यकर्ताओं की पहचान कर उन्हें भी पूरा सम्मान मिलेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्षों से उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने का आह्वान किया। उन्होंने अपने समस्त कार्यकर्ताओं और नेताओं से कहा कि वह धरातल पर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाने और उनका समाधान करें। जाए।

राहुल गांधी ने बताया कांग्रेस और भाजपा की विचारधारा में अंतर : सीएम सुक्खू

धर्मशाला। राहुल गांधी कांगड़ा में तीन राज्यों के कांग्रेस जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने आए थे। राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों को कांग्रेस की विचारधारा और भाजपा की विचारधार का अंतर

◆एक विचारधारा बलिदान देती है, तो दूसरी देश को बांटती है

बताया। यह बात मुख्यमंत्री सुक्खू ने कांगड़ा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में कही। सीएम ने कहा कि एक विचारधारा देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देती है, एक वो विचारधारा है जो देश को बांटने का काम करती है। किस तरह की चुनौतियों का हमें भविष्य में सामना करना है, किन इंटरनेशनल पॉलिसिस पर देश चल रहा है, यह सब राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों को बताया। यही नहीं किस तरह के सिस्मेटिक चेंज वे संगठन में चाहते हैं, इस बारे भी जिलाध्यक्षों को अवगत करवाया गया। उन्होंने 62 के करीब जिलाध्यक्षों से बातचीत करके उन्हें दिशानिर्देश जारी किए।

तपती धूप में रहे राहुल नहीं था एसी कमरा

सीएम ने कहा कि राहुल गांधी सुबह आठ बजे से दोपहर 2 बजे तक तपती धूप में रहे, कोई एसी कमरा नहीं था। उन्होंने बताया कि एक जिलाध्यक्ष भी राज्यसभा का सदस्य बन सकता है, एमएलए भी बन सकता है, लेकिन कार्यकर्ता को पार्टी की कार्यप्रणाली को पूरी तत्परता से आगे बढ़ाना होगा। हमारी सेवा राजनीति से प्रेरित न होकर, बल्कि जनता की जनभावना से प्रेरित होनी चाहिए, यही बात राहुल गांधी ने प्रशिक्षण शिविर के समापन पर रखी है।

126 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचे कच्चे तेल के दाम

वर्ष 2022 के बाद का सबसे उच्चतम स्तर

एजेंसी, नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर भारी तेजी दर्ज की गई है। वीरवार को ब्रेंट क्रूड ऑयल उछलकर 126

डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है, जो वर्ष 2022 के बाद का सबसे उच्चतम स्तर है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में गतिरोध और ईरानी बंदरगाहों व निर्यात पर अमेरिका की लंबी नाकेबंदी की चिंताओं के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका से यह भारी उछाल आया है।

विश्लेषकों ने इस स्थिति को दुनिया के अब तक के सबसे बड़े ऊर्जा व्यवधान के रूप में वर्णित किया है, जिसमें हजारों लोगों की जान जा चुकी है। (अनंत ज्ञान)

अमेरिका-ईरान विवाद है ऊर्जा संकट की वजह

इस ऊर्जा संकट के पीछे अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव एक प्रमुख कारण है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है जिसमें होर्मुज़ जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की पेशकश की गई थी। ट्रंप का स्पष्ट कहना है कि जब तक कोई व्यापक परमाणु समझौता नहीं हो जाता, तब तक रोक जारी रहेगी। नाकेबंदी के संभावित प्रभावों को कम करने के लिए ट्रंप ने तेल कंपनियों के साथ बैठक भी की है। इसके साथ ही, ट्रंप ने अपने 'ट्रुथ सोशल' प्लेटफॉर्म पर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि उसे 'जल्द समझदारी दिखानी चाहिए'। इस पोस्ट में एक एआई-जनरेटेड तस्वीर भी साझा की गई, जिसमें ट्रंप को बंदूक पकड़े हुए दिखाया गया है और पीछे विस्फोट हो रहे हैं, साथ ही 'नो मोर मिस्टर नाइस गाय!' का संदेश लिखा गया है।

प्रदेश में सेवा विस्तार पर रोक के बीच इंजीनियर-इन-चीफ को एक्सटेंशन

सरकार ने 7 अप्रैल को सेवा विस्तार और पुनर्नियोजन पर लगाई थी रोक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में प्रशासनिक फैसलों की कड़ी के बीच एक ऐसा निर्णय सामने आया है, जिसने सरकारी व्यवस्था और नीति-निर्माण की दिशा पर नई बहस को जन्म दे दिया है। सेवा विस्तार और पुनर्नियोजन पर रोक के ताजा आदेशों के बाद भी एक वरिष्ठ अधिकारी को एक्सटेंशन दिए जाने से यह मामला चर्चा में आ गया है। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने 7 अप्रैल 2026 को सेवा विस्तार और पुनर्नियोजन पर रोक लगाने का निर्णय लिया था। बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ नरेंद्र पाल सिंह को 1 मई से 31 अक्तूबर 2026 तक छह माह का सेवा विस्तार प्रदान किया गया है। यह आदेश कार्मिक विभाग द्वारा जारी किया गया है और इसमें स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिसे जनहित से जोड़ा गया है।

आदेश में यह भी साफ किया गया है कि सेवा विस्तार की अवधि के दौरान संबंधित अधिकारी को वही वेतन मिलेगा जो वह पहले प्राप्त कर रहे थे और इस अवधि में किसी प्रकार की वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी जाएगी। यह शर्त वित्त विभाग के पूर्व निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप रखी गई है। विस्तार अवधि पूरी होने के बाद 31 अक्तूबर 2026 (दोपहर बाद) उन्हें सेवानिवृत्त माना जाएगा।

बता दें कि चीफ सेक्रेटरी ने बीते 7 अप्रैल को जब एक्सटेंशन और री-एम्प्लॉयमेंट नहीं देने के आदेश जारी किए थे, तो 'मोस्ट अर्जेंट' बताते हुए सभी विभागीय सचिवों को इन आदेशों का पालन करने को कहा गया था।

शिमला में भारी ओलावृष्टि, सेब को नुकसान

राजधानी में दिन में छाया अंधेरा, कुफरी में ओलावृष्टि से जमीन पर बनी 3 इंच मोटी परत

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला जिले के कई क्षेत्रों में 30 अप्रैल भारी ओलावृष्टि व तेज बारिश हुई। दोपहर बाद एक से दो बजे के बीच कुफरी व ठियोग के आसपास के क्षेत्रों में जमकर ओले गिरे। पौने तीन बजे शिमला में भी तेज बारिश के साथ हल्की ओलावृष्टि हुई। मौसम में बदलाव के बाद शिमला में दिन में ही अंधेरा सा छा गया। कुफरी में ओलावृष्टि की जमीन पर 3 इंच मोटी परत बिछ गई।

इससे सड़कों पर फिसलन बढ़ गई। ओला गिरने से सेब के साथ-साथ फूलगोभी और मटर की फसल तबाह हो गई है। बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में भारी



गिरावट आई है। मौसम विभाग के शिमला केंद्र ने शिमला, सोलन और सिरमौर जिला में तेज बारिश के साथ-साथ तूफान और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। चंबा, कांगड़ा और कुल्लू जिला के लिए येलो अलर्ट की चेतावनी दी गई है। शिमला के साथ-साथ मनाली और मंडी में भी मौसम खराब बना रहा।

अगले छह दिन तक जारी रहेगा बारिश का दौर

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले 6 दिन भी रुक-रुक कर बारिश जारी रहेगी। इस दौरान ओलावृष्टि के साथ साथ 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तूफान चलने का पूर्वानुमान है। खासकर तीन और चार मई को पूरे राज्य में तेज बारिश होने के आसार हैं। तीन मई को किन्नौर और लाहौल-स्पीति को छोड़कर अन्य सभी जिलों में तूफान व तेज बारिश का येलो अलर्ट दिया गया है।

अप्रैल माह में सामान्य से ज्यादा हुई बारिश

प्रदेश में अप्रैल माह के दौरान भी सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है। ढ्ढस्ष्ठ के मुताबिक- एक से 29 अप्रैल तक बिलासपुर जिला में सामान्य की तुलना में 198 फीसदी अधिक बारिश हुई। सोलन में 171 फीसदी, शिमला 72, सिरमौर 86, कांगड़ा 58, हमीरपुर 87, मंडी में 72 और ऊना जिला में नॉर्मल से 71 फीसदी अधिक बादल बरसे। चंबा, कुल्लू, लाहौल स्पीति और किन्नौर जिला में में सामान्य से कम बारिश हुई है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कार में लगी आग, 5 लोग जिंदा जले

एजेंसी, अलवर

अलवर के मौजपुर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर चलती कार में आग लग गई। हादसे में 5 लोग जिंदा जल गए। रेस्क्यू टीम को आग बुझाने के बाद अर्टिगा कार में से केवल हड्डियां मिलीं हैं। कार ड्राइवर आग लगते ही बाहर कूद गया था। उसे गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया है। कार सवार परिवार श्योपुर (मध्य प्रदेश) के चैनपुरा के रहने वाला था। परिवार मन्नत पूरी होने पर वैष्णो देवी दर्शन कर लौट रहा था। पुलिस को आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। एक्सीडेंट बुधवार रात 11 बजे हुआ।

जानकारी के अनुसार हादसे में चैनपुरा के रहने वाले संतोष, सास पार्वती और दो नाबालिगों की मौत हो गई। परिवार पार्वती की बीमारी ठीक होने पर मन्नत पूरी करने वैष्णो देवी गया था। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी में सभी की केवल हड्डियां मिलीं हैं, इन्हें अलग-अलग पोटलियों में रखा गया है। शवों की पहचान के लिए डीएनए सैंपल लिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

सीएनजी के कारण भड़की आग



अलवर की एएसपी प्रियंका रघुवंशी ने बताया कि रात करीब 11.15 बजे लक्ष्मणगढ़ पुलिस को कार में आग की जानकारी मिली थी। रात करीब 11.30 बजे फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई थी। आग बुझाने में करीब 15 मिनट का समय लगा। आशंका है कि सीएनजी के कारण आग तेजी से भड़की थी। इसलिए कार सवारों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला।

जल जीवन मिशन 2.0 के तहत हिमाचल प्रदेश को 261 करोड़ रुपए स्वीकृत

अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश को जल जीवन मिशन 2.0 के तहत भारत सरकार से 261 करोड़ रुपए की सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति में 258 करोड़ का मुख्य बजट और 3.16 करोड़ की टोकन मद शामिल है। यह राशि प्रदेश में पेयजल सुविधाओं के विस्तार और सुधार के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिससे खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति को मजबूत किया जाएगा। इस वित्तीय सहयोग से प्रदेश में लंबित पड़ी योजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है। साथ ही, जिन परियोजनाओं में भुगतान अटका हुआ था, उनके लिए भी रास्ता साफ होगा। जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत सरकार का लक्ष्य हर घर तक सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल पहुंचाना है, और यह स्वीकृति उसी दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने इस उपलब्धि को केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के सहयोग से यह मंजूरी संभव हो पाई है, जिससे प्रदेश में विकास कार्यों को नई रफ्तार मिलेगी और आम जनता को सीधा लाभ पहुंचेगा।

ईरान अपनी परमाणु और मिसाइल क्षमताओं की करेगा रक्षा : खामेनेई

ईरान के सर्वोच्च नेता बोले-किसी हाल में न्यूक्लियर प्रोग्राम नहीं छोड़ेंगे

एजेंसी, तेहरान

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने वीरवार को कहा कि उनका देश अपनी परमाणु और मिसाइल क्षमताओं की रक्षा करेगा और उन्हें एक राष्ट्रीय संपत्ति मानता है। वह अपना न्यूक्लियर प्रोग्राम किसी भी हाल में नहीं छोड़ेंगे। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन मुद्दों पर किसी तरह का समझौता चाहते हैं। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, मोजतबा खामेनेई ने यह बयान एक लिखित संदेश में दिया।

◆अमेरिकी ठिकाने खुद सुरक्षित नहीं, वो दूसरों को क्या बचाएंगे

इसे ईरान के सरकारी टेलीविजन पर पढ़कर सुनाया गया। इनमें अत्यंत सूक्ष्म तकनीक जैव प्रौद्योगिकी से लेकर परमाणु और मिसाइल तकनीक तक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लोग इन सभी चीजों की वैसे ही रक्षा करेंगे जैसे वे अपने देश की जमीन, पानी और हवाई क्षेत्र की रक्षा करते हैं। मोजतबा खामेनेई ने कहा कि अमेरिका के सैन्य ठिकाने (बेस) इतने कमजोर हैं कि वे खुद की सुरक्षा भी ठीक से नहीं कर सकते। ऐसे में वे इस इलाके के दूसरे देशों को सुरक्षा देने का दावा कैसे कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

होर्मुज पर बना रहेगा ईरान का नियंत्रण

सर्वोच्च नेता ने यह भी कहा, अमेरिका की जगह केवल फारस की खाड़ी के 'पानी के नीचे' है। उन्होंने दावा किया, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण बना रहेगा। उन्होंने कहा कि फारस की खाड़ी क्षेत्र का भविष्य अमेरिका के बिना होगा और यह क्षेत्र अपने लोगों की प्रगति व समृद्धि के लिए काम करेगा। खामेनेई ने यह भी कहा, फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के आसपास रहने वाले देशों का साझा भविष्य है और हजारों किलोमीटर दूर से आने वाली विदेशी ताकतों के लिए यहां कोई जगह नहीं है।

केंद्र रेप विक्टिम के अबॉर्शन पर टाइम लिमिट हटाए : सुप्रीम कोर्ट

कहा- कानून में बदलाव करें, अभी 6 माह तक गर्भपात का नियम

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 15 साल की रेप विक्टिम को 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने केंद्र से कहा कि ऐसे मामलों में अबॉर्शन के लिए टाइम लिमिट से जुड़े कानून में बदलाव करना चाहिए।

सीजेआई ने कहा, 'कानून ऐसा होना चाहिए, जो समय के साथ बदलता रहे और मौजूदा हालात के अनुसार चले। नाबालिग को जबरन मां बनने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। ऐसे मामलों में फैसला पीड़ित का ही होना चाहिए।' सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को करीब सात महीने प्रेग्नेंट 15 साल की लड़की को अबॉर्शन की इजाजत दी थी। इसके खिलाफ एम्स ने याचिका लगाई थी, क्योंकि अभी भारत का कानून रेप मामलों में 24 हफ्ते तक की प्रेग्नेंसी में ही अबॉर्शन की इजाजत देता है। (अनंत ज्ञान)

नाबालिग शायद फिर कभी मां न बन पाए

15 साल की लड़की एक नाबालिग लड़के के साथ आपसी सहमति से संबंध के कारण प्रेग्नेंट हुई थी। नाबालिग की मां ने मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में तय समयसीमा से आगे जाकर बेटी के अबॉर्शन की इजाजत मांगी थी। लड़की ने भी कहा था कि वह प्रेग्नेंसी जारी नहीं रखना चाहती। एम्स ने कोर्ट से कहा था कि 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में भ्रूण एक जीव का आकार ले चुका होता है और इस स्टेज पर अबॉर्शन सफल नहीं हो सकता। डॉक्टरों ने यह भी कहा कि अबॉर्शन से नाबालिग मां को भी खतरा है। वह भविष्य में शायद फिर कभी मां नहीं बन पाएगी। एम्स की दलील पर कोर्ट ने कहा- आपका सारा ध्यान सिर्फ बच्चे (भ्रूण) पर है, उस मां पर नहीं जिसने इतना दर्द सहा है। यह चाइल्ड रेप का मामला है। पीड़ित को जिंदगीभर का दर्द और ट्रॉमा झेलना पड़ेगा। अब यह भ्रूण बनाम नाबालिग बच्ची की लड़ाई है।

उपलब्धि डीआरडीओ और इंडियन नेवी ने किया कमाल, समुद्री जहाज पर लगाया सटीक निशाना

हेलिकॉप्टर से पहली बार एक साथ दागीं 2 मिसाइलें

एजेंसी, नई दिल्ली

डीआरडीओ और नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में हेलिकॉप्टर से शॉर्ट रेंज नेवल एंटी-शिप मिसाइल को सफल लॉन्च किया। इस दौरान एक हेलिकॉप्टर से कुछ ही सेकेंड के अंतर पर दो मिसाइलें दागी गईं। दोनों ने समुद्री जहाज के निचले हिस्से पर सटीक निशाना लगाया। इसके जरिए भारत ने साल्वो लॉन्च क्षमता को परखा। यानी एक लॉन्चर से कम समय में ज्यादा मिसाइलें दागना। यह तकनीक दुश्मन के रडार सिस्टम को चकमा दे सकती है।

ओडिशा के चांदीपुर की टेस्ट रेंज में लगे रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम और टेलीमेट्री के जरिए मिसाइल की पूरी उड़ान और निशाने

को ट्रैक किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस मिसाइल के बनने से सेना की ताकत काफी बढ़ेगी। इससे पहले शनिवार को डीआरडीओ और नौसेना ने एक नए युद्धपोत प्रोजेक्ट के लिए

जहां जहाज का होता है बड़ा नुकसान, वहां किया हमला

मिसाइल ने समुद्री जहाज के उस हिस्से को निशाना बनाया, जहां हमला होने पर ज्यादा नुकसान होता है। मिसाइल में शुरुआत के लिए बूस्टर और आगे उड़ान बनाए रखने के लिए अलग सिस्टम लगा है। साथ ही टारगेट पहचानने, रास्ता तय करने और ऊंचाई बनाए रखने के लिए कई तकनीकें जोड़ी गई हैं। मिसाइल में ऐसा सिस्टम है, जिससे उड़ते वक्त भी उसे नई जानकारी दी जा सकती है। जरूरत पड़ने पर दिशा बदली जा सकती है। इस मिसाइल को डीआरडीओ की अलग-अलग लैब्स और भारतीय उद्योगों ने मिलकर तैयार किया है। अब इसका उत्पादन भी देश में ही किया जा रहा है।

◆जरूरत पड़ने पर हवा में ही बदला जा सकता है टारगेट

हाइड्रोडायनामिक परफॉर्मेंस और मॉडल टेस्टिंग पूरी की। यह काम नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजिकल लैबोरेटरी और नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने मिलकर किया। टेस्ट में जहाज की रफ्तार, पानी में उसका व्यवहार, इंजन से मिलने वाली ताकत और मोड़ने की क्षमता जैसे अहम पहलुओं को परखा गया। नतीजे अंतरराष्ट्रीय स्तर के बराबर पाए गए।

डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने इस प्रोजेक्ट के नतीजे नौसेना के अधिकारी संजय साधु को सौंपे। इस दौरान डीआरडीओ और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

शिमला ग्रीष्मोत्सव 2026 की तिथियों में बदलाव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। उपायुक्त शिमला एवं शिमला ग्रीष्मोत्सव समिति के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने जानकारी दी है कि आगामी पंचायतीराज चुनावों और प्रशासनिक व्यस्तताओं के कारण शिमला ग्रीष्मोत्सव 2026 की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार अब यह बहुप्रतीक्षित उत्सव 8 जून से 12 जून, 2026 तक आयोजित होगा। हर वर्ष बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और पर्यटकों को आकर्षित करने वाला यह उत्सव इस बार भी सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहेगा। उन्होंने बताया कि आयोजन को सुचारु एवं सफल बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से अपने दायित्व निभाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि ग्रीष्मोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पारंपरिक प्रस्तुतियों और अन्य गतिविधियों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिमला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का बेहतर प्रदर्शन हो सके और पर्यटकों को यादगार अनुभव प्राप्त हो।

◆ **अब 8 से 12 जून तक सजेगा समर फेस्टिवल**

आलू क्षेत्र की नई दिशा तय करेगा शिमला का सम्मेलन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला में स्थित केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में 1 मई को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है, जिसमें देशभर से किसान, वैज्ञानिक और उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधि एक मंच पर एकत्र होंगे। दोपहर 12 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम का विषय पोटैटो वैल्यू चेन को मजबूत करना' रखा गया है, जो आलू उत्पादन से लेकर विपणन तक की पूरी शृंखला को सुदृढ़ करने पर केंद्रित रहेगा। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि डॉ. मांगी लाल जाट होंगे, जो कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक के रूप में भी कार्यरत हैं। उनके नेतृत्व में इस आयोजन से कृषि क्षेत्र में नई दिशा और ठोस नीति सुझाव निकलने की उम्मीद जताई जा रही है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आलू सेक्टर से जुड़े सभी प्रमुख हितधारकों जैसे किसान, वैज्ञानिक, उद्योगपति, एक्सटेंशन अधिकारी, उपभोक्ता, मीडिया और नीति निर्माता को एक साझा मंच प्रदान करना है। यहां न केवल अनुभवों और ज्ञान का आदान-प्रदान होगा, बल्कि क्षेत्र की चुनौतियों पर खुलकर चर्चा कर उनके समाधान के लिए सामूहिक रणनीति भी तैयार की जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के संवाद से आलू उत्पादन, भंडारण, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग के क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी और किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ पूरे सेक्टर को मजबूती मिलेगी। यह सम्मेलन आने वाले समय में आलू उद्योग के लिए दिशा तय करने वाला साबित हो सकता है।

◆ **1 मई को जुटेंगे देशभर के किसान-वैज्ञानिक**

तृप्ता ठाकुर को हिमाचल महिला कांग्रेस की कमान

अनंत ज्ञान, शिमला। प्रदेश की राजनीति में महिला कांग्रेस को लेकर लंबे समय से चल रही प्रतीक्षा आखिरकार समाप्त हो गई है। करीब डेढ़ वर्ष के अंतराल के बाद संगठन को नया नेतृत्व मिला है, जिससे प्रदेश की सियासी हलचल एक बार फिर तेज हो गई है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी ने तृप्ता ठाकुर को हिमाचल महिला कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर एक स्पष्ट संदेश दिया है कि संगठन को अब नए जोश और सक्रियता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। तृप्ता ठाकुर, जो बिलासपुर जिले के सदर तहसील के गांव बरोग से संबंध रखती हैं, लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। उनके अनुभव, संगठनात्मक पकड़ और जमीनी जुड़ाव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है, जिससे प्रदेश महिला कांग्रेस को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। गौरतलब है कि नवंबर 2024 में कांग्रेस की सभी कार्यकारिणी भंग कर दी गई थीं, जिसके बाद से संगठन बिना स्थायी नेतृत्व के चल रहा था। अब कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ ही कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया भी जल्द तेज होने की संभावना है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह फैसला आगामी समय में संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने में अहम भूमिका होगी।

◆ **संगठन में अनुभव और सक्रियता पर जताया भरोसा**

पंचायत चुनाव : जिला शिमला में पांच लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

तीन चरणों 26, 28 और 30 मई को मतदान, जिला शिमला में 2405 मतदान केंद्र स्थापित

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला शिमला में यह चुनाव तीन चरणों में संपन्न होंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 26 मई, 28 मई और 30 मई को मतदान कराया जाएगा, जबकि पंचायत समिति और जिला परिषद के लिए मतगणना 31 मई को निर्धारित की गई है। नामांकन प्रक्रिया 7, 8 और 11 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी, 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 14 व 15 मई को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

जिला शिमला में इस बार कुल 441 प्रधान और 441 उपप्रधान पदों के लिए चुनाव होंगे। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत वार्ड सदस्यों के 2405 पद, पंचायत समिति के 211 पद तथा जिला परिषद के 25 पदों के लिए भी मतदान होगा। प्रशासन ने सभी विकास खंडों में चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं।

मतदाताओं की संख्या की बात करें तो जिला शिमला में कुल 5,05,335 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 2,56,870 पुरुष और 2,48,465 महिला मतदाता शामिल हैं। विकास खंडवार आंकड़ों में ठियोग सबसे आगे है, जहां 67,566 मतदाता हैं। इसके बाद रामपुर में 51,315, रोहड़ू में 46,027 और चौपाल में 54,085 मतदाता दर्ज किए गए हैं। कोटखाई विकास खंड में 30,490, नारकंडा में 37,857 और बसंतपुर में 31,364 मतदाता हैं। इसके अलावा ठियोग, ठियोग के साथ जुड़े क्षेत्र, जुब्बल में 30,314, कुपवी में 15,983, मशोबरा में 39,009, ठियोग के अतिरिक्त क्षेत्र ठियोग-रोहड़ू बेल्ट में भी बड़ी संख्या में मतदाता शामिल हैं। ठियोग और ठियोग उपक्षेत्रों के साथ-साथ ठियोग क्षेत्र का ग्रामीण आधार इस बार चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके अलावा ठियोग के समीपवर्ती क्षेत्रों के साथ कोटखाई, नारकंडा, रामपुर और रोहड़ू जैसे बड़े विकास खंडों में भी मतदान को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। ठियोग, ठियोग, नारकंडा और कोटखाई क्षेत्र में महिला मतदाताओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय है, जो कुल मतदाताओं में लगभग आधी हिस्सेदारी रखती हैं।

चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला शिमला में कुल 2405 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक विकास खंड में मतगणना केंद्र और स्ट्रांग रूम भी निर्धारित किए गए हैं, जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। तीन चरणों में विभाजित इन चुनावों में पहले चरण में 150 ग्राम पंचायतें, दूसरे चरण में 150 और तीसरे चरण में 141 ग्राम पंचायतों में मतदान कराया जाएगा।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील

प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं और शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान करें। किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय शिमला में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस बार के पंचायत चुनावों को लेकर कोटखाई, नारकंडा, रामपुर, रोहड़ू सहित पूरे जिले में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है और उम्मीद है कि मतदान प्रतिशत भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचेगा।

विहिप ने की मंदिरों का संचालन हिंदू समाज को सौंपने की पैरवी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जहां अन्य धार्मिक समुदायों को अपने पूजा स्थलों और संस्थाओं को स्वतंत्र रूप से संचालित करने का अधिकार है, लेकिन हिंदू मंदिरों के मामले में सरकारी नियंत्रण बना हुआ है, जो समानता के सिद्धांत के विपरीत है।

उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में 37 प्रमुख मंदिरों का संचालन सरकार के अधीन है, जो हिमाचल प्रदेश हिंदू सार्वजनिक धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम 1984 के तहत नियंत्रित किए जाते हैं। इस व्यवस्था में एक आयुक्त मंदिरों के कार्यों की निगरानी करता है और न्यासियों की नियुक्ति भी सरकार द्वारा की जाती है, जिससे धार्मिक संस्थानों की स्वायत्तता प्रभावित होती है।

◆ **सरकारी हस्तक्षेप पर उठाए सवाल, धार्मिक स्वायत्तता की मांग उठाई**

◆ **करोड़ों की आय वाले मंदिरों के प्रबंधन को लेकर किया सीधा सवाल**

मिलिंद परांडे ने कहा कि इन मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा हर वर्ष लगभग 200 करोड़ रुपए से अधिक का चढ़ावा दिया जाता है, जो मंदिर विकास, लंगर और सेवा कार्यों के लिए होता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में इन मंदिरों की आय 200.59 करोड़ रुपए रही, जबकि 346.26 करोड़ रुपए सावधि जमा खातों में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा इन निधियों के उपयोग को लेकर कई बार विवाद सामने आए हैं, जिस पर न्यायालय को भी हस्तक्षेप करना पड़ा।

धार्मिक परंपराओं का हो निर्वहन

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि इन बड़े मंदिरों का संचालन भी हिंदू समाज को सौंपा जाए, ताकि धार्मिक परंपराओं और आस्था के अनुरूप निर्णय लिए जा सकें।

एसएफएसएल जुन्गा में एनएबीएल मूल्यांकन

फॉरेंसिक ढांचे को मिला नया भरोसा, दो दिवसीय मूल्यांकन में गुणवत्ता व दक्षता की गहन पड़ताल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला की जुन्गा पहाड़ियों में स्थित राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड की टीम ने दो दिवसीय व्यापक मूल्यांकन कर गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता और विशेषज्ञों की क्षमता का गहन आकलन किया। विशेषज्ञों के इस दल ने प्रयोगशाला की कार्यप्रणाली, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली और वैज्ञानिक प्रक्रियाओं की बारीकी से जांच की, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाली फॉरेंसिक रिपोर्टों की सटीकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके।

प्रयोगशाला की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करते विशेषज्ञ। अनंत ज्ञान

मूल्यांकन के दौरान यह भी सामने आया कि हिमाचल प्रदेश की यह प्रयोगशाला वर्ष 2018 से मान्यता प्राप्त है और वर्तमान में दस विशेषीकृत शाखाओं में कार्य कर रही है। इनमें जीव विज्ञान एवं सीरोलॉजी, रसायन एवं विष विज्ञान, डीएनए, दस्तावेज एवं फोटोग्राफी, डिजिटल फॉरेंसिक, एनडीपीएस, भौतिकी एवं बैलिस्टिक, वॉइस विश्लेषण, फॉरेंसिक मनोविज्ञान तथा राज्य फिंगर प्रिंट ब्यूरो शामिल हैं। विशेष उपलब्धि के रूप में वर्ष 2024 में राज्य फिंगर प्रिंट ब्यूरो को भी मान्यता प्राप्त हुई, जिससे यह देश का पहला मान्यता प्राप्त फिंगर प्रिंट ब्यूरो बन गया।

◆ **राज्य फिंगर प्रिंट ब्यूरो को मिली राष्ट्रीय मान्यता**

अधिकारियों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप यह मूल्यांकन न्याय व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगा, क्योंकि मान्यता प्राप्त रिपोर्टों को अदालतों में अधिक महत्व मिलता है और उनकी प्रमाणिकता पर भरोसा बढ़ता है। फॉरेंसिक सेवाओं की निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन ने कहा कि देशभर में प्रयोगशालाएं अब वैश्विक मानकों को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं, ऐसे में तकनीकी दक्षता और गुणवत्ता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यह पहल हिमाचल प्रदेश में वैज्ञानिक जांच व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगी और अपराध मामलों में सटीक निर्णय लेने में सहायक सिद्ध होगी।

चार्ली विला से शिमला क्लब सड़क पर 5 मई तक होगा टारिंग कार्य

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा ने जानकारी दी है कि चार्ली विला से शिमला क्लब तक सड़क पर टारिंग कार्य के लिए अस्थायी अनुमति प्रदान की गई है। यह कार्य छोटा शिमला से विलीज पार्क तक चल रहे यूटिलिटी डक्ट निर्माण के अंतर्गत किया जा रहा है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह कार्य 30 अप्रैल से 5 मई तक प्रतिदिन प्रात: 11:00 बजे से सायं 4:30 बजे तक तथा रात्रि 7:00 बजे से अगले दिन प्रात: 8:00 बजे तक किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस दौरान पर्यावरण एवं प्रदूषण से जुड़े सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा, विशेषकर अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और रिहायशी क्षेत्रों के समीप ध्वनि स्तर नियंत्रित रखा जाएगा।

प्रशासन ने यह भी कहा है कि आम जनजीवन प्रभावित न हो, इसके लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। पैदल यात्रियों, एंबुलेंस और अग्निशमन वाहनों के लिए मार्ग हर स्थिति में खुला रहेगा। यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए ट्रैफिक मार्शल तैनात किए जाएंगे तथा आवश्यक संकेतक और बैरिकेड लगाए जाएंगे, साथ ही जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाया जाएगा।

◆ **यातायात रहेगा नियंत्रित निर्धारित समय में ही होगा कार्य, आपात सेवाओं के लिए मार्ग रहेगा खुला**

कार्य के दौरान सड़क पर मलबा या निर्माण सामग्री नहीं छोड़ी जाएगी और यातायात को सुचारु बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्य शुरू करने से पहले पुलिस विभाग को सूचित करना अनिवार्य होगा और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत संबंधित प्राधिकरण को जानकारी दी जाएगी।

बेटी है अनमोल योजना ठप, 3 साल से छात्राओं को नहीं मिली सहायता : तोमर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर ने 'बेटी है अनमोल' योजना के तहत पिछले तीन वर्षों से छात्राओं को आर्थिक सहायता न मिलने के मुद्दे पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए इसे गरीब परिवारों की बेटियों के भविष्य के साथ अन्याय बताया है।

उन्होंने शिमला से जारी बयान में कहा कि यह योजना बीपीएल परिवारों की बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, लेकिन वर्तमान सरकार के कार्यकाल में यह पूरी तरह ठप हो गई है। तोमर के अनुसार प्रदेशभर में हजारों छात्राएं इस योजना की लाभार्थी हैं, जिन्हें लंबे समय से छात्रवृत्ति नहीं मिल रही, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

◆ **बीपीएल परिवारों की बेटियों के भविष्य पर असर, सरकार पर उठाए गंभीर सवाल**

◆ **छात्रवृत्ति न मिलने से शिक्षा प्रभावित योजना के प्रभावी क्रियान्वयन व लंबित राशि जारी करने की मांग**

तोमर ने आरोप लगाया कि सरकार केवल घोषणाओं और योजनाओं के नाम बदलने तक सीमित रह गई है, जबकि जमीनी स्तर पर लाभार्थियों तक सहायता नहीं पहुंच रही। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा बजट की मांग भेजे जाने के बावजूद स्वीकृति न मिलना सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने मांग की कि लंबित छात्रवृत्ति तुरंत जारी की जाए और योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, अन्यथा भाजपा इस मुद्दे को व्यापक स्तर पर उठाकर जन आंदोलन खड़ा करेगी।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में विदाई समारोह, दो कर्मचारियों का सम्मान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। सूचना एवं जन सम्पर्क निदेशालय में अधीक्षक ग्रेड-1 बलवीर सिंह और कंप्यूटर ऑपरेटर हरीश चंद्र शर्मा की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। बलवीर सिंह ने 19 जनवरी 1987 को क्लर्क के पद से अपनी सेवा शुरू की थी और लगभग 39 वर्षों तक ईमानदारी, अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठा के साथ विभाग में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने विभिन्न शाखाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने कार्य व्यवहार व पेशेवर दक्षता से विभाग के मूल्यवान सदस्य बने रहे।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों बलवीर सिंह और हरीश चंद्र शर्मा को सम्मानित करते अधिकारी व कर्मचारी। अनंत ज्ञान

वहीं, हरीश चंद्र शर्मा ने 13 अप्रैल 2006 को कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में सेवाएं शुरू कीं और करीब 20 वर्षों तक निष्ठा, तत्परता व धैर्य के साथ अपने दायित्व निभाए। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक अजय पाराशर सहित अन्य अधिकारियों ने दोनों कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद और शांतिपूर्ण जीवन की कामना की तथा उनके समर्पण को अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक बताया।

◆ **बलवीर सिंह की सेवाओं को सराहा और हरीश चंद्र के समर्पण की हुई प्रशंसा**

30 फीसदी तक पार्किंग महंगी, 10 फीसदी कूड़ा शुल्क बढ़ा : संदीपनी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला में पार्किंग शुल्क और कूड़ा शुल्क में बढ़ोतरी को लेकर सियासत गरमा गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कांग्रेस सरकार और नगर निगम पर तीखा हमला बोलते हुए इसे आम जनता पर 'दोहरी मार' करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला सीधे तौर पर लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डालने वाला है और सरकार महंगाई से जूझ रही जनता को राहत देने में नाकाम रही है।

संदीपनी भारद्वाज ने आंकड़ों के जरिए बढ़ोतरी को रेखांकित करते हुए बताया कि 0 से 2 घंटे की पार्किंग फीस 15 से बढ़ाकर 25 और 2 से 4 घंटे की फीस 30 से 50 कर दी गई है। वहीं 12 से 24 घंटे की पार्किंग दर 170 से बढ़कर 260 हो गई है, जो करीब 50 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही कूड़ा शुल्क में भी 10 प्रतिशत बढ़ोतरी कर दी गई है, जिसके तहत घरेलू उपभोक्ताओं से 156 प्रतिमाह और दुकानों, होटलों व अन्य संस्थानों से 428 से 1074 तक मासिक शुल्क वसूला जा रहा है।

◆ **15 से 25 और 170 से 260 तक पहुंचीं दरें, महंगाई के बीच बढ़ा बोझ**

◆ **वसूली मॉडल का आरोप, निर्णय वापस लेने की मांग के साथ आंदोलन की चेतावनी**

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक ओर महंगाई कम करने के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर पानी, बिजली, सीमेंट के बाद अब पार्किंग और कूड़ा शुल्क भी बढ़ाकर जनता की कमर तोड़ रही है। उन्होंने इसे 'विकास नहीं, वसूली मॉडल' करार देते हुए कहा कि रहायशी क्षेत्रों में पार्किंग आवंटन प्रक्रिया में बदलाव से भी लोगों को अतिरिक्त परेशानी होगी। भाजपा ने इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर फैसला वापस नहीं लिया गया तो पार्टी जनता के साथ मिलकर सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी।

विरोध महिलाओं और कर्मचारियों का उग्र विरोध, महिला संगठनों का आईजीएमसी परिसर में प्रदर्शन

केएनएच से गायनी सेवाएं शिफ्ट करने के फैसले पर बवाल

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। राजधानी शिमला में कमला नेहरू अस्पताल से गायनी ओपीडी, वार्ड और अन्य विभागों को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित करने के फैसले के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। महिला संगठनों के साथ-साथ अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी भी इस निर्णय के विरोध में खुलकर सामने आ गए हैं। इस मुद्दे ने अब स्वास्थ्य सेवाओं और महिलाओं की सुविधा को लेकर बड़ा जनविषय का रूप ले लिया है।

◆ **सरकार के फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग तेज**

◆ **केएनएच के डॉक्टर व कर्मचारी भी विरोध में उतरे**

विरोध में प्रदर्शन करते महिला संगठन व कर्मचारी। अनंत ज्ञान

महिला संगठनों ने वीरवार को आईजीएमसी परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। जनवादी महिला समिति और शिमला नागरिक सभा सहित कई संगठनों ने एकजुट होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार एक ही छत के नीचे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की बात करती है, लेकिन इस कदम से महिलाओं को राहत के बजाय और अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

प्रदर्शन के दौरान जनवादी महिला समिति की सचिव फालमा चौहान और अध्यक्ष रंजना जरेट ने सरकार के दावों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गायनी विभाग, ओपीडी और वार्ड को अलग-अलग स्थानों पर स्थानांतरित करने से महिलाओं की परेशानियां बढ़ेंगी। विशेष रूप से दूरदराज क्षेत्रों से आने वाली मरीजों को इलाज के लिए दो अस्पतालों के बीच बार-बार आवाजाही करनी पड़ेगी, जिससे समय और संसाधनों दोनों की बर्बादी होगी।

फैसला वापस ना लिया तो आंदोलन होगा और तेज

इस फैसले के खिलाफ केएनएच के डॉक्टर और कर्मचारी भी विरोध जता चुके हैं। कर्मचारी काले बिल्ले लगाकर अस्पताल में सरकार के निर्णय का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि नेहरू अस्पताल में ही सभी आधुनिक सुविधाएं, जैसे रोबोटिक सर्जरी सहित उन्नत चिकित्सा व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, ताकि महिलाओं को एक ही स्थान पर बेहतर इलाज मिल सके। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

सिया गुलेरिया हत्याकांड : एसएफआई ने परिवार को दी आर्थिक सहायता

न्याय की उठाई मांग, सरकार दे 10 लाख मुआवजा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। सरकाघाट में 13 अप्रैल 2026 को छात्रा सिया गुलेरिया की निर्मम हत्या के बाद छात्रों के संगठन एसएफआई ने पीड़ित परिवार के साथ एकजुटता दिखाते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की है। राज्य कमेटी के नेतृत्व में पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सिया के घर पहुंचा और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। संगठन ने इस घटना को अत्यंत दुखद और निंदनीय बताते हुए कहा कि समाज में इस प्रकार की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं और इन्हें रोकने के लिए ठोस कदम जरूरी हैं।

आर्थिक सहायता प्रदान करते एसएफआई पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

एसएफआई ने शिमला से जारी बयान में बताया कि सिया संगठन की सक्रिय कार्यकर्ता और सरकाघाट इकाई की उपाध्यक्ष थी, जो छात्र हितों के लिए लगातार संघर्ष करती रही। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए राज्य कमेटी ने पूरे हिमाचल प्रदेश में आर्थिक सहयोग की अपील की थी, जिसके तहत अब सहायता राशि परिवार को सौंपी गई है। संगठन ने यह भी घोषणा की कि भविष्य में सिया की स्मृति में उसके घर तक जाने वाले मार्ग पर स्मारक स्थापित किया जाएगा तथा सरकाघाट महाविद्यालय के पुस्तकालय का नाम सिया गुलेरिया के नाम पर रखने की मांग कॉलेज प्रशासन से की जाएगी।

इस दौरान एसएफआई ने राज्य सरकार से मांग की कि सिया के परिवार को शीघ्र 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए, आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा प्रदेश में बढ़ते नशे के प्रकोप पर सख्त नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। संगठन ने स्पष्ट किया कि जब तक सिया को न्याय नहीं मिलता, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा और पूरे प्रदेश में नशे के खिलाफ भी व्यापक अभियान चलाया जाएगा।

राज्यपाल ने कृषि शोध को किसानों तक पहुंचाने पर दिया जोर

पालमपुर कृषि विवि के दीक्षांत समारोह में युवा वैज्ञानिकों को दिया किसान कल्याण का संदेश

अनंत ज्ञान

टीम, शिमला/धर्मशाला। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने युवा वैज्ञानिकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे शोध के क्षेत्र में अर्जित नई उपलब्धियों का उपयोग किसानों की आर्थिकी में बढ़ोतरी की दिशा में करें। वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इससे न केवल किसान आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि कृषि उत्पादकता और देश की समग्र अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। राज्यपाल ने लोक भवन से वर्चुअल माध्यम से पालमपुर स्थित चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। राज्यपाल ने उपाधि हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों और स्वर्ण पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह विद्यार्थी जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, यहां से वे अपनी औपचारिक शिक्षा पूरी कर एक नए चरण में प्रवेश करते हैं तथा अपने ज्ञान को व्यवहारिक रूप में उपयोग में लाते हैं।

उन्होंने इसे आत्मावलोकन का अवसर बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को समाज, राज्य और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। विश्वविद्यालय की समृद्ध विरासत का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने देश और विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों और छात्रों ने अपनी उपलब्धियों के माध्यम से इसकी उत्कृष्टता को कायम रखा है।

राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की लगभग 90 प्रतिशत ग्रामीण आबादी कृषि और इससे संबंधित गतिविधियों पर निर्भर है, जबकि लगभग 62 प्रतिशत कार्यबल इस क्षेत्र में कार्यरत है। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि और इससे जुड़े क्षेत्र राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 9.4 प्रतिशत का योगदान देते हैं, जो कृषि अनुसंधान और नवाचार के महत्व को दर्शाता है। विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ये इसकी अनुसंधान उत्कृष्टता, नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और दूरदर्शी नेतृत्व को प्रदर्शित करती हैं। इसके अतिरिक्त यह ग्रामीण विकास, सामाजिक उत्थान और राष्ट्र निर्माण के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती हैं।

राज्यपाल ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ज्ञान, शोध और नवाचार के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित करता रहेगा और राष्ट्रीय प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने वैज्ञानिकों से अनुसंधान को प्रयोगशालाओं से बाहर निकालकर किसानों के खेतों तक पहुंचाने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे किसान व्यापक रूप से लाभान्वित हो सकेंगे।

लोक भवन, शिमला से वर्चुअल माध्यम से पालमपुर कृषि विवि के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता। अनंत ज्ञान

पांवटा-वही मोड़ पर खाई में गिरी कार, 7 घायल, 4 नेरचौक रेफर

अस्पताल में उपचाराधीन घायल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। सरकाघाट-घुमारवीं सुपर हाईवे पर पांवटा के समीप स्थित तीखे और खतरनाक वही मोड़ पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया। एक कार (एचपी 74-6821) अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिससे उसमें सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे, तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और प्रशासन को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सिविल अस्पताल सरकाघाट पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि घायलों में रघुवीर सिंह (65), नीरू देवी (58), दीक्षा, निधि और अन्य को गंभीर चोटें आई हैं। इनमें से चार घायलों रघुवीर सिंह, नीरू देवी, दीक्षा और निधि की हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायल खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सभी घायल जिला हमीरपुर के भोरंज उपमंडल के धीरो गांव के निवासी हैं और बड़ी समाहल गांव में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

'एक अनार सौ बीमार' जिप के उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने में भाजपा-कांग्रेस एक जैसी स्थिति में

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। जिला परिषद के चुनाव के लिए इच्छुक उम्मीदवारों में अपने-अपने स्तर पर वैसे तो जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है, लेकिन भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के नेता उम्मीदवारों की ज्यादा संख्या को लेकर परेशानी में भी हैं। कई जगह तो 'एक अनार सौ बीमार' जैसी हालत है। भाजपा की सूची एक-दो दिनों में फाइनल होने वाली है। उसके सबसे ज्यादा जंगलरोपा जिला परिषद वार्ड से 6 नाम सामने आए थे, लेकिन अब देखना यही है कि मोहर किस पर लगती है।

जिला परिषद के लिए चमनेड वार्ड भाजपा के लिए सबसे सुखद है। यहां ज्यादा खींच-तान नहीं थी। केवल एक ही उम्मीदवार रोहित कुमार शर्मा के रूप में सामने आया था। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में जहां भाजपा के कई गुट हैं, और काफी ज्यादा लोग चुनाव लड़ने के इच्छुक थे, लेकिन अब क्योंकि फाइनल सूची जब तक सामने नहीं आती है। यहां की तस्वीर भी तब तक क्लियर नहीं हो सकती, लेकिन इतना जरूर है कि स्थानीय विधायक आशीष शर्मा के समर्थकों का ही यहां पर प्रभाव माना जा सकता है।

◆ **अंतिम मुहर के लिए भाजपा ने हाई कमान को भेजी है सूची**

उधर, कांग्रेस में अभी तक अंदरूनी तौर पर मंथन तो चल रहा है, लेकिन जिला परिषद के उम्मीदवारों की सूची जारी होगी या नहीं? इस पर अभी भी ऊहापोह बाली स्थिति बनी हुई है, क्योंकि पार्टी चिन्ह पर तो यह चुनाव हो नहीं रहे। इसलिए पार्टी के बड़े नेताओं ने उनकी सूची जारी करने से पहले ही मनाही कर रखी है।

अब देखना यही है की धर्मशाला में जिला अध्यक्षों के वर्कशॉप के बाद जब यह लोग अपने-अपने जिलों में लौटेंगे, तब हालात क्या बयान होंगे, इसकी इंतजार रहेगी।

वैसे पार्टी के भीतर चुनाव लड़ने की इच्छुक तो बहुत है और अपने-अपने स्तर पर ऐसे नेताओं ने जनसंपर्क अभियान भी शुरू कर रखा है अब अगले कुछ दिनों की इंतजार करनी पड़ेगी जब तक इसकी उम्मीदवारों की सूची फाइनल नहीं होती तब तक चुनावी दंगल की वास्तविकता अस्पष्ट ही रहेगी।

झंडूता पुलिस ने अवैध खनन करते तीन ट्रैक्टर पकड़े

अनंत ज्ञान, झंडूता। झंडूता उपमंडल में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन सामग्री ले जा रहे तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना झंडूता की टीम गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान तुगड़ी के पास पुलिस ने देखा कि सीर खड्ड से शेर चौक की ओर तीन ट्रैक्टर खनन सामग्री लेकर जा रहे थे। संदेह होने पर पुलिस ने वाहनों को रोककर जांच की, जिसमें आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों ट्रैक्टरों को मौके पर ही जब्त कर लिया। मामले में अवैध खनन को लेकर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल ने करते हुए कहा कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

युवा साथी विकसित भारत यात्रा के सारथी : अनुराग ठाकुर

बोले-विद्यार्थी जीवन में अनुशासन सफलता की कुंजी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, हमीरपुर। हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित सत्यवती कॉलेज के वार्षिकोत्सव समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिमाचल के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नाटी ने पूरे सभागार को उत्साह से भर दिया।

सत्यवती कॉलेज के वार्षिकोत्सव समारोह में दीप प्रज्वलित करते अनुराग ठाकुर। अनंत ज्ञान

अनुराग ने अपने संबोधन में कहा कि भारत वर्तमान समय में एक स्वर्णिम युग से गुजर रहा है और देश का युवा वर्ग उभरते भारत की स्वर्णिम पीढ़ी है। उन्होंने कहा कि आज भारत अवसरों और संसाधनों से परिपूर्ण नए युग में प्रवेश कर चुका है तथा युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे अपने कर्तव्यों को समझते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। युवाओं से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने ज्ञान, नेतृत्व क्षमता और संसाधनों को राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास कार्यों को नई गति मिली है और करोड़ों लोगों के भीतर भारत के परिवर्तन से जुड़ने की नई चेतना जागृत हुई है।

अनुराग ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन अत्यंत आवश्यक है और यही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। जब कोई व्यक्ति अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करता है तो अनुशासन ही उसे लक्ष्य तक पहुंचाने में सहायक बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यालय में बिताए समय का सदुपयोग करने तथा विकास के प्रत्येक अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास करने, संस्थान के मूल्यों को बनाए रखने तथा हर गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक प्रत्येक विद्यार्थी की प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर परिश्रम करते हैं और सभी को मिलकर अपने संस्थान को गौरव, ज्ञान एवं नवाचार का केंद्र बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

शिमला हवाई संपर्क पर हाईकोर्ट सख्त, केंद्र से मांगा जवाब

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला के हवाई संपर्क को लेकर प्रदेश में बढ़ती चिंताओं के बीच उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी करते हुए जवाब तलब किया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि किसी भी पर्वतीय राज्य के लिए हवाई संपर्क केवल सुविधा नहीं, बल्कि आवश्यकता और जिम्मेदारी का विषय है। खराब कनेक्टिविटी के कारण न केवल पर्यटकों को कठिनाई होती है, बल्कि केंद्रीय अधिकारियों के लिए भी शिमला पहुंचना चुनौतीपूर्ण बन जाता है, जिससे प्रशासनिक कार्यों पर असर पड़ता है।

मामले की सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही उड़ान योजना का प्रदेश में प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। शिमला जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर फिलहाल नियमित उड़ान सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं, जबकि अन्य हवाई अड्डों पर सीमित स्तर पर सेवाएं जारी हैं। अदालत ने इस असमानता को गंभीरता से लेते हुए इसे संभावित भेदभाव की दृष्टि से भी देखा है।

राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि सीमित वित्तीय संसाधनों के बावजूद उसने 5 अप्रैल 2026 को एलायंस एयर के साथ समझौता कर 32.64 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की थी, ताकि उड़ान सेवाएं पुनः शुरू हो सकें। बावजूद इसके, सेवाओं की निरंतरता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। वहीं, केंद्र की ओर से शिमला को संशोधित उड़ान विकास योजना में शामिल न किए जाने का मुद्दा भी उठाया गया, जिससे राज्य की चिंता और बढ़ गई है।

अदालत ने साफ किया है कि यह मामला केवल एक शहर तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश की कनेक्टिविटी और विकास से जुड़ा है। पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर हवाई संपर्क अनिवार्य है। ऐसे में अदालत की सख्ती से अब केंद्र और राज्य दोनों के स्तर पर ठोस समाधान निकलने की उम्मीद जताई जा रही है। अगली सुनवाई 6 मई को निर्धारित की गई है।

हिमाचल में अनोखा परिणय

66 साल के सोम देव को मिला 35 वर्षीय दुल्हन का सहारा

अनंत ज्ञान, कमलेश वर्मा, कुल्लू। जिले के बंजार क्षेत्र के थरिंबला गांव में 66 वर्षीय सोम देव ने 35 वर्षीय युवती से विवाह कर सामाजिक धारणाओं को पीछे छोड़ते हुए नई जीवन पारी शुरू की है। यह विवाह करीब एक माह पहले सादगी से हुआ था, लेकिन हाल ही में 'शादी की धाम' के दौरान का वीडियो वायरल होने के बाद यह चर्चा में आ गया। वायरल वीडियो में नवविवाहित जोड़ा पारंपरिक कुल्लवी नाटी करते हुए नजर आ रहा है, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

बंजार के सोमदेव व उनकी पत्नी।

बातचीत के दौरान सोम देव ने गर्व से अपने रिश्ते को स्वीकार किया, वहीं दुल्हन ने भी जीवनभर साथ निभाने की बात कही।

सोम देव ने बताया कि माता-पिता के निधन के बाद वे अकेले रह गए थे और जीवन के इस पड़ाव पर सहारे की जरूरत महसूस हुई। ऐसे में उन्होंने यह विवाह किया। सोशल मीडिया पर इस जोड़े को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कई लोगों ने जहां इसे साहसिक कदम बताया, वहीं कई ने जोड़े को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी हैं।

महिलाओं के भेष में आए चोरों ने दुकान से उड़ाए 35 हजार रुपए

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला के न्यू शिमला क्षेत्र में चोरी का एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां दो युवक महिलाओं का भेष बनाकर दुकान में घुसे और करीब 35 हजार रुपए चुरा ले गए। बीसीएस स्थित एक बॉटल स्टोर का शटर तोड़कर तड़के वारदात को अंजाम दिया गया। सुबह दुकान खोलने पर मालिक को चोरी का पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सीसीटीवी फुटेज में सामने आया कि दोनों आरोपी चेहरे ढककर महिलाओं के कपड़ों में आए थे और सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्रारंभिक जांच में नशे के आदी युवाओं की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने शहर में रात्रि गश्त बढ़ा दी है और जल्द आरोपियों को पकड़ने का दावा किया है।

हवा में चल रही सुक्खू सरकार धरातल पर विकास शून्य : जयराम

अनंत ज्ञान

अनिल शर्मा, मंडी। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कार्यशैली पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार केवल मंचों से बड़ी-बड़ी बातें कर रही है, जबकि धरातल पर विकास कार्य ठप पड़े हैं। कांगड़ा के ढगवार में निर्माणाधीन 225 करोड़ रुपए के मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट के निरीक्षण का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे प्रशासनिक विफलता और सरकार के भीतर समन्वय की कमी का उदाहरण बताया।

सराज में भाजपा कार्यकर्ता के घर शोक प्रकट करने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष। अनंत ज्ञान

उन्होंने सवाल उठाया कि फरवरी 2026 तक पूरे होने वाले प्रोजेक्ट की खामियां मुख्यमंत्री को अप्रैल में क्यों नजर आईं। उन्होंने आरोप लगाया कि या तो प्रोजेक्ट की निगरानी नहीं हुई या फिर सरकार पूरी तरह निष्क्रिय रही। ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 'ऑटोमैटिक' प्लांट के निर्देश और 'मैनुअल' तकनीक लगने की बात यह दर्शाती है कि सरकार के भीतर निर्देशों का पालन नहीं हो रहा। उन्होंने इसे केवल राजनीतिक दिखावा बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर अधिकारियों को फटकारना वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटकाने का प्रयास है।

उन्होंने यह भी कहा कि 225 करोड़ रुपये की परियोजना में तकनीकी बदलाव और देरी प्रदेश के हितों के साथ खिलवाड़ है, जिससे लागत बढ़ने का खतरा है। वहीं, पालमपुर स्थित चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय की जमीन हस्तांतरण मामले में सुप्रीम कोर्ट के रुख पर ठाकुर ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जनभावना और नियमों के खिलाफ लिए गए फैसले टिक नहीं सकते।

भरोसा | सीबीएसई स्कूलों में जल्द शुरू होगी तैनाती, 155 स्कूलों में भरे जाएंगे पद

हिमाचल में 5623 शिक्षकों की नियुक्ति जल्द

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश के सीबीएसई संबद्ध सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की बहुप्रतीक्षित भर्ती अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। राज्य शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित होने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और जल्द ही इसे सार्वजनिक किया जाएगा। परिणाम जारी होते ही 5623 सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया मई माह में शुरू होने जा रही है, जिससे प्रदेश के 155 स्कूलों में लंबे समय से खाली पड़े पद भर सकेंगे।

◆ **मेरिट के आधार पर मिलेगा स्कूल का चयन**

◆ **परिणाम घोषित होते ही मई में शुरू होगी नियुक्ति प्रक्रिया**

◆ **चुनाव आचार संहिता के बीच आयोग से लेनी होगी अनुमति**

भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट आधारित होगी, जिसमें अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अपनी पसंद के स्कूल चुनने का पहला अवसर मिलेगा। इसके बाद क्रमवार अन्य अभ्यर्थियों से विकल्प लिए जाएंगे। यदि किसी विद्यालय के लिए अधिक आवेदन आते हैं तो उच्च मेरिट वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी का विस्तृत डाटा तैयार किया जा रहा है, जिसमें अंक, श्रेणी, दस्तावेज और पोस्टिंग वरीयताएं शामिल होंगी।

शिक्षा विभाग के अनुसार परिणाम घोषित होने के बाद दस्तावेज सत्यापन और काउंसलिंग प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। विषयवार मेरिट सूची तैयार कर नियुक्तियां दी जाएंगी ताकि सभी स्कूलों में संतुलित और योग्य स्टाफ सुनिश्चित किया जा सके। पहले प्रिंसिपलों की नियुक्ति की जाएगी और उसके बाद अन्य विषयों के शिक्षकों को तैनात किया जाएगा, जिससे शैक्षणिक व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू हो सके।

चुनावी आचार संहिता लागू होने के कारण नियुक्तियों से पहले चुनाव आयोग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। विभाग इस दिशा में भी सक्रिय रूप से काम कर रहा है ताकि प्रक्रिया में कोई अनावश्यक देरी न हो और तय समय के भीतर नियुक्तियां पूरी की जा सकें।

हाईकोर्ट से राहत के बाद खुला रास्ता

भर्ती प्रक्रिया पहले कानूनी अड़चनों में फंसी हुई थी, लेकिन हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट से राहत मिलने के बाद अब रास्ता साफ हो गया है। अदालत ने परीक्षा परिणाम घोषित करने की अनुमति दे दी है, जिसके बाद बोर्ड ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर परिणाम शिक्षा विभाग को भेज दिया है। इससे लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है।

बड़े स्तर पर होंगे तबादले

5623 नए शिक्षकों की नियुक्ति के साथ ही प्रदेश में बड़े पैमाने पर तबादले भी किए जाएंगे। नए स्टाफ को समायोजित करने के लिए वर्तमान शिक्षकों में फेरबदल होगा, जिससे सभी स्कूलों में संतुलित संख्या में शिक्षक उपलब्ध हो सकें।

सचिवालय कर्मचारी संघ में घमासान अध्यक्ष ने लगाए गंभीर आरोप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश सचिवालय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ में आंतरिक विवाद खुलकर सामने आ गया है। संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को प्रार्थना पत्र भेजकर महासचिव, प्रेस सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

◆ **पदाधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप, निष्पक्ष जांच की उठाई मांग**

अध्यक्ष का कहना है कि उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से चुने जाने के बावजूद उनके अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। बिना उनकी सहमति के निर्णय लिए जा रहे हैं और उन्हें संगठन के कार्यों से अलग रखा जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें आधिकारिक लेटरहेड तक उपलब्ध नहीं कराया गया, जबकि कुछ लोग फर्जी लेटरहेड का उपयोग कर उनकी छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा प्रेस सचिव द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस को उन्होंने अनुचित बताया है।

संदीप सिंह ने हालिया कार्यक्रम में सार्वजनिक रूप से नजरअंदाज किए जाने का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उनके हस्ताक्षर के बिना जारी किसी भी पत्र को अमान्य घोषित किया जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

हिमाचल में 75 से कम स्टूडेंट्स वाले कॉलेजों पर गिरेगी गाज

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में उच्च शिक्षा व्यवस्था को नए सिरे से व्यवस्थित करने की दिशा में सरकार ने बड़ा संकेत दिया है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि नए शैक्षणिक सत्र से जिन महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या 75 से कम होगी, उनकी मौजूदा संरचना में बदलाव करते हुए उन्हें बंद किया जा सकता है। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप लिया जा रहा है, जिसमें संसाधनों के बेहतर उपयोग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। दाखिला प्रक्रिया पूरी होने के बाद वास्तविक स्थिति के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

◆ **उच्च शिक्षा ढांचे में बड़े बदलाव की फिर तैयारी शुरू**

इस फैसले का सबसे अधिक असर ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों के छोटे कॉलेजों पर पड़ने की आशंका है, जहां पहले से ही छात्र संख्या सीमित रहती है। शिक्षा विभाग का मानना है कि कम विद्यार्थियों वाले संस्थानों में शिक्षकों, आधारभूत ढांचे और शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने कहा कि ऐसे कॉलेजों के विद्यार्थियों को बड़े और संसाधनयुक्त संस्थानों में स्थानांतरित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि उन्हें बेहतर अवसर मिल सकें। नई व्यवस्था के तहत स्नातक पाठ्यक्रमों का ढांचा भी पूरी तरह बदलने जा रहा है। अधिक नामांकन वाले कॉलेजों में चार वर्षीय डिग्री कार्यक्रम संचालित होंगे, जबकि कम नामांकन वाले संस्थानों में तीन वर्षीय पाठ्यक्रम ही जारी रहेंगे। इसके साथ ही उच्च शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की दिशा में भी सरकार सक्रिय हो गई है। प्रदेश के लगभग 50 कॉलेजों में बीवॉक पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना बनाई गई है, जिससे छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ कौशल आधारित प्रशिक्षण भी मिल सकेगा।

शिक्षा विभाग ने साफ किया है कि अब उच्च शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे रोजगार उन्मुख बनाया जाएगा। पर्यटन, सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य क्षेत्रों से जुड़े व्यावसायिक कोर्स शुरू किए जाएंगे। साथ ही विदेशी भाषाएं, इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप, प्रोजेक्ट वर्क और सामुदायिक सहभागिता को पाठ्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाएगा। विभाग ने कॉलेजों को स्थानीय उद्योगों के साथ तालमेल बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि छात्र पढ़ाई के दौरान ही व्यावहारिक अनुभव हासिल कर सकें।

ब्वॉयज स्कूल धर्मशाला का दर्जा घटाने से बच्चे और अभिभावक परेशान

विधायक से मिले अभिभावक, बोले- ब्वॉयज स्कूल का दर्जा रखा जाए बहाल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला के सौ वष पुराने ब्वॉयज स्कूल को सीनियर सेकेंडरी से हाई करने पर बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी परेशान हैं। स्कूल का दर्जा घटाने पर नाराज अभिभावक लगातार अपना विरोध जता रहे हैं।

इसी कड़ी में वीरवार को बच्चों के अभिभावकों ने धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा से मुलाकात की और दर्जा घटाने की वजह से हो रही परेशानी बारे अवगत करवाया।

इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अभिभावकों ने बताया कि डीसी कांगड़ा के समस्या से अवगत करवाकर सरकार के समक्ष उठाने का आग्रह किया गया है। अभिभावकों ने प्रदेश सरकार से ब्वॉयज स्कूल को लिए गए निर्णय पर पुनर्विचार का आग्रह किया है।

◆ **डीसी से मिलकर सरकार के समक्ष समस्या उठाने का किया आग्रह**

अब तक 80 विद्यार्थी ले चुके हैं प्रवेश

अभिभावकों का कहना है कि अब तक 11वीं व 12वीं कक्षा में 80 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, जिनमें कई छात्र चंबा एवं अन्य जिलों से हैं। इस निर्णय से उनकी पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। खेल मैदान, शौचालय आदि बाहरी सुविधाओं के लिए 3 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई थी। नए साइंस ब्लॉक, आर्ट्स ब्लॉक का निर्माण किया गया है तथा लगभग 20 लाख रुपए की लागत से एक नया हॉल भी विकसित किया गया है। लगभग 75 लाख रुपए की लागत से 15 स्मार्ट कक्षाओं का निर्माण किया गया है। ऐसे स्कूल का दर्जा घटाने से इतना बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर व्यर्थ हो जाएगा।

पुनर्विचार करे सरकार, अन्यथा जाएंगे कोर्ट : सुधीर शर्मा

धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि ब्वॉयज स्कूल का दर्जा घटाने पर परेशान बच्चे व अभिभावक उनसे मिलने आए थे। सीबीएसई और हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम के साथ संतुलन होना चाहिए, लेकिन सरकार आधे-अधूरे फैसले ले रही है। एक स्कूल में अस्सी बच्चों ने पहले ही प्रवेश ले लिया था और अब वे कह रहे हैं कि फैसला बदल सकता है, फिर भी कोई नया छात्र नहीं आ रहा है। सरकार को इस पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है, अन्यथा हमें अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ सकता है।

सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर और बसों के डीजल की चोरी

अनंत ज्ञान, गगल। बीती रात करीब ढाई बजे एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई, जिसमें अज्ञात चोरों ने ट्रैक्टर और बस से डीजल चोरी करने का प्रयास किया। ट्रैक्टर मालिक भुवनेश कुमार ने बताया कि वह अपने घर में सो रहे थे, तभी बाहर सड़क पर स्कूटी की आवाज सुनकर बाहर निकले। उन्होंने देखा कि दो युवक स्कूटी खड़ी कर ट्रैक्टर से ड्रम की मदद से तेल निकाल रहे थे। शोर मचाने पर दोनों चोर भागने लगे। एक युवक स्कूटी लेकर फरार होने की कोशिश करने लगा, लेकिन भुवनेश कुमार ने उसे गिरा दिया, हालांकि वह भाग निकलने में सफल रहा। मौके पर स्कूटी और दो ड्रम छोड़ दिए गए, जिन्हें पुलिस के आने तक सुरक्षित रखा गया। सुबह मंजीत सिंह ने पाया कि उनके ट्रैक्टर की तेल पाइप काट दी गई थी, जबकि अर्जुन सिंह की बस से लगभग 150 लीटर डीजल चोरी हो चुका था। उन्होंने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। गगल पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से काले रंग की स्कूटी और ड्रम बरामद किए गए हैं तथा अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कह रही है।

विकास नहीं, वादाखिलाफी की सरकार चला रही कांग्रेस : परमार

बोले- जनता से सबसे बड़ा विश्वासघात किया, नहीं करेगी माफ

अनंत ज्ञान

डरोह। वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन सिंह परमार ने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश में जो हालात बने हुए हैं, वह कांग्रेस की नाकामी, झूठी गारंटियों और पूरी तरह विफल शासन का जीता-जागता प्रमाण हैं।

उन्होंने हाल ही में हुई बैठक और बयानों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा को जनता विरोधी बताने वाले पहले अपने गिरेबान में झांक लें, क्योंकि असलियत में जनता से सबसे बड़ा विश्वासघात कांग्रेस ने किया है।

परमार ने कहा कि राहुल गांधी के कांगड़ा आगमन का हम स्वागत करते हैं, लेकिन उनसे आग्रह है कि वे के वल मंचों से भाषण देने तक सीमित न रहें, बल्कि हिमाचल की जमीनी हकीकत को अपनी आंखों से देखें।



चुनाव से पहले जो बड़ी-बड़ी गारंटियां दी गई थीं, हर वर्ग को राहत, युवाओं को रोजगार, महिलाओं को आर्थिक सहायता, आज सब कागजों तक ही सीमित हैं। धरातल पर हालात बिल्कुल उलट हैं।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता आज भी जनता को सपनों का व्यापार बेचने में लगे हैं, जबकि प्रदेश की जनता अब जाग चुकी है। महंगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और विकास कार्यों की रफ्तार ठप होना, ये कांग्रेस सरकार की असली पहचान बन चुकी है। उन्होंने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर सच में प्रशिक्षण देना है तो पहले अपने ही नेताओं को दीजिए, खासकर मुख्यमंत्री को। उन्हें यह समझाने की जरूरत है कि प्रदेश को किस दिशा में ले जाना चाहिए था और वे उसे कहां ले आए हैं।

हिमाचल का बेड़ा गर्क कर दिया गया है और अब जिम्मेदारी से बचने के लिए भाजपा पर आरोप लगाए जा रहे हैं। हिमाचल की जनता सब देख रही है और सही समय पर सही निर्णय लेगी।

न्यूज ब्रीफ

ढाटी स्कूल में बताया स्वच्छता का महत्व

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। उपमंडल आयुष चिकित्सा अधिकारी पालमपुर डॉ. तनुजा नागपाल के निर्देशानुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर सालन एवं रोडा ढाटी की टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढाटी में जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। डॉ. अंकुश परशोग, डॉ. रविश वर्मा और आशीष मिश्रा ने लगभग 80 बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर परामर्श दिया। चलचित्र और जन-जागरुकता सामग्री के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अंजू शर्मा और विद्यालय स्टाफ को भी बच्चों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम आयुष विभाग द्वारा मासिक विद्यालय गोद योजना के अंतर्गत आयोजित किया जाता है।

पुलिस थाने में जमा करवाएं लाइसेंसी हथियार

अनंत ज्ञान, धर्मशाला/बैजनाथ। जिला दंडाधिकारी हेमराज बैरवा ने नगर निकाय चुनाव-2026 और पंचायतीराज चुनाव-2026 को देखते हुए कांगड़ा में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आदेश जारी किए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जिले में किसी भी व्यक्ति को, कानून प्रवर्तन एजेंसियों को छोड़कर, आग्नेयास्त्र या घातक हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया गया है। सभी लाइसेंसधारी शस्त्र धारकों को अपने हथियार नजदीकी पुलिस थाने या अधिकृत विक्रेता के पास जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू होगा।, वहीं बैजनाथ ने उपमंडलाधिकारी (ना.) बैजनाथ संकल्प गौतम ने भी उपमंडल बैजनाथ के नागरिकों से हथियारों को जमा करवाने की अपील की है।

बिक्रम ठाकुर बोले- प्रदेश में सुक्खू सरकार की उदासीनता चिंताजनक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। पूर्व उद्योग मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बिक्रम ठाकुर ने आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन लाने वाली योजना बताया। उन्होंने कहा कि 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई यह योजना आज दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना बन चुकी है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार की उदासीनता के चलते हजारों पात्र लोग अब भी योजना से वंचित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने पहले ही हिमकेयर योजना जैसी जनहितैषी योजना को कमजोर कर दिया और अब आयुष्मान भारत योजना को भी प्रभावी तरीके से लागू करने में विफल रही है।



उन्होंने कहा कि हिमाचल में भी अन्य राज्यों की तर्ज पर 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों की पहचान कर गांव-गांव विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए, जिसमें आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पंचायत स्तर पर टीमों के माध्यम से मौके पर ही ईकेवीसी कर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। यदि प्रदेश सरकार ने जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो भाजपा इस मुद्दे को जनता के बीच प्रमुखता से उठाएगी और सरकार को जवाब देना पड़ेगा।

◆ **आयुष्मान भारत योजना ने बदली देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की तस्वीर**

भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने तैयार किया चुनाव का रोडमैप : सुधीर

◆ **कहा- नए, युवा व शिक्षित वर्ग को पार्टी ने बनाया प्रत्याशी**

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने राज्य और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर नगर निगम चुनाव के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। इसके अनुसार, सभी उम्मीदवार और हम सभी चुनाव प्रचार में उतरेंगे। धर्मशाला नगर निगम से भाजपा ने अधिकतर नए चेहरों को प्रत्याशी बनाया है, जिनमें से कई युवा हैं। पार्टी ने धर्मशाला नगर निगम चुनाव के लिए ज्यादातर नए चेहरों को पेश किया है।

यह बात धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने वीरवार को प्रेसवार्ता में कही। उनहेंने कहा कि जिस तरह से धर्मशाला शहर का विस्तार हो रहा है और विश्व मानचित्र पर इसकी उपस्थिति बढ़ रही है, हम उसके अनुरूप काम करें। हम चाहते हैं कि नई पीढ़ी नई सोच, ईमानदारी और सेवा की भावना के साथ नगर निगम का प्रतिनिधित्व करें। इनके पास ज्ञान और अनुभव के साथ-साथ नए विचार हैं, वे नगर निगम के भविष्य को बेहतर दिशा दे सकते हैं। नामांकन के बाद, उम्मीदवार औपचारिक रूप से अपने-अपने वार्डों में अपना अभियान शुरू करेंगे।

प्रेसवार्ता करते विधायक सुधीर शर्मा। अनंत ज्ञान

60 आवेदनों पर हर स्तर पर हुई चर्चा

निगम चुनाव में बागियों को लेकर सुधीर ने कहा कि हमारे पास लगभग 60 आवेदन थे और निर्णय लेने से पहले हर स्तर पर चर्चा की गई। विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भी ऐसा ही होता है। जो लोग पार्टी के लिए समर्पित हैं, जिन्होंने लंबे समय तक पार्षद के रूप में या विभिन्न संगठनात्मक पदों पर सेवा की है, ऐसा नहीं है कि पार्टी ने उनके योगदान को नजरअंदाज किया है या उनका सम्मान और पहचान खो जाएगी। पार्टी हर व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुसार हर स्तर पर विचार करती है और उन्हें साथ लेकर आगे बढ़ती है।

नगर निगम कार्यों की गुणवत्ता में आई कमी

सुधीर ने कहा कि धर्मशाला नगर निगम में काफी समय से विकास कार्यों की गुणवत्ता में कमी आई है। सात या आठ ठेकेदार, कुछ प्रतिनिधियों की मिलीभगत से विकास के लिए आए सार्वजनिक धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। सुधीर ने कहा कि एआई के इस युग में लोगों को नगर निगम से नल कनेक्शन की एनओसी जैसी साधारण चीज के लिए भी तीन से छह महीने तक इंतजार करना पड़ता है। हमारा लक्ष्य इन सभी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन करना, समय सीमा तय करना और सीमा पूरी न होने पर डीम्ड अप्रूवल (स्वतः स्वीकृति) लागू करना है। हम अधिकारियों और कर्मचारियों को जवाबदेह बनाना चाहते हैं।

छह के बाद घोषणापत्र होगा जारी

सुधीर ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया पूरी हो जाने और 6 मई को नाम वापसी की तिथि बीत जाने के बाद हम अपने उम्मीदवारों के माध्यम से पार्टी का घोषणापत्र जनता के लिए जारी करेंगे।

जवाली ब्लॉक की 55 पंचायतों में बनाए 333 बूथ: बीडीओ

अनंत ज्ञान

जवाली। विकास खंड जवाली में पंचायतीराज विभाग के पंचायत प्रतिनिधियों के चुनावों के सफल संचालन की तैयारियां पूरी कर ली हैं। खंड विकास अधिकारी ज्वाली मनोज शर्मा ने बताया कि ज्वाली ब्लॉक में 55 पंचायतों में 333 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं, जिनमें हर पोलिंग बूथ में एक एक एआरओ तैनात होगा।

उन्होंने बताया कि ब्लॉक के अंतर्गत ब्लॉक समिति के 26 वार्ड व जिला परिषद के 4 वार्डों पर मतदान होगा। उन्होंने बताया कि प्रधान, बीडीसी व जिला परिषद के लिए नामांकन 7 मई, 8 मई व 11 मई को होगा। इनमें पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड पंच का नामांकन पंचायत घर में एआरओ के समक्ष होगा। इस संदर्भ में एआरओ को पंचायतें अलाट कर दी गई है, जबकि बीडीसी के उम्मीदवारों का नामांकन तहसीलदार जवाली के कार्यालय में होगा। वहीं, जिला परिषद के उम्मीदवारों का नामांकन एसडीएम जवाली के कार्यालय में होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के सफल संचालन के लिए एआरओ की पहली रिहर्सल पहली मई को सैनिक भवन पलोहड़ा में होगी, जबकि फाइनल रिहर्सल 5 मई को होगी। इसमें एआरओ को पीपीटी के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षत किया जाएगा। चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही जवाली ब्लॉक में चुनाव आचार संहिता लागू हो गया है। इसकी पालना बारे निर्देश जारी कर दिए हैं, जो भी आचार संहिता की अवहेलना करता पाया गया उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

डीएवी स्कूल तियारा में छात्र अलंकरण समारोह आयोजित

अतीक हेड ब्वॉय और अक्षरा को हेड गर्ल चुना

चयनित विद्यार्थियों को जिम्मेदारियों का महत्व समझाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

गगल। डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न पदभार सौंपे गए। प्रधानाचार्या एकता अत्री ने बताया कि अतीक को हेड बॉय और अक्षरा को हेड गर्ल चुना गया।

अनुशासन विभाग में अनिकेत जम्वाल को डिसिप्लिन हेड ब्वॉय तथा कशिश को डिसिप्लिन हेड गर्ल नियुक्त किया गया। खेल, ईको क्लब, सांस्कृतिक और अन्य समितियों के लिए भी विद्यार्थियों का चयन किया गया। सदन प्रभारी के रूप में विभिन्न सदनों के कप्तान एवं सहायक प्रभारी चुने गए। इसके अतिरिक्त कई विद्यार्थियों को डिसिप्लिन प्रीफेक्ट बनाया गया, जो विद्यालय अनुशासन में सहयोग करेंगे। प्रधानाचार्या ने सभी चयनित विद्यार्थियों को जिम्मेदारियों का महत्व समझाया तथा अध्यापक यशइंदर ने उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे और कार्यक्रम संपन्न हुआ।

युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी। पुलिस थाना ज्वालामुखी में मादक पदार्थ सेवन को लेकर एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। 3 मार्च 2026 को दरंग बाजार के समीप गश्त के दौरान पुलिस दल ने एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पाया, जो नशे की हालत में प्रतीत हो रहा था। युवक की पहचान बबलु कुमार, निवासी गांव अम्ब उच्छाड़, डाकघर अम्ब पठियार, तहसील 'वालामुखी, आयु 23 वर्ष के रूप में हुई है। जांच में उसकी आंखें लाल और चाल असंतुलित पाई गई, जिससे मादक पदार्थ सेवन की आशंका हुई। इसके बाद उसका चिकित्सीय परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज्वालामुखी में कराया गया तथा नमूने फॉरेंसिक प्रयोगशाला धर्मशाला भेजे गए। रिपोर्ट में चरस सेवन की पुष्टि हुई। पुलिस अधीक्षक देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 27 के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच जारी है।

देसराज जैसे अधिकारी समाज की अमूल्य पूंजी: संजय पराशर

38 वर्ष व चार माह की सेवा के बाद तहसीलदार के पद से सेवानिवृत्त

अनंत ज्ञान

ब्यूरो। धर्मशाला। जसवां-कोटला तहसील में तहसीलदार के पद पर कार्यरत देसराज ठाकुर वीरवार को सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति पर समारोह आयोजित किया गया। कार्यालय परिसर में सहकर्मियों, कर्मचारियों, स्थानीय लोगों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण थी कि देसराज ने अपने कार्यकाल के दौरान केवल सरकारी दायित्व निभाने के साथ लोगों के दिलों में भी एक विशेष स्थान बनाया।

कैप्टन संजय पराशर विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने देसराज के कार्यकाल को याद करते हुए उन्हें एक संवेदनशील, ईमानदार और जनहितैषी अधिकारी बताया। संजय पराशर ने कहा कि देसराज ठाकुर ने अपने लंबे सेवाकाल में जिस निष्ठा और ईमानदारी के साथ जिम्मेदारियां निभाईं, वह किसी भी अधिकारी के लिए अनुकरणीय है। पिछले एक वर्ष में जसवां क्षेत्र में बतौर तहसीलदार देसराज ठाकुर ने जिस समर्पण के साथ कार्य किया, उससे राजस्व विभाग के प्रति आम लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ। उन्होंने कहा कि देसराज ठाकुर जैसे अधिकारी सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज के लिए मार्गदर्शक बने रहते हैं। देसराज ने अपने संबोधन में सभी सहयोगियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह लंबी यात्रा अकेले संभव नहीं थी। हर पड़ाव पर उन्हें साथियों का सहयोग, वरिष्ठों का मार्गदर्शन और जनता का विश्वास मिला।

सेवानिवृत्ति समारोह में संजय पराशर ने की शिरकत। अनंत ज्ञान

अमलेला स्कूल में मनाया गया विश्व टीकाकरण सप्ताह

विद्यार्थियों ने एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरुकता फैलाने का लिया संकल्प

अमलेला स्कूल में बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ऊषा जरियाल, जवाली। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमलेला में विश्व टीकाकरण सप्ताह मनाया गया।

इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य पुनीत मंडल ने की। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया। हेल्थ सुपरवाइजर सुभाष चंद एवं हेल्थ सुपरवाइजर सुमन कुमारी ने विद्यार्थियों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एचपीवी वैक्सीन के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि यह वैक्सीन भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और टीकाकरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस मौके पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता सोनिया देवी एवं सीएचओ मोनिका देवी भी उपस्थित रहीं और उन्होंने भी बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।

मुख्यमंत्री सुक्खू को जल्द सौंपा जाएगा ब्लूप्रिंट

अनंत ज्ञान

प्रवेश शर्मा, परागपुर। प्रदेश की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए सुक्खू सरकार अब निचले क्षेत्रों के बागवानों के लिए खुशहाली का नया रास्ता खोलने जा रही है। इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए एचपीएमसी के निदेशक मंडल सदस्य पुष्पिंदर शर्मा जल्द ही मुख्यमंत्री को एक खास ब्लूप्रिंट सौंपेंगे।

◆ **बागवानों को घर के पास मिलेगा फसल का वाजिब दाम : पुष्पिंदर शर्मा**

इस रिपोर्ट में सरकार से पुरजोर मांग की जाएगी कि कांगड़ा जिले के परागपुर या देहरा ब्लॉक में एचपीएमसी का एक विशाल फल प्रसंस्करण प्लांट स्थापित किया जाए। यदि मांग पूरी होती है तो इसे कांगड़ा क्षेत्र के लिए अब तक की सबसे बड़ी और क्रांतिकारी योजना माना जाएगा। हकीकत यह है कि देहरा और परागपुर के इलाकों में नींबू प्रजाति के फलों और देशी आम की रिकॉर्ड पैदावार होती है, लेकिन फैक्टरी न होने से हर साल भारी मात्रा में फसल बर्बाद हो जाती है। पुष्पिंदर शर्मा का कहना है कि सरकार की प्राथमिकता कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर और बिलासपुर जैसे जिलों में प्रोसेसिंग यूनिट्स की कमी को दूर करना है। परागपुर या देहरा में यह बड़ा प्लांट लगता है, तो बागवानों को अपनी फसल बेचने के लिए कहीं दूर नहीं भटकना पड़ेगा और उन्हें उनके पसीने की पूरी कीमत सीधे मुनाफे के रूप में मिलेगी।

यह योजना न केवल बागवानी को बढ़ावा देगी बल्कि स्थानीय गांवों में रोजगार के बड़े अवसर भी पैदा करेगी।

पुराना मटौर और बगली में कल रहेगी बिजली बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला विद्युत उपमंडल-2 के सहायक अभियंता ने जानकारी दी कि 11 केवी बगली फीडर के क्षेत्रों नंदेहड़, पुराना मटौर, बगली, अंसोली, पटोला, घणा, गंग-भैरों, गगली, चैतड़ू, बनवाला, मनेड़, मस्तपुर, कदरेहड़, सराह, लोअर सकोह, पुलिस लाइन सकोह और आसपास के अन्य क्षेत्रों में 2 मई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे एवं कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने पर ये कार्य अगले कार्य दिवस पर किया जाएगा।

सिहोटू में दुकान से देसी शराब बरामद

अनंत ज्ञान, डरोह। पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत 29 अप्रैल को सिहोटू में विजय कुमार निवासी सिहोटू डाकघर अटियालादाई तहसील धीरा की दुकान से 5,250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्री साई समूह के 20 विद्यार्थियों का बहुराष्ट्रीय कंपनी में चयन

संस्थान के अध्यक्ष एसके पुंज ने दी शुभकामनाएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

पठानकोट। श्री साई समूह शिक्षण संस्थानों के लिए यह अत्यंत गर्व और उपलब्धि का क्षण है कि संयुक्त परिसर चयन प्रक्रिया के दौरान 20 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय ईक्लर्क्स सर्विसेज लिमिटेड कंपनी में हुआ है।

यह चयन प्रक्रिया मुख्य प्रबंध निदेशक कंवर तुषार पुंज के गतिशील नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस सफलता को विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और संस्थान द्वारा प्रदान किए गए उत्कृष्ट प्रशिक्षण का परिणाम माना जा रहा है, जो भविष्य में और भी बड़े कीर्तिमान स्थापित करने की प्रेरणा देगा। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष एसके पुंज ने चयन प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उद्योगोन्मुखी प्रशिक्षण का प्रतिफल है। प्रबंध निदेशक त्रिप्ता पुंज एवं उपाध्यक्ष रिया पुंज ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. विपिन गुप्ता तथा प्रशिक्षण एवं चयन निदेशक प्रो. सुलक्षय कुमार मुरगई ने कंपनी के अधिकारियों राजीव कुमार और सुशांत शर्मा का संस्थान में स्वागत किया।

धर्मशाला नगर निगम चुनाव: भाजपा-कांग्रेस ने उतारे अधिकतर नए चेहरे

भाजपा ने सभी 17 और कांग्रेस ने 15 वार्डों से उतारे अपने प्रत्याशी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला नगर निगम के चुनावों में अब तक फाइनल हुए 32 प्रत्याशियों में दोनों राजनीतिक दलों कांग्रेस तथा भाजपा ने अधिकतर नए चेहरों को मैदान में उतारा है। धर्मशाला नगर निगम के 17 वार्ड हैं। भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों पर नजर दौड़ाएं तो मात्र 2 पुराने चेहरों को छोड़ अन्य 15 वार्डों पर चेहरे बदले गए हैं। टिकटों को लेकर प्रयोग करने वाली भाजपा ने पार्टी से पूर्व मेयर ओंकार नेहरिया, पूर्व डिप्टी मेयर तेजिंद्र कौर सहित पूर्व मेयर सर्व चंद गलोटिया की टिकट भी काट दी हैं। बताते चलें कि निगम के हाउस में सबसे ज्यादा पार्षद होने के बावजूद भाजपा यहां क्रॉस वोटिंग में पिछड़ गई थी। कांग्रेस की ओर से अब तक घोषित 15 प्रत्याशियों में 4 पुराने चेहरे हैं, जबकि 11 नए चेहरों को शामिल किया गया है। यही नहीं कांग्रेस की ओर से वार्ड 9 और 13 से अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए हैं। भाजपा के अलावा कांग्रेस ने भी अधिकतर वार्डों में इस बार नए चेहरों पर दाव खेला है।

भाजपा की सूची में 15 नए चेहरे

नगर निगम धर्मशाला के पार्टी की अधिकृत प्रत्याशियों की सूची में महिला आरक्षित सीट फरसेटगंज से रेखा देवी, अनुसूचित जनजाति आरक्षित वार्ड भागसू नाग से शमशेर नैहरिया, मैक्लोडगंज की महिला आरक्षित सीट से आशा देवी, कश्मीरी हाउस के महिला आरक्षित सीट से नेहा सांगल, अनुसूचित जाति महिला आरक्षित वार्ड खजांची मोहल्ला से अरुणा कुमारी, महिला आरक्षित कोतवाली बाजार से रेशमा छेत्री, अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित सेक्टरिएट वार्ड से आशु, महिला आरक्षित खेल परिसर वार्ड से प्रेरणा गुलेरिया, अनारक्षित वार्ड सकोह से राज चौधरी, अनारक्षित वार्ड श्याम नगर से अमित भारद्वाज, अनारक्षित वार्ड रामनगर से अनीश कुमार, अनुसूचित जनजाति की महिला के लिए आरक्षित बडोल से मीना कुमारी, अनारक्षित दाड़ी वार्ड से हर्ष ऑबराय, अनारक्षित वार्ड से शेखर आनंद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित खनियारा से प्रवीण प्रकाश, महिला आरक्षित सिद्धपुर वार्ड से अनुपम कटोच, तथा सिद्धबाड़ी अनारक्षित सीट से विशाल जमवाल को टिकट जारी की है।

◆ **कांग्रेस के 15 प्रत्याशियों में 4 पुराने चेहरे**

कांग्रेस ने जारी की दूसरी सूची

कांग्रेस पार्टी ने वीरवार को अपनी धर्मशाला नगर निगम के पार्टी प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में वार्ड नंबर 1 से हिमांशी, वार्ड नंबर 2 से अशोक पठानिया, वार्ड 3 से सुदर्शन कुमारी, वार्ड 7 से शिवानी भारद्वाज, वार्ड 8 से रानी देवी, वार्ड 14 से अनुज बिष्ट तथा वार्ड 17 से सुरेश कुमार को प्रत्याशी घोषित किया है। बताते चलें कि इससे पूर्व पार्टी ने जारी की अपनी पहली सूची में वार्ड 4 से नीनू शर्मा, वार्ड 5 से शैलजा, वार्ड 6 से बबीता ओबरॉय, वार्ड 10 से सुदेश कुमार, वार्ड 11 से अनुराग, वार्ड 12 से स्वर्णा देवी, वार्ड 15 से रजनी तथा बाढ़ 16 से बबीता शर्मा को प्रत्याशी घोषित किया था। कुल मिलाकर अब वार्ड नंबर 9 और 13 के प्रत्याशी का फाइनल होना बाकी है।

नगर निगम धर्मशाला: विभिन्न वार्डों के लिए 17 प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला। नगर निगम धर्मशाला के विभिन्न वार्डों में पार्षद के लिए वीरवार को 17 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। यह जानकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उप मंडलाधिकारी (नागरिक) धर्मशाला मोहित रत्न ने दी। वार्ड नंबर 1 (फरसेटगंज) से हिमांशी ने आईएनसी की तरफ से नामांकन दाखिल किया है। वार्ड नंबर 3 (मैक्लोडगंज) से आशा देवी ने भाजपा और सुदर्शना देवी ने आईएनसी की तरफ से नामांकन प्रस्तुत किया है। वार्ड नंबर 4 (कश्मीर हाउस) से नेहा संगल ने भाजपा तथा वार्ड नंबर 5 (खजांची मोहल्ला) से अरुणा कुमारी ने भाजपा की तरफ से अपना नामांकन दाखिल किया है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 8 (खेल परिसर) से रानी देवी आईएनसी की तरफ से, वार्ड नंबर 9 (सकोह) से नरेश कुमार ने निर्दलीय तथा वार्ड नंबर 10 (श्यामनगर) से अमित भारद्वाज ने भाजपा की तरफ से नामांकन किया है। वार्ड नंबर 12 (बड़ोल) से स्वर्णा देवी आईएनसी की तरफ से और मीना कुमारी ने भाजपा, जबकि वार्ड नंबर 14 (कंड) से शेखर आनंद ने भाजपा, मितुल शुक्ला ने निर्दलीय एवं अनोज ने आईएनसी की तरफ से नामांकन पत्र जमा किए हैं। इसके अतिरिक्त वार्ड नंबर 15 (खनियारा) से परवीन कुमार ने भाजपा, वार्ड नंबर 16 (सिद्धपुर) से उषा रानी ने निर्दलीय तथा वार्ड नंबर 17 (सिद्धबाड़ी) से सुरेश कुमार ने आईएनसी की तरफ से और कृष्ण ने आजाद प्रत्यायशी की तौर पर नामांकन दाखिल किया है।

धर्मशाला में वीरवार को नामांकन दाखिल करता प्रत्याशी। अनंत ज्ञान

नई जोड़ी

भधेलड़ी (पनारसा) के संजय ठाकुर और किगस गांव की पूजा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

योग बनाता मानसिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत: राजेश

अनंत ज्ञान

लड़भड़ोल। जोगिंद्रनगर क्षेत्र में सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में सक्रिय बेटा राम फाउंडेशन की ओर से हिमाचल प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में स्वास्थ्य जागरुकता और योग संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन ऊटपुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। इस योग प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य मिस अंजूलता ने की। शिविर में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजेश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राजेश ठाकुर ने बताया कि बेटा राम फाउंडेशन का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत बनाना है। योग के माध्यम से विद्यार्थी अपने मन को एकाग्र कर पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, जबकि अध्यापक वर्ग योग अपनाकर अपने कार्यभार और तनाव को कम कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के प्रथम चरण में मंडी जिले की तहसील जोगिंद्रनगर और लड़भड़ोल क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में योग शिविर लगाए जा रहे हैं। आने वाले समय में इस अभियान का विस्तार अन्य क्षेत्रों में भी किया जाएगा। योग प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न प्रकार के योगासन एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण योग अध्यापक भीम सिंह चौहान के मार्गदर्शन में दिया गया। विद्यार्थियों को योग की सही विधि, श्वास नियंत्रण तथा नियमित अभ्यास के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

बेटा राम फाउंडेशन की ओर से योग शिविर आयोजित। अनंत ज्ञान

एसएचओ कुलदीप ने दिए हथियारों को जमा करवाने के आदेश

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। पुलिस थाना लंबागांव के तहत आने वाले सभी लाइसेंस (बंदूक) धारकों को अपने हथियार पुलिस थाना व अधिकृत गन डीलर के पास जमा करने के आदेश दिए हैं। एसएचओ कुलदीप सिंह ने बताया कि पंचायत चुनावों के मद्देनजर यह एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि अगर कोई अपने लाइसेंस हथियार जमा नहीं करवाते हैं तो उन पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

नगर परिषद नगरोटा बगवां चुनाव: दूसरे दिन सात प्रत्याशियों ने भरे नामांकन पत्र

अनंत ज्ञान

कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां। नगर परिषद नगरोटा बगवां चुनावों के चलते नामांकन पत्र भरने के दूसरे दिन 7 प्रत्याशियों नें तहसील कार्यालय में सहायक चुनाव अधिकारी एवं तहसीलदार के पास नामांकन पत्र भरे। वार्ड नंबर 7 से रंजन कायस्था, मुकेश मेहता वार्ड नंबर 6 से कांता मेहरा, वार्ड नंबर 5 से सुभद्रा देवी तथा वार्ड नंबर 4 से राहुल, राहुल धीमान व अर्जुन नें नामांकन पत्र दाखिल किए। अब तक सातों वार्डों से 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 2 मई रखी गई है , बाकी के इच्छुक प्रत्याशी उस दिन सुबह 10 बजे से सायं 3 बजे तक नामांकन पत्र भर सकते हैं।

नगर निगम पालमपुर चुनाव के लिए दूसरे दिन 18 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे। दो दिन में अभी तक कुल 20 प्रत्याशियों ने नामांकन भरे हैं। अनंत ज्ञान

कांगड़ा एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का जोरदार स्वागत

अनंत ज्ञान, गगल। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का वीरवार सुबह कांगड़ा हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत किया गया। राहुल गांधी ने हिमाचल प्रदेश, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। राहुल गांधी प्रात: 8:15 बजे इंडिगो एयरलाइंस के विमान से कागड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचे। उनके स्वागत के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, हिमाचल कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा, नगरोटा के विधायक आरएस बाली, शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया, इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन तथा ज्वालाजी के विधायक संजय रतन सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। राहुल के आगमन को लेकर हवाई अड्डे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। एसपीजी कमांडो उनकी सुरक्षा में तैनात रहे और आम लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध रखा गया। हवाई अड्डे पर पहुंचते ही उन्हें डिपार्चर गेट से सीधे बाहर लाकर वाहन में बैठाया गया, जिसके बाद उनका काफिला कांगड़ा के लिए रवाना हो गया। कांगड़ा में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के दौरान राहुल ने तीनों राज्यों के ब्लॉक अध्यक्षों को संगठन को सुदृढ़ करने के गुर बताए। कार्यक्रम के बाद राहुल गांधी 2 बजकर 55 मिनट पर पुन: कागड़ा हवाई अड्डे पहुंचे उनके साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और सरकार के मंत्रियों के साथ अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

पठानकोट में 9.6 ग्राम चिट्टे के साथ 5 लोग गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट। पठानकोट पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 9.6 ग्राम हेरोइन के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अलग-अलग स्थानों पर की गई छापेमारी के दौरान की गई। थाना डिवीजन नंबर 1 की पुलिस ने शिवम मलोत्रा, पर्व शर्मा, गगन और सुमित सैली को गिरफ्तार किया। इनके पास से कुल 27 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। सभी आरोपी पठानकोट क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के रहने वाले हैं।

इसी अभियान के तहत दूसरी कार्रवाई में थाना डिवीजन नंबर 2 की पुलिस ने मुख्तियार सिंह को गिरफ्तार किया, जो हिमाचल प्रदेश के डमटाल क्षेत्र का निवासी है। उसके कब्जे से 6.79 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज कर लिए हैं और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नशे के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि नशा तस्करी में शामिल नेटवर्क को भी चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जा सके। स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है ताकि क्षेत्र को नशा मुक्त बनाया जा सके।

बीड़ बिलिंग में संगम टेक-ऑफ प्वॉइंट पर पवन देव और हनुमान जी की मूर्ति स्थापित

बीड़-बिलिंग में टेक-ऑफ प्वॉइंट पर स्थापित मूर्तियां। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। धौलाधार की वादियों में बसे विश्व प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग स्थल बीड़ बिलिंग में टेक-ऑफ प्वॉइंट पर पवन देव और पवन पुत्र हनुमान की मूर्तियां स्थापित की गई हैं, जो इस स्थल को नई पहचान देने की दिशा में अहम पहल मानी जा रही है।

बिलिंग पैराग्लाइडिंग कम्युनिटी समिति ने बढ़ती दुर्घटनाओं और चुनौतीपूर्ण मौसम को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। जल शक्ति विभाग के वॉटर टैंक के पास पवन देव की संगमरमर की आदमकद मूर्ति पहले ही स्थापित की जा चुकी है, जबकि हनुमान जी की मूर्ति का विधिवत स्थापना कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग पायलट ज्योति ठाकुर ने कहा कि उड़ान के दौरान कठिन परिस्थितियों में मानसिक संतुलन बेहद जरूरी होता है और आस्था से आत्मविश्वास बढ़ता है। समिति अध्यक्ष देशराज ठाकुर ने बताया कि यह पहल पायलटों और पर्यटकों को सकारात्मक ऊर्जा देगी।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धर्मशाला कैंट में 55वीं क्षेत्रीय एथलेटिक्स स्पोर्ट्स मीट संपन्न

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धर्मशाला कैंट में गुरुग्राम रीजन की 55वीं क्षेत्रीय एथलेटिक्स स्पोर्ट्स मीट का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों, शिक्षकों और उपस्थित अतिथियों में जोश और उमंग देखने को मिली। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय विद्यालय संगठन (गुरुग्राम रीजन) के सहायक आयुक्त दीदार सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के सहायक गैरीसन इंजीनियर शिव सिंह रावत ने शिरकत की। इस अवसर पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धर्मशाला कैंट के प्राचार्य सुनील चौहान और पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय योल कैंट की प्राचार्या मीना कुमारी भी मौजूद रहीं। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रदर्शन की सराहना की। समापन दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्गों में 400 मीटर रिले दौड़ तथा लड़के और लड़कियों के लिए 3000 मीटर दौड़ शामिल रही। खिलाड़ियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिताओं के समापन के बाद मुख्य अतिथि की आर से विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न विद्यालयों से आए तकनीकी सहायकों और खेल शिक्षकों को भी इस आयोजन को सफल बनाने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट: आरसीएफ कपूरथला ने भागसू इलेवन को 3-0 से हराया

चौथे दिन राजस्थान पुलिस ने कस्टम्स नई दिल्ली को 4-3 से हराया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। पुलिस मैदान धर्मशाला में आयोजित अखिल भारतीय शहीद मेजर दुर्गा मल, कैप्टन दल बहादुर मेमोरियल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला।

दिन के चार मुकाबलों में एक मैच ड्रॉ रहा, जबकि अन्य मुकाबलों में शानदार खेल देखने को मिला। पहला मुकाबला आरबीआई मुंबई और जेसीटी फगवाड़ा के बीच खेला गया, जो 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरे मैच में कस्टम्स नई दिल्ली और राजस्थान पुलिस आमने-सामने रहे, जिसमें राजस्थान पुलिस ने 4-3 से जीत दर्ज की। तीसरे मुकाबले में आरसीएफ कपूरथला और भागसू इलेवन के बीच मैच खेला गया। इस मुकाबले में आरसीएफ कपूरथला ने 3-0 से जीत हासिल की। चौथा मुकाबला सीआईएसएफ और 16 गढ़वाल राइफल्स के बीच खेला गया, जिसमें सीआईएसएफ ने 3-1 से जीत अपने नाम की। टूर्नामेंट के चौथे दिन खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

कार्यक्रम चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में 17वां दीक्षांत समारोह आयोजित

विद्यार्थियों को बांटी 638 उपाधियां, 9 स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान

अजय पाल, पालमपुर। चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर का 17वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश सरकार के कृषि सचिव सी. पालरासु ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम में कुलपति डॉ. एके पांडा, कुलसचिव डॉ. मधु चौधरी तथा अधिष्ठाता स्नातकोत्तर अध्ययन डॉ. जीडी शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि, प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 638 उपाधियां प्रदान की गईं। इसमें 504 एमएससी तथा 134 पीएचडी उपाधियां सम्मिलित हैं। इनमें से 257 विद्यार्थी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे, जिनमें 193 एमएससी एवं 64 पीएचडी शोधार्थी शामिल थे। मुख्य अतिथि की ओर से उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए 9 स्वर्ण पदक भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संदेश कुलपति डॉ. एके पांडा द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं एवं प्रेरणादायक संदेश दिया। डॉक्टरेट स्तर के स्वर्ण पदक विजेताओं में प्रवेश कुमार (2015-18), गौरव (2016-19), शिल्पा (2018-21) एवं नवनीत कौर (2019-22) शामिल रहे। स्नातकोत्तर स्तर के स्वर्ण पदक विजेताओं में अंजली ठाकुर (2017-19), राहुल शर्मा (2018-20), शिवानी भडवाल (2019-21), नेहा राणा (2020-22) एवं आशीन शर्मा (2021-23) रहे, जिन्होंने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन किया। समारोह में पद्मश्री डॉ. पीएल गौतम तथा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपतियों डॉ. एसके शर्मा, डॉ.केके कटोच, डॉ. एके सरियाल एवं डॉ. डीके वत्स सहित अन्य विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इसके अतिरिक्त डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन के कुलपति डॉ. राजेश्वर सिंह चंदेल तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के कुलसचिव डॉ. एनके सांख्यान भी समारोह में उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल, सीनेट के सदस्य, संविधिक अधिकारी एवं विभागाध्यक्षों ने कुलसचिव के नेतृत्व में शैक्षणिक शोभायात्रा में भाग लिया। दीक्षांत समारोह का समापन औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जो विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण रहा तथा स्नातक विद्यार्थियों की उपलब्धियों और उज्ज्वल भविष्य का उत्सव मनाया गया।

दीक्षांत समारोह में कृषि सचिव सी. पालरासु ने की मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत। अनंत ज्ञान

इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम पर फायरिंग की कोशिश

अनंत ज्ञान, पठानकोट। गुरदासपुर जिले के कलानौर में दिनदहाड़े एक इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम पर फायरिंग की कोशिश से हड़कंप मच गया। कृष्णा इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम के बाहर एक अज्ञात हमलावर ने पिस्तौल से तीन बार गोली चलाने का प्रयास किया, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण गोली नहीं चली। इस दौरान दुकान के अंदर करीब 25 लोग मौजूद थे, जिनमें कर्मचारी और ग्राहक शामिल थे। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया। दुकानदार गौरव के अनुसार, उन्हें पिछले कई महीनों से विदेशी नंबरों से 50 लाख रुपए की रंगदारी के लिए धमकियां मिल रही थीं। आरोपियों ने फोन पर उनके पिता को गालियां देते हुए धमकी दी थी कि पैसे न देने पर दुकान को 'जलियांवाला बाग' बना दिया जाएगा। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें एक युवक चेहरा ढके हुए फायरिंग की कोशिश करता दिखाई दे रहा है। उसके दो साथी बाइक पर पास में खड़े थे। वारदात के बाद तीनों मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से एक जिंदा कारतूस बरामद किया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। स्थानीय व्यापारियों ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

धर्मशाला में आईपीएल मैच टिकट को करना होगा इंतजार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। आईपीएल के धर्मशाला में होने वाले मैचों के टिकट के लिए क्रिकेट प्रेमियों को थोड़ा ओर इंतजार करना पड़ेगा। इस बार भी ऑनलाइन डिस्ट्रिक ऐप पर ही टिकटों की बिक्री चार मई से शुरू की जाएगी। टिकट बुकिंग के लिए कंपनी की ओर से ऐप्प में नोटिफाई-मी का ऑप्शन रखा गया है। टिकट वितरण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा। एक व्यक्ति एक बार में अधिकतम दो टिकट ही बुक कर पाएगा। अधिक टिकट लेने के लिए यूजर को दोबारा लॉग-इन करना होगा। धर्मशाला में 11 मई को पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, 14 मई को पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस और 17 मई को पंजाब किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू आरसीबी के बीच मुकाबले खेले जाएंगे। धर्मशाला स्टेडियम में लगभग 22 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है। आईपीएल फ्रैंचाइजी की ओर से बनाए फैन बॉक्स और विशेष स्टैंड के कारण कुछ सीटें कम हो जाती हैं। एचपीसीए के सह-सचिव विशाल शर्मा ने बताया कि आईपीएल में टिकट बिक्री का अधिकार पूरी तरह फ्रैंचाइजी के पास होता है। इसमें एचपीसीए की कोई भूमिका नहीं होती। उन्होंने बताया कि टिकटों के दामों को तय करने के लिए दो मई शनिवार को पंजाब किंग्स फ्रैंचाइजी के साथ बैठक की जाएगी। उन्होंने बताया कि मई के पहले सप्ताह चार मई सोमवार से ही टिकटों की बिक्री शुरू हो जाएगी।

◆ **चार मई से ऑनलाइन शुरू होगी टिकट बिक्री**

न्यूज ब्रीफ

धर्म चंद नायब तहसीलदार पद पर पदोन्नत

अनंत ज्ञान, भोरंज। हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग में लंबे समय से सेवाएं दे रहे धर्म चंद को नायब तहसीलदार पद पर पदोन्नत किया गया है। वर्तमान में वह हमीरपुर में सदर कानूनगो के पद पर तैनात थे। उनकी पदोन्नति से अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। धर्म चंद अपनी कर्तव्यनिष्ठा और राजस्व मामलों में गहरी समझ के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने भूमि रिकॉर्ड और प्रशासनिक कार्यों में सराहनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाते हुए जनता तक पारदर्शी सेवाएं पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

बचत भवन में 8 को लगेगा रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी 8 मई को उपायुक्त कार्यालय परिसर में स्थित बचत भवन में रक्तदान शिविर आयोजित करेगी। उपायुक्त हमीरपुर के सहायक आयुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के कोषाध्यक्ष चिराग शर्मा ने आम लोगों, विशेषकर युवाओं से इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है।

मंडयाली स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। डॉ. सुरिंदर सिंह डोगरा और डॉ. विजय ने कहा कि स्वस्थ शरीर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं राष्ट्र निर्माण का आधार हैं। जिला बिलासपुर के नैनादेवी खंड में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक टीमों द्वारा निरीक्षण किया गया। तीसरे दिन आयुष्मान आरोग्य मंदिर मंडयाली स्वास्थ्य उपकेंद्र का संयुक्त निरीक्षण हुआ। डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बताया कि एनक्यूएएस स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता, रोगी-केंद्रित देखभाल, सुरक्षा और संक्रमण नियंत्रण सुनिश्चित करने की प्रणाली है। इसमें 12 मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों ने टीम का स्वागत व सम्मान किया।

पक्का भरो में कल बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के तहत पक्का भरो और इसके साथ लगते क्षेत्रों में 3 मई को लाइनों के आस-पास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते पक्का भरो, आस्था अस्पताल, पेट्रोल पंप और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

बिजली बोर्ड से दीनानाथ पठानिया सेवानिवृत्त

अनंत ज्ञान, बड़सर। बिजली बोर्ड के सब डिवीजन कार्यालय कोटला बिड़ड़ी में दीनानाथ पठानिया वीरवार को 40 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर भावुक माहौल रहा और सहकर्मियों की आंखें नम हो गईं। सहायक अभियंता ने उनकी ईमानदारी और निष्ठा की सराहना की। दीनानाथ पठानिया ने वर्ष 1986 में टीमेट के रूप में सेवा शुरू की थी और 1998 में नियमित कर्मचारी बने। 2013 में सहायक लाइनमैन, 2018 में लाइनमैन और 2023 में फोरमैन पद तक पदोन्नति प्राप्त की। विभाग ने उन्हें व उनकी धर्मपत्नी को शॉल व टोपी देकर सम्मानित किया।

लोअर हड़ेटा स्कूल से बांकु राम सेवानिवृत्त

अनंत ज्ञान, गलोड़। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोअर हड़ेटा से प्रवक्ता पद से बांकु राम सेवानिवृत्त हो गए हैं। शिक्षा विभाग में 26 वर्ष तक के सेवाकाल में उन्होंने विभिन्न स्कूलों में विभिन्न पदों पर रहते हुए छात्रों को शिक्षा प्रदान कीं। सेवानिवृत्ति के दौरान उनकी धर्मपत्नी शकुंतला देवी, बेटा हार्दिक, भाई धर्म चंद, विक्की, अश्वनी, जोगिंद्र ग्राम पंचायत खास गलोड़ के पूर्व प्रधान संजीव शर्मा, उप प्रधान धर्म चंद आदि मौजूद रहे।

जिले की 242 पंचायतों में तीन चरणों में होगा चुनाव

26 मई को 83 पंचायतों, 28 मई को 82 और 30 मई को 77 पंचायतों में होगा मतदान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने जिला परिषद हमीरपुर के 19 वार्डों के सदस्यों, जिला की सभी 6 पंचायत समितियों के कुल 119 वार्डों के सदस्यों और जिला की कुल 242 ग्राम पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान तथा वार्ड सदस्यों के पदों के लिए तीन चरणों में होने वाले चुनावों का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है।

उपायुक्त ने बताया कि इन पंचायतीराज संस्थाओं के विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र 7, 8 और 11 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक निर्धारित स्थानों पर संबंधित अधिकारियों के समक्ष दाखिल किए जा सकते हैं। 12 मई को सुबह 10 बजे से नामांकन पत्रों की जांच शुरू होगी।

14 और 15 मई को सुबह 10 से दोपहर बाद 3 बजे तक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। 15 मई की शाम को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे।

उपायुक्त ने बताया कि 26 मई को 83 पंचायतों में, 28 मई को 82 पंचायतों में और 30 मई को 77 पंचायतों में सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान होगा। पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के चुनाव परिणाम उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे। जबकि, पंचायत समिति और जिला परिषद के मतों की गिनती 31 मई को सुबह 9 बजे सभी ब्लॉक मुख्यालयों में आरंभ होगी।

242 ग्राम पंचायतों में इस दिन होगा मतदान

26 मई (83 ग्राम पंचायतों में) : ग्राम पंचायत जंगलरोपा, टिक्कर डिडवीं, धरोग, धनेड़, उखली, कुठेड़ा, मझोग सुल्तानी, रोपा, गसोता, पंधेड़, नारा, पांडवीं, देई का नौण, खनौली, बजरोल, भटेड़, जंदड़ू, नाड़सीं, संगरोह कलां, पटनौण, करियाली, दरोगण पत्ती कोट, हड़ेटा, गोईस, मनसाई, जोल सप्पड़, ग्वालपत्थर, कश्मीर, उट्टप, बड़ा, मैड़ (नादौन ब्लॉक), गलोड़ खास, फाहल, सनाही, बैहरड़, कमलाह, टिल्लू, चौड़ू, पनियाली, बटराण, जीहण, नघूं, रैल, खैरी, बैरी, डूहक, रंगड़, ठाणा धबड़ियाणा, मनिहाल, बड़ेई, पनोह, धमरोल, सधरियाण, कक्कड़ (भोरंज ब्लॉक), धीरड़, लझियाणी, नंधन, चंबोह, डाड़ू, अमरोह, दरब्यार, कंजयाण, पट्टा, करहा, टिक्कर बुहला, टिक्करी मिन्हासा, बिझड़ी, लोहडर, मझियाणी, रैली, टिप्पर, पाहलू, कलौहण, जजरी, घोड़ी धबीरी, ज्योली देवी, कड़साई, कोहडरा, महारल, दंदवीं, कुलहेड़ा, जनैहण, सौर

इन पंचायतों में इस दिन होगा मतदान

28 मई (82 ग्राम पंचायतों में) : ग्राम पंचायत ब्राहलड़ी, ताल, चमनेड़, सेर बलौणी, अग्घार, नेरी, टिब्बी, काले अंब, छियोड़ीं, बलोह, नाल्टी, भगेटू, ख्याह लोहाखरियां, भेरड़ा, पुरली, लग-कढियार, चारियां दी धार, बारीं, समीरपुर, पंजोत, टपरे, लहड़ा, पनसाई, लाहड़ कोटलू, मालग, बसारल, बढेड़ा, सरेड़ी, कलूर, लंजयाणा, जसाई, भदरूं, रंगस, हथोल, बदारन, करौर, भदरोल, बूणी, सपड़ोह, बरधियाड़, भरमोटी खुर्द, चमराल, जंगल, बीड़ बगेहड़ा, सपाहल, पटलांदर, चलोह, बनाल, बलेहू, री, जाहू, रौंहीं, बडैहर, भलवाणी, लुद्दर महादेव, झरलोग, बजड़ोह, हनोह, भुक्कड़, दाड़ीं, ढनवान, दसमल, खरवाड़, दिम्मी, बधानी, सठवीं, धंगोटा, ग्यारहग्रां, चकमोह, दांदड़ू, करेर, गारली, कलवाल, बड़ाग्रां, जोड़े अंब, ननावां, धबड़ियाणा, दलचेहड़ा, सोहारी, कठियाणा, समताणा कलां और मोरसू सुल्तानी

30 मई को 77 ग्राम पंचायतों में चुनाव

30 मई को 77 पंचायतों फरनोल, चौकी कनकरी, लंबलू, चंगर, नाहलवीं, जटेहड़ी, अमरोह, स्वाहल, बफड़ीं, डबरेड़ा, ललीण, साहनवीं, कक्कड़ (बमसन ब्लॉक), उटपुर, उहल, पौहंज, गवारड़ू, बगवाड़ा, बराड़ा, सिकांदर, भूंपल, धनेटा, नौहंगी, जलाड़ी, फस्टे, कोटला चिल्लियां, मण, किटपल, गाहली, मझेली, घलूं, दंगड़ी, गौना, झलाण, मझियार, अमलैहड़, बलड़ूहक, करंडोला प्लासी, पुतड़ियाल, कोहला, जोल पलाही, टिहरा, लंबरी, डेरा, चमियाणा, दाड़ला, करोट, चबूतरा, मुंडखर, महल, लगमनवीं, कड़ोहता, बाहनवीं, भौंखर, पलपल, पपलाह, गरसाहड़, कोट लांगसा, अम्मण, भकेड़ा, जख्योल, कैहरवीं, बल्ह बिहाल, पथलियार, सकरोह, बल्याह, मक्कड़, उसनाड़ कलां, समैला, जमली, कनोह, टिक्कर राजपूतां, घंगोट कलां, क्याराबाग, भैल, दैण और पटेरा।

दूसरे दिन नगर परिषद सुजानपुर में 22 नामांकन पत्र किए दाखिल

नामांकन पत्र दाखिल करती महिला प्रत्याशी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सुजानपुर। नगर परिषद सुजानपुर के नौ वार्डों के लिए हो रहे चुनावों में नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन कुल 22 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इनमें 14 नामांकन महिलाओं की ओर से भरे गए, जिससे महिला भागीदारी अधिक देखने को मिली।

एसडीएम विकास शुक्ला ने बताया कि विभिन्न वार्डों से उम्मीदवारों ने अपने नामांकन प्रस्तुत किए। पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया था। चुनाव में राजनीतिक गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। भाजपा ने अपने सभी समर्थित प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है, जबकि कांग्रेस ने अभी तक सात नामों की ही घोषणा की है। एक प्रत्याशी वीना धीमान ने कांग्रेस टिकट पर न लड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। इससे कांग्रेस के घोषित प्रत्याशियों की संख्या छह रह गई है और तीन नाम अभी बाकी हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 2 मई निर्धारित की गई है, जिसके चलते आने वाले दिनों में चुनावी हलचल और बढ़ने की संभावना है।

नगर पंचायत भोटा में पांच लोगों ने किया नामांकन, वार्ड 5 और 6 में अभी भी सन्नाटा

अनंत ज्ञान, भोटा/बड़सर। नगर पंचायत भोटा के आगामी चुनावों को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वीरवार को नामांकन प्रक्रिया के दौरान विभिन्न वार्डों से प्रत्याशियों ने अपने पर्चे दाखिल किए। निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से के अनुसार, वीरवार को पांच वार्डों से नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। वार्ड नंबर-1 रविदास नगर से वीना कुमारी पत्नी अनिल कुमार ने अपना नामांकन पत्र भरा, जबकि वार्ड नंबर-2 इंदिरा नगर से अश्वनी कुमार पुत्र कांशी राम ने अपनी दावेदारी पेश की। इसी प्रकार वार्ड नंबर-3 कृष्णा नगर से रिंका देवी पत्नी मेल राज और वार्ड नंबर-4 नारायण नगर से लता कुमारी पत्नी रविंदर कुमार ने चुनावी मैदान में उतरते हुए नामांकन दाखिल किया। वहीं, वार्ड नंबर-7 ज्वाला नगर से अनिल कुमार पुत्र प्रेम दास ने अपना पर्चा भरा। दिलचस्प बात यह रही कि जहां पांच वार्डों में उम्मीदवारों ने उत्साह दिखाया। वहीं, वार्ड नंबर-5 और वार्ड नंबर-6 से आज कोई भी नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। इन दो वार्डों में किसी भी प्रत्याशी की ओर से पर्चा न भरने के चलते अब सबकी नजरें आगामी दिनों पर टिकी हैं। प्रशासन ने नामांकन की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए हैं। नामांकन पत्रों की प्राप्ति के साथ ही अब भोटा के वार्डों में चुनावी माहौल पूरी तरह गर्मा गया है और स्थानीय मतदाताओं के बीच भी चर्चाओं का बाजार गर्म है।

पंचायतीराज चुनावों के लिए भोरंज में 57 सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

अनंत ज्ञान

भोरंज। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों की घोषणा के बाद चुनावी प्रक्रिया का सुचारु रूप देने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पंचायतों में पंचायत जिला परिषद ब्लॉक समिति, पंचायत प्रधान, उपप्रधान व पंच के चुनाव के लिए भोरंज ब्लॉक की 44 पंचायतों में 264 वार्ड बनाए गए है तथा 264 ही पोलिंग बूथों पर मतदान डाले जाएंगे। खंड विकास अधिकारी भोरंज कुलवंत सिंह ने बताया कि समस्त पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों में 57 सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए हैं। इनमें 55 विभिन्न स्कूल के प्रवक्ता तथा दो कृषि विभाग के एडीओ की तैनाती गई है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागाध्यक्षों को आदेश भेज दिए गए हैं। 2 मई को 11 बजे लघु सचिवालय भोरंज के तहसील बैठक कक्ष में रखी गई है। उन्होंने कहा कि बैठक में रिटर्निंग अधिकारी एवं भोरंज एसडीएम शशी पाल शर्मा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के कार्यों व पंचायतीराज के चुनावों में नामांकन प्रकिया के बारे में जागरूक करेंगे। चुनाव को सफल व निष्पक्ष रूप से करवाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है तथा इस पर कार्य जारी है।

◆ भोरंज की 44 पंचायतों के 264 बूथों पर होगा चुनाव

मिहरपुरा में टीसीपी के नियमों के उल्लंघन पर 2 लोगों को नोटिस

अनंत ज्ञान हमीरपुर। सुजानपुर के भलेठ क्षेत्र के राजस्व मुहाल मिहरपुरा में भवन के निर्माण में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग के नियमों के उल्लंघन पर विभाग ने दो लोगों को नोटिस जारी किए हैं। विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से जारी इन नोटिसों में दोनों व्यक्तियों को निर्माण कार्य तुरंत बंद करने और पूर्व में विभाग की ओर से जारी आदेशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों की अनुपालनठ न करन। पर देनें के डखलठफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

पुलिस ने बड़सर में 3 ग्राम चिट्टे के साथ दबोचा आरोपी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला हमीरपुर के पुलिस थाना बड़सर की टीम ने नशा विरोधी अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। वीरावार को नियमित गश्त के दौरान जल शक्ति विभाग कार्यालय के पास पुलिस पार्टी ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा, जिसकी पहचान मुनीष कुमार के रूप में हुई है। पुलिस को देखकर आरोपी ने मौके से भागने का प्रयास किया, जिससे उसकी गतिविधियों पर संदेह और गहरा हो गया। पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के दौरान आरोपी ने एक प्लास्टिक पाउच फेंक दिया। जांच करने पर उक्त पाउच से 03 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध एनडी एंड पीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गई है। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि बड़सर पुलिस द्वारा चिट्टा जैसे घातक और समाज को प्रभावित करने वाले नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा ऐसे मामलों में सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य क्षेत्र को नशा मुक्त बनाना और युवाओं को इस बुराई से दूर रखना है।

हमीरपुर में 18वीं जिलास्तरीय आईटीआई पुरुष वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर। 18वीं जिलास्तरीय आईटीआई पुरुष वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ आईटीआई रैल के प्रधानाचार्य कपिल ठाकुर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन बैडमिंटन के चार रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें आईटीआई सुजानपुर ने आईटीआई उटपुर को, आईटीआई रैल ने चमन प्राइवेट आईटीआई को, आईटीआई लम्बलू ने आईटीआई बणी को तथा आईटीआई भोरंज ने स्टेट ऑफ आर्ट आईटीआई हमीरपुर को पराजित किया। इसके बाद वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें आईटीआई भोरंज, जेपी प्राइवेट आईटीआई समीरपुर और चमन प्राइवेट आईटीआई ने अपने-अपने मुकाबले 2-0 से जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ट्रिपल जंप में अतुल मिन्हास ने प्रथम स्थान, रोहित धीमान ने द्वितीय तथा मोहम्मद साजिद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप में भी अतुल मिन्हास ने पहला स्थान हासिल किया। डिस्कस थ्रो, शॉटपुट और जैवलिन थ्रो में आशीष ठाकुर ने लगातार प्रथम स्थान प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हाई जंप में हितेश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का परिचय दिया। आयोजन समिति के अनुसार शेष प्रतियोगिताएं आगामी दिन में आयोजित की जाएंगी।

डॉ. रीना कुमारी डोगरा को पीएचडी सुपरवाइजर की मान्यता

अनंत ज्ञान

नादौन। नादौन के खोहर मंझियार गांव की डॉ. रीना कुमार डोगरा, जो स्वर्गीय सूबेदार पुरुषोत्तम दास की पुत्री हैं तथा हिंदी विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं, को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से पीएचडी सुपरवाइजर के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। इस उपलब्धि के साथ अब वह शोधार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए अधिकृत हो गई हैं।

उनकी इस सफलता से नादौन क्षेत्र सहित समूचे शिक्षा जगत में खुशी का माहौल है।

डॉ. रीना ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पति डॉ. रविंद्र कुमार तथा अपने परिवार को दिया है। उनका शैक्षणिक और शोध कार्य अत्यंत सराहनीय रहा है। अब तक उनके 40 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने 12 पुस्तकों में अपने लेख प्रकाशित किए हैं तथा चार पुस्तकें भी स्वयं लिखी हैं। उन्होंने 40 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर उच्च स्तरीय शोध कार्य का परिचय दिया है। उन्होंने वर्ष 2008 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से डॉ. रामनाथ मेहता के मार्गदर्शन में हिंदी साहित्य में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की थी। इसके बाद वर्ष 2012 में उन्होंने समाजशास्त्र में एमए की डिग्री हासिल की। कॉलेज कैडर में चयन के बाद उन्होंने अपने शिक्षण करियर की शुरुआत की और वर्तमान में वह राजीव गांधी गवर्नमेंट कॉलेज, शिमला में सेवाएं दे रही हैं। उनकी इस उपलब्धि को शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, जिससे युवा शोधार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

हिम अकादमी स्कूल में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

गीत के माध्यम से स्कूल के सहायकों व कर्मचारियों की निष्ठा और परिश्रम को सराहा

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में कर्मचारियों को बैज और प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने श्रमिकों एवं सहायक कर्मचारियों के अमूल्य योगदान को सराहा और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा विविध प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चौथी कक्षा के विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत एक भावपूर्ण नाटक से हुई, जिसमें श्रम की गरिमा तथा हमारे दैनिक जीवन में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। इसके पश्चात छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने एक ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुति दी, जिसमें रंग-बिरंगी अभिव्यक्तियों और संगीत के माध्यम से श्रमिकों के प्रति आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने एक मधुर एवं भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया, जिसने सभी को भावुक कर दिया।

गीत के माध्यम से विद्यालय के सहायकों एवं कर्मचारियों की निष्ठा और परिश्रम की सराहना की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सम्मान समारोह रहा, जिसमें विद्यालय के सहायक कर्मचारियों को बैज, प्रशंसा-पत्र तथा छोटे-छोटे उपहार देकर सम्मानित किया गया। सभी को बैजेस स्कूल को-ऑर्डिनेटर मनीषा मारवाह द्वारा प्रदान किए गए। साथ ही, बैंड हेड अंजना कुमारी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। इस कार्यक्रम में एक्टिविटी इंचार्ज अंकिता शर्मा की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन भावपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसने सभी को समाज में प्रत्येक व्यक्ति के योगदान का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया।

हिमाचल लैंड सीलिंग एक्ट में संशोधन की मंजूरी से एक नए अध्याय की शुरुआत: राजेश बन्याल

कहा- धार्मिक व आध्यात्मिक संस्थाओं को मिली बड़ी राहत

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। हिमुडा के निदेशक एवं बड़सर से संबंध रखने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता इंजीनियर राजेश बन्याल ने कहा कि सुक्खू सरकार के एक ऐतिहासिक और दूरगामी फैसले पर राष्ट्रपति ने अपनी मुहर लगा दी है, जो क्रांतिकारी फैसला है। प्रदेश सरकार द्वारा 20 दिसंबर 2024 को विधानसभा में पारित 'हिमाचल प्रदेश सीलिंग ऑन लैंड होल्डिंग्स (संशोधन) विधेयक' को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिल गई है। इस संशोधन के बाद अब हिमाचल प्रदेश में धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थाओं को 30 एकड़ तक की भूमि रखने और उसके हस्तांतरण की प्रक्रिया में बड़ी राहत मिलेगी, जिससे विकास के एक नए अध्याय की शुरुआत होगी।

उन्होंने बताया कि इस कानून के प्रभावी होने से बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले 'राधा स्वामी सत्संग ब्यास भोटा' जैसी प्रतिष्ठित धार्मिक संस्थाओं सहित प्रदेश की सैकड़ों अन्य आध्यात्मिक संस्थाओं को लाभ मिलेगा। इंजीनियर राजेश बन्याल ने कहा कि पूर्व में भूमि नियमों की जटिलताओं के कारण इन संस्थाओं को जनकल्याणकारी गतिविधियों के विस्तार में भारी बाधाएं आती थीं, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से इस समस्या का स्थाई समाधान निकाला है।

इंजीनियर राजेश बन्याल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल इस मुद्दे पर केवल राजनीति कर रहा था, जबकि सुक्खू सरकार ने धरातल पर काम करके दिखाया है। अब इन संस्थाओं के पास भूमि हस्तांतरण के अधिकार होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और अध्यात्म के क्षेत्र में निवेश और बुनियादी ढांचे का विकास तेजी से हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल धार्मिक आस्थाओं का सम्मान है, बल्कि प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए भी एक मील का पत्थर साबित होगा। इस मंजूरी के बाद पूरे प्रदेश, विशेषकर बड़सर क्षेत्र की जनता और विभिन्न संस्थाओं में खुशी की लहर है।

भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में छात्र कार्यकारिणी का गठन

भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में सदन कार्यकारिणी का चुनाव डिजिटल मतदान प्रक्रिया के माध्यम से हुआ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

नादौन। भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में वीरवार सदन कार्यकारिणी का चुनाव डिजिटल मतदान प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के जरिए अपने प्रतिनिधियों का चयन किया और पूरी प्रक्रिया का उत्साहपूर्वक अनुभव प्राप्त किया।

पोलिंग अधिकारियों द्वारा बच्चों की उंगली पर स्याही लगाकर मतदान को पारंपरिक स्वरूप भी दिया गया, जिससे विद्यार्थियों को दोनों प्रकार की चुनाव प्रक्रिया की जानकारी मिली। वोटों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिकॉर्ड किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य आरती कटोच ने बताया कि 12वीं कक्षा के वंश को स्कूल कैप्टन चुना गया है। उन्होंने सभी सदनों में अनुशासन बनाए रखने की जिम्मेदारी दी। टैगोर, अंबेडकर, सुभाष और रमन हाउस से विभिन्न पदों पर विद्यार्थियों का चयन किया गया। टैगोर हाउस से अंशदीप, गरिमा, आर्यन, सौम्या दत्त, गोरिका और कव्यांश चुने गए। अंबेडकर हाउस से पंखुड़ी, सुहानी धीमान, निशांत, अक्षिता और अमोनित चुने गए। सुभाष हाउस से सान्वी शर्मा, परिका शर्मा, इलेश, सृष्टि और वरुण शर्मा तथा रमन हाउस से आराध्या ठाकुर, संशिका, शुभम, सृष्टि और आयान का चयन हुआ। चुने गए सभी विद्यार्थियों को प्रधानाचार्या द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

बस स्टैंड हमीरपुर में लैंडलाइन फोन क्यों रहता है आउट ऑफ ऑर्डर?

आरएम बोले- अब ऐसा नहीं होगा, हिदायत दी जाएगी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, हमीरपुर। हमीरपुर बस स्टैंड पर यदि किसी ने बस से संबंधित कोई जानकारी लेनी हो, तो ऐन मौके पर वहां मौजूद लैंडलाइन नंबर आउट का ऑर्डर हो जाता है। ऐसे में समस्याएं हल करने के लिए लगाया गया फोन यात्रियों के लिए और ज्यादा समस्याएं खड़ी कर देता है।

हमीरपुर बस अड्डे पर इसलिए कुछ समय से यही कुछ हो रहा है। जब वहां से किसी ने कोई जानकारी लेनी हो तो फोन का रिसीवर हल्का सा उठा दिया जाता है, ताकि कोई घंटी उस पर न बज सके, जिसे जरूरत है वह चाहे बार-बार ट्राई करता रहे। इससे एचआरटीसी को कोई मतलब नहीं। बस अड्डे के ऑफिस में पिछले कुछ समय से ऐसी व्यवस्था यात्रियों के जी का जंजाल बनी हुई है। 01972-222893 फोन नंबर बस अड्डा से इंक्वारी का है। पिछले लगातार कुछ दिन बहुत बार फोन होल्ड पर रख दिया जा रहा है।

अब इस बाबत कुछ दिन पहले भी अधिकारियों से शिकायत की गई थी, लेकिन कोई इसका हल नहीं निकला। वीरवार को हमीरपुर के आरएम राहुल कुमार का कहना है कि ऐसा यदि हो रहा है तो इस पर संबंधित जवाब देह कर्मचारियों को हिदायत दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब यदि ऐसा होगा, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अड्डा इंचार्ज जगदेव सिंह का कहना है कि हो सकता है, जिस समय ड्यूटी लगाने के लिए फोन पर कॉल चल रही हो, तो ऐसा होता होगा। लेकिन फिर भी ऐसी शिकायत अब दोबारा नहीं आने दी जाएगी।

गैस नियमों पर बड़ी कार्रवाई: 29 होटलों का औचक निरीक्षण, 11 घरेलू सिलेंडर जब्त

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, भटियात। जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग के खिलाफ खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक छापेमारी की। भटियात क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई के दौरान 29 होटलों व ढाबों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें 11 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

यह कार्रवाई निरीक्षक विक्रम सिंह (खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, भटियात) के नेतृत्व में की गई। निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में किया जाता पाया गया, जो नियमों के विरुद्ध है। मौके पर ही विभागीय टीम ने सिलेंडरों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। निरीक्षक विक्रम सिंह ने स्पष्ट कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित हैं। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा इनका उपयोग करना नियमों का सीधा उल्लंघन है, जिस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस पूरी कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, चंबा को भेज दी गई है और आगे की प्रक्रिया नियमानुसार जारी है।

विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण लगातार किए जाएंगे व नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस कार्रवाई के बाद होटल व ढाबा संचालकों में सतर्कता बढ़ गई है। वहीं, आम उपभोक्ताओं ने विभाग की इस पहल को आवश्यक और सराहनीय बताया है। अब देखना होगा कि इस सख्ती के बाद जिले में गैस नियमों का पालन किस स्तर तक सुनिश्चित हो पाता है।

हर बारिश में थम जाती जिंदगी, 5 बीघा जमीन बहने से बढ़ी दहशत

हिमगिरी-सलूनी सड़क पर मलबे का कहर

अनंत ज्ञान

चंबा। जिला चंबा के सलूनी क्षेत्र में हिमगिरी-सलूनी मुख्य सड़क पर हर बारिश के साथ हालात भयावह रूप ले लेते हैं। लड़ेर के पास जैसे ही बारिश होती है, ऊपर स्थित धला-अंडवास सड़क से भारी मात्रा में पानी व मलबा बहकर मुख्य सड़क पर आ जाता है, जिससे पूरा मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि कई बार बाइक तक इस रास्ते को पार नहीं कर पाती।

सड़क पर मलबे के ढेर लग जाते हैं व आवाजाही पूरी तरह ठप हो जाती है। नीचे की सड़क भी बुरी तरह टूट चुकी है, हालात ऐसे हैं कि बसों के टायर तक सड़क में धंस जाते हैं, जिससे बड़े वाहनों का गुजरना बेहद मुश्किल हो जाता है। बारिश के दौरान बने बाढ़ जैसे हालातों ने आसपास के खेतों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है, अब तक करीब 5 बीघा जमीन बह चुकी है व वहां गहरी-गहरी नालियां बन गई हैं, जिन्हें पार करना आम लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं है। यह समस्या केवल कुछ दिनों की नहीं, बल्कि कई बार यह सड़क हफ्तों तक बंद रहती है, जिससे स्थानीय लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होता है और रोजमर्रा की गतिविधियां ठप पड़ जाती हैं। स्थानीय निवासी जशन ने कहा कि हर बार बारिश में यही स्थिति बनती है व लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सड़क की यह हालत अब खतरे का रूप ले चुकी है, जहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लगातार बिगड़ते हालातों के बीच क्षेत्र के लोग डर व असुविधा के साये में जीने को मजबूर हैं, जबकि हर बारिश के साथ यह संकट और गहराता जा रहा है।

चूड़ी के किसानों की उपजाऊ जमीन बंजर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

अनंत ज्ञान

भरमौर। पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग (एनएच-154अ) के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों व पूर्व वार्ड सदस्य संजय राजपूत ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

चूड़ी क्षेत्र में सड़क निर्माण के दौरान कथित लापरवाही के कारण स्थानीय किसानों की उपजाऊ भूमि पूरी तरह बंजर हो गई है। संजय राजपूत ने बताया कि सड़क निर्माण में जरूरी सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। सड़क किनारे मजबूत कंक्रीट, रिटेनिंग वॉल लगाने की बजाय बार-बार ग्रामीणों की जमीन का कटाव कर उसी पर सड़क बनाई जा रही है। कई जगहों पर पक्की दीवार भी ऊपर से ही बनाई गई है, जिससे भूमि में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन व एनएच विभाग के समक्ष कई बार शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रभावित परिवारों को मुआवजा नहीं दिया गया व स्थायी समाधान के लिए कोई योजना नहीं बनाई गई। संजय राजपूत व ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनकी प्रमुख मांगें हैं: सड़क किनारे मजबूत रिटेनिंग वॉल का निर्माण, प्रभावित ग्रामीणों को उचित मुआवजा, निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच, लापरवाह अधिकारियों और निर्माण कंपनी पर सख्त कार्रवाई। इस मामले ने एनएच विभाग की निगरानी व पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, अब यह देखना बाकी है कि प्रशासन प्रभावित ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए कब तक कार्रवाई करता है।

चंबा में सड़क सुरक्षा पर सख्ती के निर्देश: शाम को बढ़ेगी चेकिंग, स्कूलों के पास लगेंगे स्पीड ब्रेकर

अनंत ज्ञान

चंबा। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

वीरवार को जिलाधीश कार्यालय चंबा में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता जिलाधीश मुकेश रेपसवाल ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संजीव कुमार ने जानकारी दी कि जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान किए जा रहे हैं और आम लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका और परिवहन निगम के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। सभी विभागों ने सड़क सुरक्षा को लेकर समन्वय के साथ काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिलाधीश मुकेश रेपसवाल ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि शाम के समय वाहनों की चेकिंग बढ़ाई जाए, क्योंकि इस दौरान दुर्घटनाओं की आशंका अधिक रहती है। उन्होंने स्कूलों के आसपास सड़कों पर स्पीड ब्रेकर लगाने, राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आम जनता को विभिन्न राहत योजनाओं के बारे में जागरूक करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी से ही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। इसलिए जागरूकता और सख्ती—दोनों को साथ लेकर चलना जरूरी है। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक दिनेश शर्मा, सहायक अभियंता दिनेश कुमार, सहायक अभियंता वीरेंद्र ठाकुर, चिकित्सा अधिकारी पंकज गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक प्रदीप सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेश, व्यापार मंडल के प्रधान वीरेंद्र कुमार, नगर पालिका चंबा की वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी राखी कौशल, आपदा प्रबंधन के प्रभारी चंद्रकांत और परिवहन निगम के प्रतिनिधि नवेन्द्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कुगती कार्तिक स्वामी मंदिर में पार्किंग की समस्या, श्रद्धालुओं व पर्यटकों को हो रही कठिनाई

अनंत ज्ञान, भरमौर। उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कार्तिक स्वामी मंदिर, कुगती के कपाट खुलने के बाद यहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन पार्किंग की उचित सुविधा न होने के कारण आने वाले लोग अपनी गाड़ियां बीच रास्ते में खड़ी कर रहे हैं, जिससे यातायात बाधित हो रहा है व बस सहित अन्य वाहनों को मार्ग में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वीरवार को भी श्रद्धालुओं व पर्यटकों ने गाड़ियों को उठाकर रास्ते के किनारे किया, जिसके बाद बस निर्धारित ठिकाने के लिए निकल पाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह-शाम मंदिर आने-जाने वाले बच्चों व यात्रियों के लिए यह स्थिति खतरनाक है। स्थानीय निवासियों ने भरमौर प्रशासन से मांग की है कि जो नया रोड निर्माणाधीन है, उसे जल्द पूरा किया जाए व आसपास पार्किंग स्थल का निर्माण किया जाए। उनका मानना है कि इससे न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा सुनिश्चित होगी, बल्कि स्थानीय लोगों के रोजगार व पर्यटन गतिविधियों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पार्किंग व सड़क व्यवस्था सुधारने की दिशा में प्रशासन ने जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

जिले में तीन चरणों में होंगे पंचायतीराज चुनाव

अनंत ज्ञान

चंबा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मुकेश रेपसवाल ने बताया कि पंचायती राज सामान्य चुनाव-2026 के सफल एवं निष्पक्ष आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

मुकेश रेपसवाल बचत भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि जिले में चुनाव तीन चरणों में आयोजित होंगे। प्रथम चरण 26 मई, द्वितीय चरण 28 मई तथा तृतीय चरण 30 मई को संपन्न होगा। इन चरणों में जिले की कुल 319 ग्राम पंचायतों के 1793 वार्डों में मतदान संपन्न होगा। डीसी ने बताया कि जिले के सात विकास खंडों चंबा,भरमौर, भाटियात, मैहला, सलूणी, तीसा और पांगी के अंतर्गत 1019 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 840 सामान्य, 133 संवेदनशील तथा 46 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र शामिल हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के लिए 399858 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 196932 महिला तथा 202926 पुरुष मतदाता शामिल हैं। विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 7995 नए मतदाता जोड़े गए हैं। प्रशासन द्वारा मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 3813 अधिकारियों-कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न विकास खंडों में मतदान दलों के लिए पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) निर्धारित तिथियों पर आयोजित किए जाएंगे, ताकि चुनाव प्रक्रिया को निर्बाध एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जा सके। पांगी क्षेत्र के लगभग 4500 मीटर तक के दुर्गम क्षेत्र चस्क भटोरी में मतदान की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जबकि तीसा विकास खंड के तहत गांव टेपा में 3667 मीटर की ऊंचाई पर मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। निर्वाचन में वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी भी उल्लेखनीय है, जहां कई मतदाता 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं। इसके अतिरिक्त 18 वर्ष आयु वर्ग के 1741 नए मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि निर्विरोध पंचायतों के गठन के लिए प्रोत्साहन-पुरस्कार योजना के तहत ग्राम पंचायत को 25 लाख रुपये, पंचायत समिति को 50 लाख रुपये तथा जिला परिषद को 1 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। मुकेश रेपसवाल ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा बिना किसी प्रलोभन के अपनी प्राथमिकताओं के अनुरूप अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता का एक-एक वोट लोकतंत्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए सभी नागरिक निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर मतदान करें और एक सशक्त एवं पारदर्शी शासन व्यवस्था के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

भंजराडू में तेंदुए का खौफ, कार्रवाई न होने पर प्रशासन ने सीसीएफ को लिखा पत्र

अनंत ज्ञान

चुराह। जिला चंबा के चुराह विधानसभा क्षेत्र के भंजराडू में पिछले एक सप्ताह से तेंदुए की लगातार मौजूदगी ने लोगों की नींद उड़ा दी है। रिहायशी इलाकों में बार-बार तेंदुए के देखे जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल है व हालात ऐसे बन गए हैं कि लोग घरों से बाहर निकलने तक से कतरा रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार तेंदुआ देर शाम व रात के समय गांव के आसपास मंडराता देखा जा रहा है, जिससे बच्चों व बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। कई परिवारों ने एहतियातन अपने दैनिक कार्यों तक को सीमित कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने पहले ही वन विभाग व वन्य जीव प्राणी विभाग को सूचित कर तेंदुए को पकड़ने की मांग की थी, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई। विभागीय सुस्ती पर सवाल उठने लगे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अब प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट (सीसीएफ) को पत्र लिखकर तेंदुए को जल्द पकड़ने की गुहार लगाई है, ताकि किसी भी संभावित जान-माल के नुकसान से बचा जा सके। चुनावी माहौल के बीच यह मुद्दा और भी संवेदनशील हो गया है, ऐसे में प्रशासन भी अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है व जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया जा रहा है। चुराह से एसडीएम राजेश कुमार जरियाल ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से तेंदुआ रिहायशी क्षेत्रों में देखा जा रहा है, जिससे लोगों में डर का माहौल है। पहले वन विभाग को सूचित किया गया था, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं हुई, अब चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट को पत्र भेजकर जल्द कार्रवाई की मांग की गई है, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। भंजराडू के ग्रामीण अब प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि तेंदुए की मौजूदगी से हर गुजरता दिन खतरे को और बढ़ा रहा है।

तीन नगर निकायों में चुनावी प्रक्रिया शुरू, 17 मई को होगा मतदान

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा जिले के तीन नगर निकायों में चुनावों को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले में दो नगर परिषद चंबा और डलहौजी तथा एक नगर पंचायत चुवाड़ी शामिल हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 2 मई तक चलेगी। 4 मई को नामांकन पत्रों की छंटनी होगी व 6 मई को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा, जिसके बाद मतगणना कर चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। उपमंडल स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि नगर निकाय चुनावों के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को ईवीएम सहित अन्य आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि चंबा नगर परिषद में 16 पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां 14,811 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं, चुवाड़ी नगर पंचायत में 7 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं, जहां करीब 3,000 मतदाता वोट डालेंगे। इसके अलावा डलहौजी नगर परिषद में 9 पोलिंग बूथ हैं, जहां लगभग 3,000 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। डीसी के अनुसार अंतिम संशोधन के बाद इन नगर निकायों में 244 नए मतदाता जोड़े गए हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से 17 मई को मतदान में भाग लेने और स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों के चयन में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की है।

न्यूज ब्रीफ

गर्भवती महिलाओं को किया जागरूक

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला चंबा में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा टीकाकरण सप्ताह के तहत एमसीएच केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। 24 से 30 अप्रैल तक चल रहे इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक करना और नियमित टीकाकरण सेवाओं की जानकारी देना है। कार्यक्रम में महिलाओं को टीकों के लाभ, समय पर टीकाकरण की आवश्यकता और संक्रामक रोगों से बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि समय पर टीकाकरण मां और गर्भस्थ शिशु दोनों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने इसे रोगों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय बताते हुए सभी से समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ. सुहेल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

एनसीसी रैंक जिम्मेदारी व राष्ट्र सेवा का प्रतीक

अनंत ज्ञान, चंबा। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा में एनसीसी रैंक समारोह देशभक्ति व अनुशासन के माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम कर्नल जेएस कौशल के मार्गदर्शन और प्राचार्य प्रो. राकेश राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कैडेट्स को उनके प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न रैंक प्रदान किए गए। तेज सिंह को सीनियर अंडर ऑफिसर, अर्जुन सिंह और कनिका देवी को अंडर ऑफिसर बनाया गया। इसके अलावा कई कैडेट्स को सार्जेंट, कॉर्पोरल और लांस कॉर्पोरल के पद दिए गए। कार्यक्रम में करीब 70 कैडेट्स और वरिष्ठ पास-आउट कैडेट्स मौजूद रहे। प्राचार्य ने कहा कि एनसीसी रैंक जिम्मेदारी और राष्ट्र सेवा का प्रतीक है। उन्होंने कैडेट्स को अनुशासन और उत्कृष्टता के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन एनसीसी गान के साथ हुआ।

बैरा स्यूल में मजदूरों का उबाल, मजदूर दिवस पर निर्णायक लड़ाई का ऐलान

अनंत ज्ञान

चंबा। जिला चंबा स्थित बैरा स्यूल परियोजना में श्रमिक असंतोष अब तेज होता जा रहा है। दुनी चंद की नौकरी बहाली की मांग को लेकर बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले जारी धरना-प्रदर्शन वीरवार को दसवें दिन भी जारी रहा।

बढ़ते आक्रोश के बीच मजदूरों ने संकेत दिए हैं कि वे अब आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। धरने में सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर और अध्यक्ष नरेंद्र विरुद्ध की मौजूदगी से आंदोलन को नई मजबूती मिली। यूनियन सचिव कुशल ठाकुर ने प्रबंधन पर उदासीन रवैये का आरोप लगाते हुए कहा कि मजदूर शांतिपूर्वक अपनी मांग उठा रहे हैं, लेकिन उनकी अनदेखी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। यूनियन ने घोषणा की कि 1 मई, मजदूर दिवस पर परियोजना में बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर अगली रणनीति तय की जाएगी। सुदेश ठाकुर ने 58 वर्ष में सेवा समाप्ति को अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर मामला श्रम न्यायालय तक ले जाया जाएगा। यूनियन ने स्पष्ट किया कि बहाली तक आंदोलन जारी रहेगा।

चंबा के चौगान मैदान में पहली बार आईपीएल फैन पार्क

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग फैन पार्क का आयोजन होने जा रहा है, जिससे जिले में उत्साह का माहौल बन गया है। डीसी चंबा ने इस आयोजन को जिले के लिए एक बड़ा अवसर बताते हुए कहा कि इससे चंबा को नई पहचान मिलेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि इस तरह का आयोजन चंबा में पहली बार हो रहा है, जिसमें क्रिकेट प्रेमियों को बड़े स्क्रीन पर लाइव मैच देखने का शानदार मौका मिलेगा। यह फैन पार्क 2 और 3 मई को आयोजित किया जाएगा, जहां लोगों को क्रिकेट के साथ-साथ मनोरंजन का भी पूरा आनंद मिलेगा। डीसी ने जिला वासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में भाग लें और इसे सफल बनाएं, ताकि भविष्य में भी ऐसे बड़े आयोजन चंबा में होते रहें।

चंबा में भाजपा ने वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ को बनाया रणनीति का केंद्र

अनंत ज्ञान

चंबा। जिला चंबा में भाजपा ने संगठन को नई धार देने के लिए अब अपने सबसे अनुभवी चेहरों को सक्रिय मोर्चे पर उतार दिया है। वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ की परिचय बैठक महज एक औपचारिक आयोजन नहीं रही, बल्कि इसे पार्टी की जमीनी पकड़ मजबूत करने की बड़ी रणनीतिक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक देव राज शर्मा व वरिष्ठ प्रदेश सह संयोजक एवं जिला प्रभारी डीके सोनी ने की। बैठक में जिला अध्यक्ष धीरज सिंह नरयाल, उपाध्यक्ष विनोद ठाकुर, जिला संयोजक किशन चंद ठाकुर, वरिष्ठ सह संयोजक आत्मा राम शर्मा, मुख्य सलाहकार बजीर सिंह यादव, जिला महामंत्री प्यार सिंह भारद्वाज सहित विभिन्न मंडलों के संयोजक, सह संयोजक और बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के सम्मान में दीप प्रज्वलन व जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। इसके बाद वंदे मातरम् के साथ बैठक को औपचारिक रूप दिया गया। प्रदेश संयोजक देव राज शर्मा ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ भाजपा की 'अनुभव शक्ति' है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के तपे-तपाए कार्यकर्ता शामिल हैं। जिला अध्यक्ष धीरज सिंह नरयाल ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता को सराहते हुए कहा कि ये कार्यकर्ता 'कुछ लेने नहीं, बल्कि देने की भावना' से संगठन में कार्य करते हैं, जो भाजपा की असली ताकत हैं। वरिष्ठ प्रदेश सह संयोजक व जिला प्रभारी डीके सोनी ने संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि अब समय है कि अनुभव व संगठन को साथ लेकर भाजपा को और व्यापक बनाया जाए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिला संयोजक किशन चंद ठाकुर ने घोषणा की कि जल्द ही मंडल कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा, जिससे संगठन को नई गति मिलेगी। वहीं, वरिष्ठ सह संयोजक आत्मा राम शर्मा ने भरोसा दिलाया कि जिला चंबा में प्रकोष्ठ का विस्तार तेज गति से किया जाएगा व हर स्तर पर इसे सक्रिय बनाया जाएगा।

सेवानिवृत्ति पर वाहन चालक धर्मचंद शर्मा को दी विदाई

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय चंबा में कार्यरत वाहन चालक धर्मचंद शर्मा वीरवार को सेवानिवृत्त हो गए। निदेशक सूचना व जनसंपर्क विभाग राजीव कुमार सहित विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय चंबा में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिला लोक संपर्क अधिकारी बलवीर सिंह ने वाहन चालक के रूप में उनके दीर्घ सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी सेवाओं के दौरान सदैव कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और लगन का परिचय दिया। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अनंत Classifieds

न्यूज रीडिंग में खुशी सिमरन, हिमांशी और ध्रुव रहे प्रथम स्थान पर

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। गवर्नमेंट बीएसएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुंदरनगर में वीरवार को लैंग्वेज एंड लिटरेरी क्लब द्वारा न्यूज रीडिंग और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। न्यूज रीडिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रभावशाली प्रस्तुति देकर अपनी भाषा कौशल क्षमता का प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग में खुशी और सिमरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सीनियर वर्ग में हिमांशी और ध्रुव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके साथ ही कक्षा पहली से तीसरी तक के नन्हे विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा में अपनी रचनात्मकता और मासूमियत से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य मनजीत सिंह ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना की तथा उन्हें चॉकलेट्स व उपहार देकर प्रोत्साहित किया।

सिया गुलेरिया हत्याकांड: न्याय की मांग तेज, संगठनों ने दी आर्थिक सहायता

याद में स्मारक और लाइब्रेरी बनाने का भी हुआ निर्णय

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। गोपालपुर क्षेत्र के नैण गांव में 13 अप्रैल को हुई सिया गुलेरिया की निर्मम हत्या के मामले में छात्र संगठन एसएफआई एवं अन्य सामाजिक संगठनों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर आर्थिक सहायता प्रदान की।

इस दौरान एसएफआई राज्य प्रधान अनिल ठाकुर, जिला प्रधान ऋत्विक कुमार सहित अन्य पदाधिकारी तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का संकल्प दोहराया। संगठनों ने निर्णय लिया कि 4 मई को डीएसपी सरकाघाट से मुलाकात कर जांच में तेजी, जल्द चालान पेश करने और मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग की जाएगी।

साथ ही शिमला में पुलिस महानिदेशक और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। एसएफआई ने दिवंगत सिया गुलेरिया की स्मृति में घटनास्थल के पास स्मारक और सरकाघाट कॉलेज व गोपालपुर स्कूल में लाइब्रेरी बनाने का निर्णय लिया है। इधर, हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते नशे, विशेषकर चिट्टा, के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए आगामी जिला सम्मेलन में रणनीति तैयार की जाएगी।

चच्योट में पीएचसी खोलने की प्रक्रिया तेज प्रस्ताव मांगा गया

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर। नाचन विधानसभा क्षेत्र के चच्योट में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) खोलने की प्रक्रिया तेज हो गई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं के माध्यम से मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी से विस्तृत प्रस्ताव मांगा है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर प्राथमिकता के आधार पर भेजना अनिवार्य किया गया है, जिसे आगे राज्य सरकार को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाएगा। प्रस्ताव में क्षेत्र की जनसंख्या, निकटवर्ती स्वास्थ्य संस्थानों की दूरी, पिछले वर्ष की औसत ओपीडी, भवन व भूमि की उपलब्धता, तथा बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी शामिल करनी होगी। साथ ही ग्राम पंचायत की ओर से भूमि या किराया मुक्त भवन उपलब्ध कराने संबंधी शपथ पत्र भी आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त निकटतम आयुर्वेदिक संस्थान की दूरी और वहां के ओपीडी व आईपीडी आंकड़े भी प्रस्ताव में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रस्ताव पूर्ण औचित्य और विस्तृत विवरण सहित भेजा जाए। बीएमओ बगस्याड़ डॉ. राकेश रोशन ने इसकी पुष्टि की है। अब क्षेत्रवासियों की नजर इस स्वास्थ्य सुविधा की स्वीकृति पर टिकी है।

व अदालत राहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ।
मुकदमा इन्द्राज मृत्यु तिथी ।
पेशी- 10.05.2020
सर्वजीत सिंह पुत्र स्व0 श्री राय सिंह निवासी गांव व डाकघर सतवानी तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि.प्र.।

बनाम

1. आम जनता 2. ग्राम पंचायत ततवानी 3. सी0एम0ओ0 कांगड़ा स्थित धर्मशाला।

विषय- बाबत इन्द्राज मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969

उपरोक्त विषय से संबधित मुकदमा इस अदालत में विचाराधीन है जिसमें प्रार्थी ने दावा किया है कि उनके भाई श्री अभिषेक पुत्र श्री राय सिहं का देहांत दिनांक 06.02.2025 को ग

जहां अकारण अत्यंत सत्कार हो, वहां परिणाम में दुख की आशंका करनी चाहिए।

-कुमार सम्भव

संपादकीय

कोचिंग संस्कृति पर लगाम

हिमाचल प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और समयोचित कदम उठाया है। राज्य में निजी कोचिंग सेंटरों की बढ़ती मनमानी, छात्रों पर बढ़ते मानसिक दबाव और फीस की अपारदर्शिता को देखते हुए सरकार ने एक व्यापक नियमावली लागू की है। यह पहल न केवल छात्रों के हितों की रक्षा करने वाली है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक बड़ा कदम मानी जा सकती है।

पिछले कुछ वर्षों में देशभर में कोचिंग संस्थानों का तेजी से विस्तार हुआ है। बेहतर अंकों और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता की होड़ ने छात्रों को स्कूल शिक्षा के साथ-साथ कोचिंग सेंटरों पर निर्भर बना दिया है। हिमाचल प्रदेश भी इस प्रवृत्ति से अछूता नहीं रहा, लेकिन इस विस्तार के साथ ही कोचिंग संस्थानों की मनमानी, अत्यधिक फीस वसूली, लंबा अध्ययन समय और बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे कई गंभीर मुद्दे सामने आए हैं। कई मामलों में छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हुआ है, जो चिंता का विषय है।

इसी पृष्ठभूमि में सरकार द्वारा कोचिंग सेंटरों के लिए अनिवार्य पंजीकरण की व्यवस्था लागू करना एक सकारात्मक कदम है। अब बिना रजिस्ट्रेशन कोई भी कोचिंग सेंटर संचालित नहीं हो सकेगा। पहले से संचालित संस्थानों को भी तीन महीने के भीतर पंजीकरण कराना अनिवार्य किया गया है। यह प्रावधान निश्चित रूप से अनियंत्रित और अवैध रूप से चल रहे संस्थानों पर रोक लगाने में मददगार साबित होगा।

हालांकि, इस नियमावली में 50 हजार रुपए का पंजीकरण शुल्क और 25 हजार रुपए का नवीनीकरण शुल्क कुछ छोटे कोचिंग संचालकों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यह भी संभव है कि इससे कुछ छोटे और स्थानीय स्तर के संस्थान बंद हो जाएं या शुल्क का बोझ छात्रों पर डाला जाए। इसलिए सरकार को इस पहलू पर भी संतुलन बनाकर चलना होगा, ताकि शिक्षा सुलभ बनी रहे।

सरकार ने छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई के समय को प्रतिदिन अधिकतम पांच घंटे तक सीमित किया है और सप्ताह में एक दिन अवकाश अनिवार्य किया है। इसके साथ ही सुबह बहुत जल्दी या देर रात कक्षाएं संचालित करने पर भी रोक लगाई गई है। यह निर्णय निश्चित रूप से छात्रों को राहत देने वाला है, क्योंकि अत्यधिक पढ़ाई के दबाव से उत्पन्न तनाव कई बार गंभीर परिणामों का कारण बनता रहा है।

इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर भी स्पष्ट मानक तय किए गए हैं। प्रति छात्र न्यूनतम एक वर्ग मीटर स्थान, स्वच्छ पेयजल, अलग शौचालय, सीसीटीवी निगरानी, फायर और बिल्डिंग सेफ्टी सर्टिफिकेट, फर्स्ट एड बॉक्स और शिकायत निवारण प्रणाली जैसी सुविधाएं अनिवार्य की गई हैं। इससे न केवल छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि एक स्वस्थ और व्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण भी तैयार होगा।

फीस संरचना और विज्ञापन को लेकर भी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्स के दौरान फीस में वृद्धि नहीं की जा सकेगी और कोर्स छोड़ने की स्थिति में 10 दिनों के भीतर फीस वापस करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, भ्रामक विज्ञापन और सफलता की गारंटी जैसे दावे करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह कदम अभिभावकों और छात्रों को गुमराह होने से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

निगरानी के लिए जिला स्तर पर समितियों का गठन भी एक सराहनीय पहल है। इन समितियों में उपायुक्त (डीसी) की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक (एसपी), मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ), कॉलेज प्राचार्य और अन्य अधिकारी शामिल होंगे। ये समितियां समय-समय पर कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण करेंगी और शिकायतों का समाधान भी करेंगी। इसके साथ ही राज्य स्तर पर अपील प्राधिकरण की व्यवस्था भी की गई है, जिससे पीड़ितों को न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज की प्रमुख हस्ती

'पद्म श्री' से सम्मानित किसान

नेकराम शर्मा हिमाचल प्रदेश के एक प्रसिद्ध किसान हैं, जिनका जन्म 1 मई 1964 को हुआ। वे मात्र दसवीं तक शिक्षित हैं, लेकिन अपनी मेहनत और सोच के बल पर उन्होंने प्राकृतिक खेती को एक नई दिशा दी। वर्ष 1993 में उन्होंने रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक खेती की शुरुआत की, जो उस समय एक कठिन और साहसिक कदम था। शुरुआती दौर में उन्हें अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और अपने गांव के अन्य किसानों को भी इस अभियान से जोड़ना शुरू किया।

नेकराम शर्मा
जन्म : 1 मई, 1964

उनका उद्देश्य केवल खेती करना नहीं था, बल्कि धरती माता को रासायनिक प्रभावों से बचाना और स्वस्थ भोजन उपलब्ध कराना था। उन्होंने गोबर और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से खेती को बढ़ावा दिया, जिससे मिट्टी की उर्वरता भी बनी रही और लोगों को सुरक्षित भोजन मिलने लगा। धीरे-धीरे उनकी प्राकृतिक सब्जियों और अनाज की मांग हिमाचल प्रदेश से लेकर दिल्ली तक बढ़ने लगी।

नेकराम शर्मा का योगदान आज पूरे देश के लिए प्रेरणा है। उनके प्रयासों से कई किसान रासायनिक खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती की ओर लौटे हैं। 30 वर्षों की मेहनत के बाद उनके कार्य को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली और वर्ष 2023 में भारत सरकार ने उन्हें 'पद्म श्री' से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके समर्पण और संघर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ■

कविता

मजदूर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

रवि कुमार, मैहरी काथला
जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

आओ, अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाएं। दिवस विशेष की यादें दोहराएं,
18वीं सदी तक पुरजोर शोषण, कायदे कानून न भरपेट पोषण।
1 मई सन् 1886 को शिकागो शहर में हुआ आयोजन, आशा की किरण में
दिखता प्रयोजन, 15 घंटे दैनिक टाइम को 8 घंटे किया जाए, साप्ताहिक
छुट्टी का ऐलान किया जाए। उठी हक की बुलंद आवाज, 1 मई, सन 1923
भारत में दिवस आगाज। अब 80 से ज्यादा देश यह पर्व अवकाश से
मनाने, इनके सम्मान, गौरव की गाथा सुनाते, मजबूर नहीं मजदूर कहलाते,
फौलादी इरादे खून पसीना बहाते, पथरीली मिट्टी का भी सोना बनाते।
विघ्न बाधा करते पल में दूर, दुनिया कहती श्रमिक मजदूर, श्रममेव जयते
का नारा लगाते, बेनाम उनके काम से मशहूर हो जाते, मेहनतकश दो जून
कमाते। बस्ता किताबें पीछे छूटी, न जाने क्यों किस्मत फूटी, भूख गरीबी ने
किया मजबूर, आठ अजूबे बना हुआ मजदूर, मेरी व्यथा क्या सुनोगे हुजूर,
क्या क्रिसमिस, ईद, दीवाली, अपनी जीवटता में दुनिया काली।
उद्योगों का मैं कंगूरे की पत्थर, पर मैं न चर्चा में आऊं, पर्दे पर किरदार छा
गए, पर्दे पीछे से वाहवाही कहां से पाऊं, अपनी छोड़, परिवार यातना कैसे
गिनाऊं, फुटपाथ पर ममता की छांव में, लोरी सुन जच्चा बच्चा मीठी नींद
खुलाऊं। आ रहा मशीनी युग, श्रम की लौ जाये न बुझ, चैन कहां से पाऊं।
मैं मजदूर धरती पुत्र, काम देख हर्षाऊं। जब भी होगा विकासगाथा गायन,
मेरी चर्चा पाएगी समुचित स्थान, ऐसा सोच के महान बन जाऊं, जीवटता
के दुःखों की गठरी, उठा के मंद मंद मुस्काऊं।

विकास बनाम मानवीय गरिमा का सवाल

विश्वभर में प्रत्येक वर्ष 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। यह दिन श्रमिकों के अधिकारों, उनके संघर्ष और उनके योगदान को स्मरण करने का अवसर है। 'दुनिया के मजदूरों एक हो जाओ' का नारा आज भी गूंजता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज भी दुनिया के अधिकांश मजदूर शोषण, असमानता और अभावों के बीच जीवन जी रहे हैं।

डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि विज्ञानी, कृ.वि.वि. पालमपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

नारे और घोषणाएं अपनी जगह हैं, परंतु जमीनी स्तर पर मजदूरों की स्थिति में अपेक्षित सुधार अब भी अधूरा है। आज भी बड़े-बड़े शहरों में मजदूर झुग्गी-झोपड़ियों और मलिन बस्तियों में रहने को मजबूर हैं। उन्हें स्वच्छ पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। वे दिन-रात मेहनत करके उद्योगों, निर्माण कार्यों और सेवा क्षेत्रों को गति देते हैं, लेकिन उनके अपने परिवार अभावों में जीवन बिताते हैं। यह एक गहरी विडंबना है कि जो वर्ग देश की अर्थव्यवस्था और विकास की रीढ़ है, वही सबसे अधिक उपेक्षित है।

काम के घंटों और मजदूरी की स्थिति भी अत्यंत चिंताजनक है। कई स्थानों पर मजदूरों से 10 से 12 घंटे तक काम लिया जाता है, जबकि उन्हें न्यूनतम वेतन भी समय पर नहीं मिलता। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की स्थिति और भी खराब है, जहां न कोई निश्चित वेतन है और न ही सामाजिक सुरक्षा। ठेकेदारी और आउटसोर्सिंग की व्यवस्था ने श्रमिकों को अस्थिरता और असुरक्षा के दायरे में धकेल दिया है। बेरोजगारी के बढ़ते स्तर के कारण मजदूर कम वेतन पर भी काम करने को विवश हैं। महिला मजदूरों की स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन नहीं मिलता और कई बार उन्हें कार्यस्थल पर भेदभाव और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है।

वे घर और बाहर दोनों जगह काम करती हैं, फिर भी उन्हें उचित सम्मान नहीं मिलता। जब वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाती हैं, तो कई बार उन्हें दमन का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति दर्शाती है कि लैंगिक समानता अभी भी एक दूर का लक्ष्य है। इतिहास की ओर देखें तो 1886 में शिकागो के मजदूरों ने 8 घंटे के कार्यदिवस की मांग को लेकर आंदोलन किया था, जो अंततः सफल रहा लेकिन आज, इतने वर्षों बाद भी, कई स्थानों पर मजदूर फिर से लंबे कार्यघंटों और कम वेतन की स्थिति में पहुंच गए हैं। यह दर्शाता है कि श्रमिक अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष आवश्यक है।

वैश्वीकरण और पूंजीवाद के इस युग में श्रम को एक वस्तु के रूप में देखा जाने लगा है। उद्योगपति सस्ते श्रम की तलाश में रहते हैं और मजदूरों से अधिकतम काम लेकर न्यूनतम वेतन देना चाहते हैं। भारत जैसे विकासशील देशों के मजदूर वैश्विक बाजार में सस्ते श्रम के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं। चाहे वे देश के भीतर हों या विदेशों में, उनकी स्थिति में बहुत अधिक सुधार देखने को नहीं मिलता।

सरकारी योजनाएं अक्सर कागजों तक सीमित रह जाती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार योजनाओं में मजदूरी का भुगतान समय पर नहीं होता, जबकि शहरी क्षेत्रों में ऐसे अवसर सीमित हैं। गिग इकोनॉमी में काम करने वाले युवाओं-जैसे डिलीवरी एजेंट के पास न तो स्थायी आय है और न ही पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा। दुर्घटना या बीमारी की स्थिति में उनका भविष्य असुरक्षित हो जाता है। मजदूर संगठनों की स्थिति भी पहले की तुलना में कमजोर हुई है। पहले जहां मजदूर एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते थे, वहीं आज संगठन बिखरे हुए हैं। आवाजें तो बहुत हैं, लेकिन एकता की कमी के कारण उनका प्रभाव कम हो गया है। इसका परिणाम यह है कि मजदूर आंदोलन पहले जैसा प्रभावशाली नहीं रह गया। यदि भारत को वास्तव में एक विकसित राष्ट्र बनना है, तो मजदूरों की स्थिति में सुधार अनिवार्य है। देश की आर्थिक प्रगति केवल उद्योगों, तकनीक या पूंजी से नहीं, बल्कि श्रमिकों के परिश्रम और समर्पण से संभव होती है। इसलिए यह आवश्यक है कि न्यूनतम वेतन कानून का सख्ती से पालन हो और मजदूरों को उनके श्रम के अनुरूप उचित पारिश्रमिक मिले। साथ ही, सुरक्षित कार्यस्थल, स्वास्थ्य सुविधाएं, बच्चों के लिए शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का विस्तार किया जाना चाहिए। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को भी इन सुविधाओं के दायरे में लाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही वर्ग सबसे अधिक शोषण का शिकार होता है।

महिला श्रमिकों की स्थिति पर विशेष ध्यान देना भी जरूरी है। उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन, सुरक्षित वातावरण और सम्मानजनक व्यवहार मिलना चाहिए। साथ ही, मातृत्व लाभ और कार्यस्थल पर सुरक्षा जैसे मुद्दों पर ठोस कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि वे बिना भय और भेदभाव के काम कर सकें।

मजदूर दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह दिन हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम वास्तव में उन लोगों के प्रति न्याय कर रहे हैं, जिनके श्रम से हमारे समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है। मजदूरों का कल्याण केवल आर्थिक विकास का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा से जुड़ा हुआ विषय है। मजदूरों को जब तक उन्हें उचित वेतन, सम्मान और सुरक्षा नहीं मिलेगी, तब तक विकास अधूरा रहेगा। इसलिए सरकार, समाज और उद्योग जगत को मिलकर ठोस और प्रभावी कदम उठाने होंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

मजदूर दिवस : हमारे गुमनाम नायक श्रमिक वर्ग के सम्मान को समर्पित

मानव सभ्यता के आरंभ से ही श्रम का महत्व सर्वोपरि रहा है। जब आदिमानव ने अपने जीवन को व्यवस्थित करने के लिए पत्थरों को तराशा, खेती करना सीखा, घर बनाए और समाज की संरचना की, तभी से श्रम मानव जीवन का आधार बन गया। श्रम केवल शरीर की शक्ति का प्रयोग नहीं, बल्कि सृजन, निर्माण और विकास की निरंतर प्रक्रिया है।

सुभाष चंद कासव
गांव जौवा डाकघर गैहरा तहसील व जिला चंबा (हि. प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

संसार की जितनी भी भव्य उपलब्धियां हैं-ऊंची इमारतें, पुल, सड़कें, रेलमार्ग, खेतों की हरियाली, उद्योगों की चहल-पहल, नगरों की रौनक-इन सबके मूल में मजदूर का अथक परिश्रम छिपा हुआ है। मजदूर अपने श्रम से राष्ट्र की आर्थिक धुरी को गति देता है। वह अपने पसीने की हर बूंद से विकास की नई इबारत लिखता है। इसलिए मजदूर केवल एक वर्ग नहीं, बल्कि समाज की जीवंत शक्ति है। इन्हीं श्रमिकों के सम्मान, उनके अधिकारों और संघर्षों को स्मरण करने के लिए प्रतिवर्ष एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। मजदूर दिवस जिसे अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस अथवा मई दिवस भी कहा जाता है, केवल उत्सव का दिन नहीं बल्कि संघर्ष, चेतना और अधिकारों की याद दिलाने वाला अवसर है। यह दिन हमें उन मजदूरों के बलिदान की याद दिलाता है जिन्होंने अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई और मानव श्रम को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। मजदूर दिवस का इतिहास संघर्ष की ऐसी ही गौरवगाथा है। 19वीं शताब्दी में औद्योगिक क्रांति के बाद कारखानों की संख्या बढ़ी और बड़ी संख्या में मजदूर काम करने लगे।

उस समय मजदूरों से बारह से सोलह घंटे तक कठिन श्रम कराया जाता था। उन्हें बहुत कम मजदूरी दी जाती थी, कार्यस्थलों पर सुरक्षा के साधन नहीं होते थे और शोषण चरम पर था। मजदूरों को मानव नहीं, मशीन समझा जाता था। ऐसे समय में मजदूरों ने अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई। एक मई अठारह सौ छियासी को अमेरिका के शिकागो नगर में मजदूरों ने आठ घंटे कार्य दिवस की मांग को लेकर ऐतिहासिक आंदोलन किया। उनका नारा था-आठ घंटे काम, आठ घंटे विश्राम और आठ घंटे मनोरंजन। यह मांग केवल काम के घंटे कम करने की नहीं थी, बल्कि मनुष्य को गरिमामय जीवन देने की मांग थी। इस आंदोलन के दौरान हेमार्केट में हिंसक घटना हुई, जिसमें अनेक मजदूर शहीद हुए। इन शहीदों के बलिदान ने दुनिया को झकझोर दिया। बाद में अठारह सौ नवासी में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि एक मई को श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाएगा। तभी से यह दिन श्रमिक एकता और अधिकारों के प्रतीक के रूप में पूरी दुनिया में मनाया जाने लगा।

मजदूर दिवस भारत में श्रमिकों के योगदान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता का महत्वपूर्ण अवसर है। भारत में इसका आरंभ 1 मई 1923 को चेन्नई से हुआ और धीरे-धीरे यह श्रमिक चेतना का राष्ट्रीय पर्व बन गया। किसान, कारखाना श्रमिक, निर्माण मजदूर और सफाई कर्मचारी-सभी राष्ट्र निर्माण के आधार स्तंभ हैं। इनके बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है।

मजदूर अपने श्रम से जीवन को गति देता है-वह अन्न उगाता है, इमारतें बनाता है, मशीनें तैयार करता है और आधारभूत ढांचा खड़ा करता है। फिर भी विडंबना यह है कि वही वर्ग अक्सर उपेक्षित रहता है। कई श्रमिकों को उचित वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती। असंगठित क्षेत्र के मजदूर विशेष रूप से शोषण का शिकार होते हैं। महिला श्रमिकों को समान वेतन और सम्मान नहीं मिलता, जबकि बाल श्रम समाज पर कलंक बना हुआ है। कोविड-19 महामारी ने प्रवासी मजदूरों की कठिनाइयों को उजागर किया और श्रमिक कल्याण की आवश्यकता को रेखांकित किया। कुल मिलाकर मजदूर दिवस केवल अधिकारों की मांग नहीं, बल्कि श्रम के सम्मान का संदेश भी देता है। यह बताता है कि किसी भी समाज की प्रगति उसके श्रमिकों की स्थिति पर निर्भर करती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

शिक्षा के माध्यम से समानता और सामाजिक न्याय की नई दिशा

भारत जैसे विविधताओं और सामाजिक असमानताओं वाले समाज में शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, समान अवसर और न्याय स्थापित करने का सशक्त साधन है।

विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, बद्दी, सोलन

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इसी दृष्टि से शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग), जिसके अंतर्गत निजी विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा वंचित समूहों के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, भारतीय लोकतंत्र की परिवर्तनकारी सोच को प्रतिबिंबित करती है। जनवरी 2026 में उच्चतम न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में इस प्रावधान की संवैधानिक वैधता और सामाजिक उपयोगिता को पुनः स्थापित करते हुए इसे सामाजिक एकीकरण और समानता का प्रभावी औजार बताया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था केवल गरीब बच्चों को निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने की योजना नहीं, बल्कि साझा शिक्षण स्थल के निर्माण का प्रयास है, जहां समाज के विभिन्न वर्गों के बच्चे साथ बैठकर शिक्षा प्राप्त करते हैं। यह स्थिति प्रतीकात्मक समानता का सशक्त उदाहरण है, जिसमें न्यायाधीश और सड़क विक्रेता के बच्चे एक ही बेंच पर बैठ सकते हैं। इस प्रकार यह प्रावधान जन्म आधारित सामाजिक सीमाओं को तोड़ने और समान अवसर उपलब्ध कराने की संवैधानिक रणनीति के रूप में कार्य करता है। समाजशास्त्रीय दृष्टि से यह प्रावधान सामाजिक स्तरीकरण को चुनौती देता है। भारतीय समाज में शिक्षा लंबे समय तक वर्गीय विशेषाधिकार का माध्यम रही है, जहां गुणवत्तापूर्ण निजी शिक्षा केवल संपन्न वर्ग तक सीमित रही। ऐसे में यह प्रावधान शिक्षा के लोकतंत्रीकरण का प्रयास है, जो वंचित वर्गों के बच्चों को उन सामाजिक-सांस्कृतिक अवसरों तक पहुंच प्रदान करता है जो पहले उनसे दूर थे। यह केवल विद्यालय में प्रवेश नहीं, बल्कि सामाजिक गतिशीलता के नए द्वार खोलने का प्रयास है।



फ्रांसीसी समाजशास्त्री पियरे बोरदियू की सांस्कृतिक पूंजी और हैबिटस की अवधारणाएं इस संदर्भ में अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। बोरदियू के अनुसार व्यक्ति की आकांक्षाएं, व्यवहार और अवसर उसके सामाजिक परिवेश द्वारा निर्मित होते हैं। जब गरीब या वंचित परिवार का बच्चा एक प्रतिष्ठित निजी विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करता है, तो वह केवल पाठ्यपुस्तक ज्ञान ही अर्जित नहीं करता, बल्कि भाषा कौशल, आत्मविश्वास, व्यवहार शैली, सामाजिक नेटवर्क और ऊंची आकांक्षाएं भी विकसित करता है। इस प्रकार यह व्यवस्था उसके हैबिटस को परिवर्तित करने का कार्य करती है। यह प्रावधान सामाजिक पूंजी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सामाजिक पूंजी से तात्पर्य उन संबंधों, नेटवर्कों और अवसरों से है, जो व्यक्ति के विकास में सहायक होते हैं। जब वंचित वर्ग के बच्चों को प्रतिष्ठित विद्यालयों में प्रवेश मिलता है, तो उन्हें ऐसे सामाजिक संसाधनों तक पहुंच प्राप्त होती है, जो उनके भविष्य को व्यापक बनाते हैं। इस प्रकार शिक्षा सामाजिक अवसरों के पुनर्वितरण का माध्यम बनती है। यह व्यवस्था पाउलो फेरे की 'मौन की संस्कृति' की अवधारणा को चुनौती देती है, जिसमें वंचित वर्ग अपनी संभावनाओं से अनभिज्ञ रह जाता है। ऐसे बच्चों का गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़ना उनके आत्मविश्वास और आकांक्षाओं को नई दिशा देता है। उच्चतम न्यायालय ने भी इस प्रावधान को सामाजिक न्याय के साझा दायित्व के रूप में स्वीकार किया है। यह केवल आरक्षण नहीं, बल्कि समान अवसर सुनिश्चित करने का प्रयास है। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं, जहां लाखों बच्चों को बेहतर शिक्षा और सामाजिक परिवेश मिला है।

हालांकि, क्रियान्वयन में प्रतिपूर्ति में देरी, सामाजिक भेदभाव और सहयोग की कमी जैसी चुनौतियां मौजूद हैं। इसलिए आवश्यक है कि समावेशी वातावरण और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

'बुद्ध के बुद्धत्व' और 'महानिर्वाण' की साक्षी पूर्णिमा

संपूर्ण विश्व के बौद्ध धर्म के उपासकों के लिए वैशाख मास की पूर्णिमा का विशेष रूप से महत्व है। इसी दिन 563 ईस्वी पूर्व इक्ष्वाकु क्षत्रिय वंशीय राजा शुद्धोधन के घर में लुंबिनी नामक स्थान पर महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था। बुद्ध पूर्णिमा का संबंध गौतम बुद्ध के साथ केवल जन्म भर का नहीं है बल्कि इसी पूर्णिमा तिथि को कठोर तपस्या करने के पश्चात बोधगया में बुद्ध को शाश्वत सत्य का ज्ञान हुआ था। सनातनी साहित्य में भी भगवान गौतम बुद्ध को विष्णु का नवम अवतार माना गया है। वैशाख मास की पूर्णिमा के दिन ही गौतम को बुद्धत्व एवं आत्मिक जागृति की प्राप्ति हुई थी इसीलिए यह पूर्णिमा बुद्ध पूर्णिमा के नाम से विख्यात है। समृद्ध राजशाही परिवार में जन्म लेने के उपरांत भी ये सांसारिक भोग विषयों में लिप्त नहीं हुए इनकी आंतरिक शाश्वत सत्य को जानने की पिपासा ने तथा वैराग्य के प्रबल संस्कारों ने आध्यात्मिक मार्ग तथा साधना मार्ग का पथिक बना दिया। भौतिक रूप से समृद्ध राजशाही ठाठ को त्याग कर यह कठोर साधना के जीवन की ओर बढ़ गए। जरा, मृत्यु ,जन्म, सांसारिक दुख इन सभी प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए गौतम बुध शाश्वत आनंद की यात्रा के पथिक बन गए। निरंतर साधना ,संयम और तपस्या के फल स्वरुप बोधगया नामक स्थान पर बोधि वृक्ष के नीचे सिद्धार्थ के अंतः करण में आत्मिक जागृति का उदय हुआ और वहीं से उनको बुद्धत्व की प्राप्ति हुई।

आचार्य दीप चंद भारद्वाज
(आध्यात्मिक चिंतक)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

बौद्ध धर्म के संस्थापक एवं सूत्रधार बनकर इस महामानव ने लाखों अनुयायियों को बौद्ध धर्म में दीक्षित करके साधना और आत्मज्ञान के मार्ग पर चलाया। इन्होंने अपने संपूर्ण उपदेश पाली भाषा में दिए तथा मगध को प्रचार का मुख्य केंद्र बनाया। कौशल देश की राजधानी श्रावस्ती में महात्मा बुद्ध ने सर्वाधिक उपदेश दिए। इनके संयम, त्याग, करुणा और विशाल व्यक्तित्व से प्रभावित होकर तत्कालीन सम्राट बिंदुसार भी इनके शिष्य बन गए। इन्होंने अपने शिष्यों को अष्टांगिक नियमों के आचरण पर बल दिया। सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प, सम्यक वाक, सम्यक कर्मांत, सम्यक अवलोकन, सम्यक आजीव सम्यक व्यायाम, सम्यक जागृति, सम्यक समाधि। महात्मा बुद्ध के इन स्वर्णिम आठ सिद्धांतों में मनुष्य की व्यक्तिगत, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक तथा आत्मिक उन्नति का मार्ग समावेशित है। अज्ञानता कृष्णा को महात्मा बुद्ध ने दुखों का मूल कारण माना है। क्रोध, काम, मोह, ईर्ष्या, द्वेष को महात्मा बुद्ध ने मानसिक एकाग्रता में बाधक माना है इसलिए अपने शिष्यों को शारीरिक मानसिक रूप से एकाग्र बनाने के लिए वह स्वयं को स्थिर करने का उपदेश दिया करते थे। इनका चिंतन था कि सांसारिक भोग विषयों में अत्याधिक आसक्ति आंतरिक शांति और आनंद में बाधक है ज्ञान एवं ध्यान के मार्ग पर चलकर ही सम्यक शांति को प्राप्त किया जा सकता है।



महात्मा बुध का जीवन अहिंसा, करुणा, प्रेम, स्नेह, सहानुभूति, सत्य और पवित्र आचरण का प्रतिबिंब था। आचरण की शुचिता को उन्होंने साधना का आधार स्तंभ माना है। अपने शिष्यों को प्रेरणादायी उपदेश देते हुए कहा करते थे कि अपने जीवन का दीपक खुद बनो। आंतरिक रूप से जागृत और प्रबुद्ध मनुष्य ही स्वयं के अस्तित्व को विवेक पूर्वक जानकर आत्मज्ञानी बनने में समर्थ होता है। महात्मा बुद्ध ने क्रोध पर अक्रोध, हिंसा पर अहिंसा और ईर्ष्या-द्वेष पर प्रेम से विजय पाने का संदेश दिया। उनके उपदेशों से सम्राट अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद शांति और धर्म का मार्ग अपनाया। बुद्ध का जीवन करुणा, सत्य और आत्मज्ञान का प्रतीक है। उनका जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण-तीनों वैशाख पूर्णिमा को हुआ माना जाता है। उनके संदेश आज भी मानवता को शांति और नैतिकता की दिशा में प्रेरित करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

सरकाघाट के डॉ. तरुण बने सेना में कैप्टन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट की बल्दवाड़ा तहसील के गांव बाहनू के डॉ. तरुण शर्मा ने भारतीय सेना की मेडिकल कोर में कैप्टन बनकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा निजी विद्यालय में हुई, जिसके बाद उन्होंने अखिल भारतीय स्तर की नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर महर्षि मार्कंडेय यूनिवर्सिटी, सोलन से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की। बचपन से ही सेना में जाने का सपना देखने वाले तरुण शर्मा ने मेडिकल कोर की परीक्षा पास कर यह उपलब्धि हासिल की। हाल ही में उनके पिता राजेंद्र कुमार वशिष्ठ और माता बिंदु शर्मा ने उनके कंधों पर कैप्टन के स्टार लगाए। तरुण ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और दादा-दादी को दिया है। उनके पिता मेडिकल स्टोर संचालक हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। डॉ. तरुण शर्मा ने कहा कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

आज और कल विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। 11 केवी सरकाघाट, 11 केवी पुराना रिस्सा तथा 11 केवी धर्मपुर फीडरों पर आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते एक मई को सरकाघाट एवं धर्मपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल सरकाघाट के सहायक अभियंता ई. हंस राज ने बताया कि प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक ओल्ड रिस्सा, न्यू रिस्सा, डबरोग, बेहड़, सरकाघाट, लाका, कराड़ी, पपलोग, नौनु, रोपड़ी, रिस्सा, चौक, ब्राड़ता तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

वहीं, विद्युत उपमंडल भद्रवाड़ के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र रखोटा में रख-रखाव कार्य के चलते 2 मई को भद्रवाड़ क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ई. हंस राज ने बताया कि प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक पिंगला, मसेरन, भद्रवाड़ तथा जमणी फीडर में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

गुग्गा भारथा के मुख्य गवैय्या जयराम का निधन

अनंत ज्ञान, महादेव। नाचन विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता एवं गुग्गा जाहरवीर से संबंधित भारथा गाने वाले मुख्य गवैय्या जयराम (82) का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार सुबह सात बजे निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि में कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उधर, समाजसेवी किशोरी वालिया, रामधन,भीम सिंह, इंद्र सिंह, गोपाल, गौतम आदि ने दिवंगत जयराम के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताई है।

पूर्व सैनिकों ने वेतन आयोग को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश ने आठवें वेतन आयोग के समक्ष पेंशन एवं सेवा संबंधी विसंगतियों को लेकर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विस्तृत ज्ञापन भेजा है। मोर्चा ने सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के वेतन, पेंशन और सेवा शर्तों में व्यापक सुधार की मांग की है। संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में मोर्चा के चेयरमैन कैप्टन जगदीश वर्मा, सरकाघाट इकाई के कार्यवाहक अध्यक्ष कैप्टन अशोक कुमार और मीडिया प्रभारी सूबेदार मेजर विद्यासागर ने बताया कि पहली बार वेतन आयोग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इसी क्रम में संगठन ने आयोग की चेयरपर्सन जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई के नाम आठ पृष्ठों का ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में कुल 25 प्रमुख मुद्दे शामिल किए गए हैं, जिनमें मिलिट्री सर्विस पे में समानता, वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों का समाधान तथा डिसेबिलिटी पेंशन में सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। मोर्चा ने आयोग से प्रतिनिधिमंडल को सीधे सुनवाई का अवसर देने की भी मांग की है।

जोगिंद्रनगर में 656 ग्राम चरस समेत 3 युवक दबोचे

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। पुलिस थाना जोगिंद्रनगर की टीम ने एनएच-154 पर घट्टा के पास यातायात चैकिंग के दौरान एक कार एचपी01डी-9937 को रोककर तलाशी ली, जिसमें चालक सहित तीन युवक सवार थे। तलाशी के दौरान वाहन से 656 ग्राम चरस/कैनाबिस बरामद की गई। पुलिस ने गाड़ी में सवार तीनों आरोपियों शुभम, अक्षय कुमार व प्रवीण कुमार निवासी जिला कांगड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। इसकी पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

करसोग में व्यक्ति से 11 बोतल देसी शराब बरामद

अनंत ज्ञान, करसोग। पुलिस थाना करसोग की टीम ने गश्त व यातायात चैकिंग के दौरान आईटीआई करसोग के पास एक व्यक्ति की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 11 बोतल देसी शराब (ऊना नंबर-1) बरामद हुई। आरोपी की पहचान किरण किशोर निवासी तहसील करसोग, जिला मंडी के रूप में हुई है, जो शराब के संबंध में कोई वैध परमिट या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसकी पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

सरकाघाट में दुकान से 6 बोतल देसी शराब जब्त

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। पुलिस थाना सरकाघाट की टीम ने गश्त व यातायात चैकिंग के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कुलदीप कुमार निवासी तहसील सरकाघाट, जिला मंडी की दुकान पर दबिश दी। तलाशी लेने पर दुकान से 6 बोतल देसी शराब (ऊना नंबर-1) बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। इसकी पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

बल्ह में अरुण साथियों सहित कांग्रेस में शामिल

अनंत ज्ञान, रिवालसर। बल्ह विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। कठयाहूं पंचायत के पूर्व प्रधान एवं दिग्गज भाजपा नेता अरुण ठाकुर अपने समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल हो गए है। पंचायत चुनाव के एन मौके पर कांग्रेस ने भाजपा के कुनबे में सेंध लगाकर अपने कार्यकताओं का मनोबल ऊंचा किया है। पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी व एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरीया ने फूलमालाओं से अरुण ठाकुर व उनके साथियों प्रवीण ठाकुर, विनोद ठाकुर, जीत राम ठाकुर व राम लाल ठाकुर का कांग्रेस में स्वागत कर उन्हें अपने दल शामिल कर लिया है । उन्होंने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुक्खू की नीतियों में आस्था जताई है। प्रकाश चौधरी कहा कि भाजपा से आए सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को कांग्रेस में पूरा मान-सम्मान मिलेगा।

जिले में 412 चालान काटे, 3000 रुपए किया जुर्माना

अनंत ज्ञान, मंडी। जिला पुलिस मंडी ने विभिन्न अभियानों के तहत मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 412 चालान किए हैं। वहीं, कोटपा के तहत 30 चालान कर 3000 रुपए जुर्माना वसूला गया है, जबकि खनन अधिनियम के तहत एक मामला भी दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा यह अभियान लगातार जारी है। इसकी पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

सरकाघाट में बास्केटबॉल ट्रायल 4 मई को

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल के लिए चयन ट्रायल 4 मई 2026 को सुबह 10 बजे सरकाघाट बास्केटबॉल ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल कोच राकेश ठाकुर ने बताया कि ट्रायल में 2013, 2014 और 2015 में जन्मी छात्राएं भाग ले सकती हैं। प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। चयन में खिलाड़ियों की ऊंचाई, कौशल और प्रदर्शन को प्राथमिकता दी जाएगी। चयनित छात्राओं को 14 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया जाएगा, जिसमें रहने, खाने और खेल सामग्री की व्यवस्था विभाग द्वारा की जाएगी। आयोजकों ने इच्छुक छात्राओं से समय पर पहुंचकर ट्रायल में भाग लेने की अपील की है, ताकि अधिक से अधिक प्रतिभाओं को अवसर मिल सके।

577 ग्राम पंचायतों में 3 चरणों में होंगे चुनाव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने जिला मंडी की 577 ग्राम पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान व ग्राम सभा सदस्यों के चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि नामांकन 7, 8 व 11 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष भरे जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को होगी, जबकि 14 व 15 मई को उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद प्रतीक चिह्न आवंटित कर अंतिम सूची जारी की जाएगी। निर्वाचन तीन चरणों में होगा। पहला चरण 26 मई, दूसरा 28 मई और तीसरा 30 मई को आयोजित किया जाएगा। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। मतदान समाप्त होते ही उसी दिन मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। पहले चरण में बालीचौकी, धनोटू, चौंतड़ा, चुराग, धर्मपुर, गोहर, गोपालपुर, करसोग, निहरी, सुंदरनगर, बल्ह, सदर मंडी, द्रंग व सराज विकास खंडों की चयनित पंचायतों में मतदान होगा। दूसरे व तीसरे चरण में शेष पंचायतों में चुनाव संपन्न करवाए जाएंगे।जिला प्रशासन ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

मंडी नगर निगम चुनाव : दूसरे दिन 15 नामांकन दाखिल

भाजपा, कांग्रेस व निर्दलीय उम्मीदवारों ने भरे पर्चे, कई वार्डों में रहा सन्नाटा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। नगर निगम मंडी में पार्षदों के चुनाव के लिए जारी नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन कुल 15 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। पहले दिन केवल एक नामांकन प्राप्त हुआ था। सहायक निर्वाचन अधिकारी नगर निगम मंडी वार्ड नंबर 1 से 13 एवं एसडीएम मंडी सदर रूपिंद्र कौर ने बताया कि वार्ड नंबर 1 खलियार (अनारक्षित) से तीन नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें जितेन और टेकचंद ने आजाद उम्मीदवार के रूप में तथा रणवीर सिंह ने भाजपा प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया।

वार्ड नंबर 2 पुरानी मंडी (महिला) से कांग्रेस प्रत्याशी रेखा ने नामांकन भरा। वार्ड नंबर 3 पड्डल (महिला) से भाजपा की निर्मल ने तथा वार्ड नंबर 4 नेला (महिला) से भाजपा प्रत्याशी मंजु देवी ने नामांकन दाखिल किया। वार्ड नंबर 5 मंगवाई (महिला) से कांग्रेस प्रत्याशी रजनी चंद्रा ने नामांकन प्रस्तुत किया। वार्ड नंबर 6 सनयारड़ (अनुसूचित जाति) से कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। वार्ड नंबर 7 तल्याहड़ (अनारक्षित) से आजाद उम्मीदवार अमित कुमार ने नामांकन दाखिल किया। वार्ड नंबर 8 पैलेस कॉलोनी-1 (महिला) से भाजपा की गुरदीप कौर और आजाद प्रत्याशी पुष्पा ने नामांकन भरा। वार्ड नंबर 9 पैलेस कॉलोनी-2 (अनारक्षित) से कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। वार्ड नंबर 10 सुहड़ा (अनुसूचित जाति महिला) से भी कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ।

वार्ड नंबर 11 समखेतर (अनारक्षित) से भाजपा प्रत्याशी जितेंद्र तथा वार्ड नंबर 12 भगवाहन (अनारक्षित) से अनिल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वार्ड नंबर 13 थनेहड़ा (महिला) से कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ।

सहायक निर्वाचन अधिकारी नगर निगम मंडी वार्ड नंबर 14 से 15 एवं एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने बताया कि वार्ड नंबर 14 बैहना (अनुसूचित जाति) से मनसा राम (आजाद) और गुरबचन सिंह (भाजपा) ने नामांकन दाखिल किया, जबकि वार्ड नंबर 15 दोहंदी (अनुसूचित जाति महिला) से भाजपा प्रत्याशी रीता देवी ने अपना नामांकन प्रस्तुत किया।

नामांकन दाखिल करती हुई एक महिला उम्मीदवार। अनंत ज्ञान

नगर परिषद सरकाघाट में दूसरे दिन 13 उम्मीदवारों ने भरे पर्चे

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। नगर परिषद सरकाघाट के वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के दूसरे दिन कुल 13 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 1 से दो नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिनमें मीरा पत्नी चंचल तथा मीना कुमारी पत्नी गोवर्धन सिंह शामिल हैं।

वार्ड नंबर 2 से पांच नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें अश्वनी कुमार सुपुत्र रंजीत सिंह, राजेंद्र कुमार पुत्र सोहन सिंह, प्रमीला देवी पत्नी अशोक कुमार, जगदीश चंद पुत्र तुलसी राम तथा अनिल कुमार पुत्र सुखदेव ने अपने नामांकन दाखिल किए। वार्ड नंबर 5 से स्मृति ठाकुर पत्नी अंकुश ठाकुर ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया।

वार्ड नंबर 6 से दो नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें जगदीश चंद्र पुत्र मोहन लाल तथा संतोष कुमार नरयाल पुत्र रामदास शामिल हैं। इसी प्रकार, वार्ड नंबर 7 से तीन नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें लाल सिंह सुपुत्र अर्जुन, अनिल ठाकुर पुत्र राजेश कुमार तथा रवि लोचन पुत्र देश राज ने अपने नामांकन दर्ज करवाए।

नगर परिषद जोगिंद्रनगर में दूसरे दिन 8 लोगों ने दाखिल किए नामांकन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। नगर परिषद जोगिंदर नगर के वार्ड सदस्यों के चुनाव को लेकर नामांकन के दूसरे दिन वीरवार को आठ लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

नामांकन दाखिल करते हुए।

रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि नामांकन के दूसरे दिन आठ लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए है, जिनमें वार्ड नंबर 1 से अजय, वार्ड 2 से संतोष कुमारी व सीमा शर्मा,वार्ड 3 अनीता देवी, वार्ड 4 से शिखा, वार्ड 5 चंद्र रेखा तथा वार्ड 7 से शीला देवी व रीतू जबकि वार्ड 6 से कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। अब तक कुल 9 लोगों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

नगर पंचायत करसोग में कुल 7 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन

अनंत ज्ञान, करसोग। नगर पंचायत करसोग के वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन 7 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि 30 अप्रैल के दिन निर्धारित समयावधि में 3 बजे तक विभिन्न वार्डों से सात उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र भरे हैं।

उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 2 से उत्तम चंद तथा अमी चंद ने अपने नामांकन पत्र भरे है। वार्ड नंबर 3 से लक्ष्य और वार्ड नंबर 4 से नरेंद्र कुमार ने अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। वार्ड नंबर 5 से सुषमा कुमारी और पूनम ने नामांकन भरा, जबकि वार्ड नंबर 6 से दिलीप कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर एक और 7 से कोई भी नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

मंडी जिले में पंचायत समिति चुनाव शेड्यूल जारी, 7 मई से नामांकन शुरू

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। मंडी जिले में पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उम्मीदवार 7, 8 और 11 मई को संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे, जबकि सभी पंचायत समितियों की मतगणना 31 मई को निर्धारित केंद्रों पर की जाएगी।

अधिसूचना के अनुसार बल्ह पंचायत समिति के 23 पदों के लिए नामांकन विकास खंड अधिकारी कार्यालय बल्ह में और मतगणना एसडीएम कार्यालय बल्ह में होगी। बालीचौकी (19), चौंतड़ा (20) और चुराग (15) पंचायत समितियों के लिए नामांकन क्रमश: उनके विकास खंड या उपतहसील कार्यालयों में तथा मतगणना निर्धारित विद्यालयों और सामुदायिक भवनों में की जाएगी। इसी प्रकार धनोटू (16) और धर्मपुर (20) पंचायत समितियों के लिए नामांकन संबंधित तहसील कार्यालयों में तथा मतगणना महादेव विद्यालय और राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर में होगी। द्रंग पंचायत समिति (24) के लिए नामांकन पधर तहसील कार्यालय में और मतगणना पंचायत घर डलाह में निर्धारित की गई है। गोहर (16), गोपालपुर (27), करसोग (15) और निहरी (15) पंचायत समितियों के लिए नामांकन उनके संबंधित कार्यालयों में तथा मतगणना राजकीय महाविद्यालयों में संपन्न होगी। वहीं सदर मंडी (26) पंचायत समिति के लिए नामांकन और मतगणना दोनों विकास खंड अधिकारी कार्यालय में ही होंगे। सराज (15) पंचायत समिति के लिए नामांकन एसडीएम थुनाग के कैंप कार्यालय जंजैहली में तथा मतगणना राजकीय महाविद्यालय लंबाथाच में होगी। सुंदरनगर (16) पंचायत समिति के लिए नामांकन और मतगणना किसान प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में आयोजित की जाएगी। प्रशासन ने सभी संभावित उम्मीदवारों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों और स्थानों के अनुसार समय पर नामांकन प्रक्रिया पूरी करें, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

नगर परिषद सुंदरनगर में दूसरे दिन 10 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। नगर परिषद सुंदरनगर चुनाव के अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन वीरवार को विभिन्न वार्डों से कुल 10 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस प्रकार दो दिनों में अब तक कुल 20 उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं।

नामांकन दाखिल करते हुए। अनंत ज्ञान

निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड-1 बाड़ी कुलवाड़ा से विनोद कुमार, वार्ड-2 बनेड से कंचन सेन एवं कल्पना वर्मा, वार्ड-3 पुंघ से सुनीता देवी, वार्ड-6 बाहोट से राजेश कुमार शर्मा, वार्ड-8 अंबेडकर नगर से राम सिंह एवं हंस राज, वार्ड-11 पुराना बाजार से नरेश कुमार सेन एवं योगिंद्र कुमार तथा वार्ड-12 पश्चिम कॉलोनी से रक्षा धीमान ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार 2 मई को प्रात: 11:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं, जबकि 1 मई को अवकाश के कारण नामांकन प्रक्रिया नहीं होगी। प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार 6 मई को सायं 3:00 बजे तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उसी दिन शेष उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि संबंधित वार्डों में 17 मई को प्रात: 7 बजे से सायं 3 बजे तक मतदान होगा।

चिट्टा मामले में तीन दोषियों को चार-चार साल की सजा

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। मादक पदार्थ मामले में माननीय स्पेशल जज सरकाघाट डॉ. अबीरा वासू की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। उप जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने बताया कि अदालत ने आरोपी सन्नी चंदेल, कन्हैया लाल उर्फ कालू और अनिल कुमार उर्फ नीलू को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 व 29 के तहत दोषी पाया है। अदालत ने तीनों आरोपियों को 7.89 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) रखने के जुर्म में 4-4 वर्ष के कठोर कारावास और प्रत्येक को 25,000 रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में 3 महीने की अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतनी होगी।

यह मामला 26 जून 2022 का है, जब पुलिस थाना हटली की टीम क्षेत्र में नियमित यातायात जांच कर रही थी। दोपहर करीब 2:30 बजे कोट के पास एक तवेरा गाड़ी (एचपी02एम-0445) को संदेह के आधार पर रोका और तलाशी के दौरान वाहन में सवार तीनों व्यक्तियों से 7.89 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर ही कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए मादक पदार्थ को कब्जे में लिया और आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इस संबंध में एफआईआर संख्या 56/22 थाना हटली में दर्ज की गई।

पंचायत चुनाव में अन्य दलों का राजनीतिक दखल दुर्भाग्यपूर्ण : राही

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि पंचायतीराज चुनावों में राजनीतिक दलों द्वारा राजनीतिक रोटियां सेकना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव मूल रूप से गांव के विकास और सामाजिक समरसता को ध्यान में रखकर कराए जाते हैं, लेकिन राजनीतिक दल इन चुनावों को अपने हितों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे गांवों का माहौल खराब हो रहा है।

राही ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पंचायत चुनाव में कांग्रेस राजनीति नहीं करेगी, इस फैसले को सराहनीय बताते हुए कहा कि यदि इस निर्णय का सही तरीके से पालन किया गया तो पंचायत स्तर पर स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर का स्पष्ट सपना था कि गांवों को राजनीतिक ध्रुवीकरण से दूर रखा जाए, ताकि समाज में एकता और भाईचारा बना रहे। जब पंचायत चुनावों में राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ता है तो इससे न केवल सामाजिक ताना-बाना कमजोर होता है बल्कि आपसी मतभेद और विवाद भी बढ़ते हैं, जिसके दुष्परिणाम कई क्षेत्रों में देखने को मिल चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि पंचायतीराज अधिनियम में भी स्पष्ट उल्लेख है कि पंचायत चुनाव गैर-राजनीतिक आधार पर होने चाहिए। ऐसे में जब चुनाव चिन्ह का आवंटन प्रशासन द्वारा किया जाता है तो फिर राजनीतिक दलों के पार्टी चिन्ह पर चुनाव लड़ना नियमों के विपरीत है। उन्होंने प्रशासन और सरकार से मांग की कि पंचायत चुनावों को पूरी तरह गैर-राजनीतिक बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

मंडी में जिला परिषद चुनाव के लिए 7, 8 व 11 को दाखिल करें नामांकन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। मंडी जिला में जिला परिषद सदस्यों के चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 7, 8 और 11 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के समक्ष दाखिल किए जाएंगे। 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 14 और 15 मई को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होगी। मतदान 26, 28 और 30 मई को निर्धारित पंचायतों में कराया जाएगा।

प्रशासन द्वारा विभिन्न वार्डों के लिए नामांकन स्थल तय किए गए हैं। जोगिंद्रनगर, पधर, बालीचौकी, सदर मंडी, गोहर, थुनाग, करसोग, सुंदरनगर, बल्ह, सरकाघाट और धर्मपुर में संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के कार्यालयों में नामांकन प्रक्रिया संपन्न होगी। मतगणना के लिए भी जिलेभर में केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें चौंतड़ा, डलाह, बालीचौकी, मंडी, बासा, सराज, निहरी, करसोग, सुंदरनगर, महादेव, बल्ह, सरकाघाट और धर्मपुर के सरकारी संस्थान शामिल हैं। मतगणना सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की निगरानी में संपन्न होगी। प्रशासन ने सभी प्रत्याशियों से समयबद्ध प्रक्रिया का पालन करने की अपील की है, ताकि चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

नैतिकता व समर्पण के साथ अनुसंधान करें शोधार्थी : आचार्य ललित अवस्थी

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, मंडी। सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी के इतिहास विभाग द्वारा 'इतिहास में अनुसंधान पद्धति: उद्देश्य और चुनौतियां' विषय पर एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुलपति आचार्य डॉ. ललित कुमार अवस्थी ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में शोध की गुणवत्ता, नवाचार और अंतर्विषयक दृष्टिकोण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुसंधान में नैतिकता, मौलिकता और पारदर्शिता बनाए रखने की प्रेरणा देते हुए साहित्यिक चोरी से बचने और स्रोतों के सही संदर्भ को अनिवार्य बताया।

◆ सरदार पटेल विवि मंडी में 'इतिहास में अनुसंधान पद्धति' पर व्याख्यान

मुख्य वक्ता डॉ. राज कुमार ने आभासी माध्यम से इतिहास में अनुसंधान पद्धति के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्राथमिक एवं द्वितीयक स्रोतों के महत्व, तथ्यात्मक विश्लेषण, व्याख्या की विधियों तथा शोध लेखन की तकनीकों को स्पष्ट किया। साथ ही निष्पक्षता, आलोचनात्मक दृष्टि और प्रमाणिकता को इतिहास लेखन का आधार बताया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने किया। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने शोध से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की। यह व्याख्यान शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।

दिक्कत सार्वजनिक स्थानों व सरकारी परिसरों में कचरे के ढेर

नाचन में नशा व गंदगी का बढ़ता प्रकोप

अनंत ज्ञान

महादेव। महादेव क्षेत्र के नाचन विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों और सरकारी संस्थानों के आसपास गंदगी और नशे की प्रवृत्ति गंभीर समस्या बनती जा रही है। जगह-जगह शराब की खाली बोतलें, कूड़े-कचरे के ढेर और भांग का फैलाव देखने को मिल रहा है, जिससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है और सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है।

पड़ी शराब की बोतलें, कूड़ा और फैली भांग। अनंत ज्ञान

स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ लोग खुलेआम नशा कर रहे हैं और दूसरों, विशेषकर युवाओं को भी इसके लिए उकसा रहे हैं। इससे नवयुवकों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और समाज में गलत संदेश जा रहा है। सरकारी संस्थानों के परिसर भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं, जहां खाने-पीने के बाद कचरा फेंक दिया जाता है। नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट जमा होने से स्वच्छता पर भी गंभीर असर पड़ रहा है।

◆ युवाओं पर पड़ रहा नकारात्मक असर, सख्त कार्रवाई की मांग

लोगों का कहना है कि इस समस्या में निजी के साथ-साथ कुछ सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं, जिससे स्थिति और चिंताजनक हो गई है। स्थानीय नागरिकों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि सख्त कार्रवाई कर ऐसे तत्वों पर नियंत्रण किया जाए और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ व सुरक्षित बनाया जाए।

चोलथरा-सरकाघाट सड़क बदहाल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। चोलथरा-सरकाघाट वाया कोठी-रसैन सड़क मार्ग की हालत लंबे समय से बेहद खराब बनी हुई है। जगह-जगह गहरे गड्ढों के कारण यह मार्ग खतरनाक हो गया है और रोजाना सफर करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से सड़क पर उचित पैचवर्क नहीं हुआ है। केवल अस्थायी मिट्टी डालकर मरम्मत की जाती रही, जो बारिश में बह जाती है और स्थिति जस की तस बनी रहती है। आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त डंगे भी अधूरे पड़े हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों सहित स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द सुधार की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया ज

न्यूज ब्रीफ

कसोहल में 155 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। घुमारवीं उपमंडल की ग्राम पंचायत मोरसिंघी के अंतर्गत स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर कसोहल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक दिवसीय एक्स-रे स्क्रीनिंग शिविर का भव्य व सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के कुल 155 लोगों की विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गई, जिससे ग्रामीणों को अपने घर के नजदीक ही निशुल्क व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हुईं। शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य की समय पर जांच कर संभावित बीमारियों की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान करना तथा उन्हें समय रहते उचित उपचार उपलब्ध करवाना रहा। शिविर के दौरान डॉ. जयती ने लोगों की गैर संचारी रोगों (एनसीडी) जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग आदि के लिए विशेष जांच की। इसके साथ ही उन्होंने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने, नियमित व्यायाम करने तथा नशे से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। शिविर में एक्स-रे जांच की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई, जिसके माध्यम से छाती व अन्य संबंधित समस्याओं की स्क्रीनिंग की गई। इससे टीबी (क्षय रोग) जैसे गंभीर रोगों की समय पर पहचान करने में सहायता मिली। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को टीबी के लक्षणों, बचाव व उपचार के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. मल्लिका को बिलासपुर की संस्थाओं ने दी बधाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिले की विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक व युवा संस्थाओं ने डॉ. मल्लिका नड्डा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है। संस्थाओं ने इसे न केवल डॉ. नड्डा की व्यक्तिगत उपलब्धि, बल्कि पूरे बिलासपुर व हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया है। दुर्गा पूजा समिति, पर्वतीय सांस्कृतिक परिषद तथा नवशक्ति युवा मैत्री संगम सहित कई संगठनों के पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि डॉ. मल्लिका नड्डा का अंतरराष्ट्रीय मंच पर चयन उनके समर्पण, नेतृत्व क्षमता व समाज सेवा के प्रति उनके निरंतर योगदान का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से बिलासपुर का नाम वैश्विक स्तर पर और अधिक मजबूती से स्थापित हुआ है। संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने कहा कि डॉ. नड्डा लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय रही हैं व विशेषकर खेल, युवा विकास व दिव्यांगजन कल्याण के क्षेत्र में उनके प्रयास सराहनीय रहे हैं। उनका यह चयन आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा व युवाओं को बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर पर संस्थाओं ने कामना की कि डॉ. नड्डा भविष्य में भी इसी तरह नई ऊंचाइयों को छूती रहें व समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करती रहें।

क्विज प्रतियोगिता के मेधावी किए सम्मानित

अनंत ज्ञान, भगेड। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गेहड़वीं में रा के अंतर्गत एक क्विज का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी ज्ञान क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य चमन पुरी के मार्गदर्शन में तथा अध्यापकगण संजीव कुमार, कोमल व संजय के द्वारा किया गया। एलिमेंट्री क्विज का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना तथा उनमें सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करना था। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों से जुड़े प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों में अनन्या (8वीं) एवं समीक्षा (7वीं), निकहत (8वीं) व अक्षय (8वीं),नीलम (8वीं) एवं योगिता (7वीं)को पुरस्कृत किया तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई।

3 मई को 'रुस्तम-ए-कहलूर' दंगल, तैयारियां पूरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर में 3 मई को आयोजित होने वाले 'रुस्तम-ए-कहलूर' दंगल की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह आयोजन शहर के डियारा सेक्टर में होगा, जहां कुश्ती प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। पीर लखदाता अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष हुसैन अली व महासचिव राकेश ठाकुर ने बताया कि इस बार भी देश के विभिन्न राज्यों से नामी पहलवान दंगल में भाग लेने के लिए बिलासपुर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि दंगल से एक दिन पहले, यानी 2 मई को पारंपरिक 'सवाल' की रस्म अदा की जाएगी, जो इस आयोजन की अहम परंपरा मानी जाती है। इसके बाद 3 मई को मुख्य दंगल आयोजित होगा, जिसमें पहलवान अपनी ताकत व कौशल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल व फाइनल जैसे कई चरण होंगे, जो दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक साबित होंगे। आयोजन समिति ने विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा भी की है। 'रुस्तम-ए-कहलूर' खिताब जीतने वाले पहलवान को गुर्ज के साथ 31,000 रुपए की नकद राशि दी जाएगी, जबकि उपविजेता को 21,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा 'बिलासपुर केसरी अंडर-17' वर्ग में विजेता को गुर्ज और 5,100 रुपए तथा उपविजेता को 3,100 रुपए देकर सम्मानित किया जाएगा।

माता चिंतपूर्णी मंदिर न्यास के दो कर्मी सम्मानित

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। विश्वविख्यात शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर न्यास में वर्षों तक अपनी सेवाएं देने के बाद दो अनुभवी कर्मचारी केवल कुमार व बलराज कुमार को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। दोनों कर्मी ससम्मान सेवानिवृत्त हुए हैं। केवल कुमार ने लगभग 28 वर्षों तथा बलराज कुमार ने करीब 22 वर्षों तक मंदिर न्यास में अपनी सराहनीय सेवाएं दीं। उनके लंबे सेवा काल को देखते हुए मंदिर प्रशासन द्वारा विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंदिर न्यास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंदिरअधिकारी संजीव प्रभाकर व वित्त व लेखाधिकारी राजेंद्र कटोच ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया व उनके कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर संजीव प्रभाकर ने कहा कि माता रानी की सेवा में इतना लंबा समय बिताना सौभाग्य की बात है व यह दोनों कर्मियों के समर्पण का प्रतीक है।

50 से अधिक लोगों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। लायूल ट्राइबल वेलफेयर एसोसिएशन, बिलासपुर द्वारा डियारा सेक्टर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 50 से अधिक लोगों के हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, एचआईवी व सिफिलिस के निशुल्क टेस्ट किए गए। प्रोजेक्ट ऑफिसर राजेश शर्मा व आउटरीच वर्कर राहुल कुमार ने बताया कि टीम द्वारा घर-घर जाकर लोगों के टेस्ट किए जा रहे हैं, जिससे उन लोगों को भी सुविधा मिल रही है, जो अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों की शुरुआती अवस्था में लक्षण नहीं होते, इसलिए समय पर जांच जरूरी है। शिविर के दौरान लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया।

शहरी निकाय चुनाव: 59 उम्मीदवारों ने भरे पर्चे

अनंत ज्ञान, ऊना। ऊना जिले में शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के तहत नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन वीरवार को कुल 59 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने दी। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत टाहलीवाल में 8, गगरेट में 11, मैहतपुर-बसदेहड़ा में 6, दौलतपुर में 14, अंब में 11 तथा नगर परिषद संतोषगढ़ में 9 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं। विभिन्न वार्डों से उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 2 मई तक सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक जारी रहेगी, जबकि 1 मई को अवकाश रहेगा। 4 मई को नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी तथा 6 मई को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से शाम 3 बजे तक होगा, जबकि मतगणना 31 मई को की जाएगी।

पंचायतीराज विभाग से राकेश कुमार सेवानिवृत्त

अनंत ज्ञान, बंगाणा। विकास खंड ऊना में पंचायत निरीक्षक पद से राकेश कुमार ने 35 वर्ष 11 माह 2 दिन की लंबी, निष्कलंक व सफल सरकारी सेवा के बाद सेवानिवृत्ति प्राप्त की। इस अवसर पर जिला परिषद हाल ऊना में गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों व गणमान्य लोगों ने भाग लिया। राकेश कुमार ने 1991 में पंचायत सचिव के रूप में सेवा शुरू की व लगभग 22 वर्षों तक इस पद पर कार्य करते हुए ग्रामीण विकास व पंचायत प्रशासन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बाद उन्होंने सब इंस्पेक्टर और फिर पंचायत निरीक्षक के रूप में विभिन्न विकास खंडों में सेवाएं दीं। उनकी कार्यशैली को सभी ने ईमानदार, पारदर्शी और अनुशासित बताया। समारोह में उन्हें शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

रंजीत सिंह हुए सेवानिवृत्त, स्टाफ ने दी विदाई

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बंगाणा। उपमंडल बंगाणा के वरिष्ठ उपमंडलीय पशु चिकित्सालय बंगाणा में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले चीफ फार्मासिस्ट रंजीत सिंह के सेवानिवृत्त होने पर भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ ने उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा, डॉ. अभिनव सोनी, फार्मासिस्ट बलबीर सिंह, तिलक राणा सहित अन्य कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि रंजीत सिंह ने ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए सभी के बीच विशेष पहचान बनाई। अधिकारियों ने उन्हें प्रेरणादायक कर्मचारी बताया तथा उनके स्वस्थ व सुखद जीवन की कामना की। रंजीत सिंह ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि संस्थान और सहकर्मियों का सहयोग हमेशा याद रहेगा।

बर्निंग कार हादसा: दो की मौत के बाद भी सर्च ऑपरेशन जारी

तीखे मोड़ व गहरी खाई होने के बाद भी क्रैश बैरियर नहीं

अनंत ज्ञान

राजेश शर्मा, चिंतपूर्णी/भरवाई। भरवाई क्षेत्र में हुआ बर्निंग कार हादसा अपने पीछे कई गंभीर सवाल छोड़ गया है। चिंतपूर्णी के आसपास लगातार हो रहे हादसों के बीच इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। चंडीगढ़-धर्मशाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां तीखा मोड़ व गहरी खाई होने के बावजूद क्रैश बैरियर जैसे पुख्ता सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़क किनारे पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध होते, तो संभवत: यह हादसा टाला जा सकता था व दो जिंदगियां बच सकती थीं। बुधवार को हुए इस भीषण हादसे में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। मृतकों में एक की पहचान 27 वर्षीय रजनीश कुमार, निवासी ताजपुर रोड, जिला लुधियाना (पंजाब) के रूप में हुई है, जबकि दूसरे व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

क्या था पूरा मामला

जानकारी के अनुसार कार भरवाई से अंब की ओर जा रही थी। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर करीब 800 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। गिरते ही कार में आग भड़क उठी, जिससे सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक व्यक्ति बाहर निकलने की कोशिश में बुरी तरह झुलस गया, जबकि दूसरा कार के अंदर ही जिंदा जल गया। हादसे से ठीक पहले कार में धमाका होने की आशंका भी जताई जा रही है, जिसके चलते चालक नियंत्रण खो बैठा।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

सवारियों की संख्या पर संशय

कार में कुल कितने लोग सवार थे, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। स्थानीय स्तर पर आशंका जताई जा रही है कि वाहन में दो से अधिक लोग भी हो सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए राहत व बचाव दलों द्वारा खाई में सर्च ऑपरेशन जारी हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग व चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिसके बाद टीमों ने खाई में उतरकर तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने की बात सामने आई है, जबकि हादसे के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

राहुल गांधी से देशराज गौतम की शिष्टाचार भेंट

अनंत ज्ञान, ऊना/कांगड़ा। जिला कांगड़ा में आयोजित संगठन सृजन अभियान के प्रशिक्षण शिविर के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की। इसी दौरान जिला ऊना कांग्रेस अध्यक्ष देशराज गौतम ने राहुल गांधी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनके साथ उनका पूरा परिवार भी मौजूद रहा। मुलाकात में उनकी धर्मपत्नी सुनीता गौतम, छोटे बेटे व युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता शोभित गौतम, बड़े बेटे डॉ. अनिल गौतम व उनकी धर्मपत्नी सूचांद गौतम भी शामिल रहे। इस पारिवारिक माहौल में हुई मुलाकात के दौरान राजनीतिक, सामाजिक व पारिवारिक विषयों पर भी खुलकर बातचीत हुई। प्रदेश व जिला स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और आम जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने पर विशेष चर्चा की गई। देशराज गौतम ने कहा कि राहुल गांधी से यह मुलाकात उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे संगठन के लिए प्रेरणादायक क्षण है। उन्होंने कहा कि इस तरह परिवार सहित संवाद स्थापित करना एक नई व सकारात्मक पहल है।

चुनाव प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान किया जाएगा सुनिश्चित: डीसी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर में पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगर निकाय चुनावों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी रूप से लागू कर दी गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार को ऐसी किसी गतिविधि में संलिप्त होने की अनुमति नहीं होगी, जिससे धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र या समुदाय के आधार पर आपसी वैमनस्य, तनाव या घृणा को बढ़ावा मिले। वोट हासिल करने के लिए धार्मिक या सामाजिक आधार पर अपील करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही मंदिर, मस्जिद, चर्च जैसे पूजा स्थलों का चुनाव प्रचार के लिए उपयोग करना भी सख्त रूप से निषिद्ध रहेगा। डीसी ने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के चलते किसी भी उम्मीदवार के निजी जीवन से जुड़ी ऐसी टिप्पणियां या आरोप जो सार्वजनिक जीवन से संबंधित नहीं हैं, उन्हें प्रचार का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता। साथ ही बताया कि राजनीतिक दलों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों और कार्यप्रणाली तक सीमित रहनी चाहिए और अपुष्ट तथ्यों पर आधारित आरोपों से बचना होगा। उन्होंने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के अंतर्गत किसी व्यक्ति के घर के बाहर प्रदर्शन, नारेबाजी या विरोध स्वरूप किसी भी प्रकार की गतिविधि की अनुमति नहीं रहेगी।

इसके अतिरिक्त चुनाव के दौरान रिश्वत देना, अनुचित प्रभाव डालना, सरकारी कर्मचारियों की सहायता लेना या मतदाताओं को लाने-ले जाने के लिए मुफ्त परिवहन की व्यवस्था करना जैसी गतिविधियां दंडनीय अपराध मानी जाएंगी और ऐसे मामलों में उम्मीदवार को अयोग्य तक ठहराया जा सकता है। उन्होंने निर्धारित आदर्श चुनाव आचार संहिता के तहत प्रचार सामग्री के उपयोग को लेकर भी सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

बिलासपुर जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन तीन चरणों में होंगे संपन्न

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश के निर्देशों की अनुपालना में पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन 2026 के लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है।

जारी अधिसूचना के अनुसार जिला बिलासपुर के विकास खंड झंडूता, घुमारवीं, सदर तथा श्री नयना देवी जी में पंचायत चुनाव तीन चरणों में संपन्न कराए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण का मतदान 26 मई, द्वितीय चरण का मतदान 28 मई तथा तृतीय एवं अंतिम चरण का मतदान 30 मई को होगा। जिले में कुल 182 ग्राम पंचायतों और 1140 वार्डों में चुनाव प्रक्रिया पूरी की जाएगी। विकास खंड झंडूता में 45 पंचायतें, घुमारवीं में 63 पंचायतें, सदर में 49 पंचायतें तथा श्री नैना देवी जी में 25 पंचायतें शामिल हैं। खंडवार अधिसूचना जारी करते हुए उपायुक्त ने बताया कि प्रथम चरण में झंडूता, घुमारवीं, सदर और श्री नैना देवी जी के चयनित पंचायत क्षेत्रों में मतदान होगा। इसी प्रकार दूसरे चरण में अन्य पंचायतों को शामिल किया गया है, जबकि तीसरे चरण में शेष पंचायतों में चुनाव संपन्न करवाए जाएंगे। प्रत्येक चरण के लिए संबंधित पंचायतों की विस्तृत सूची भी प्रशासन द्वारा जारी कर दी गई है, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाएं, ताकि मतदाता बिना किसी परेशानी के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें और चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

ऊना जिले में 4 मई से बदलेगा स्कूलों का समय

अनंत ज्ञान, ऊना। ऊना जिले में लगातार बढ़ते तापमान व भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य व सुरक्षा के मद्देनजर जिले के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों के समय में बदलाव किया है। जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 33 एवं 34(एम) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। डीसी ने बताया कि 4 मई से जिले के सभी प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रात: 7:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक संचालित होंगे। यह निर्णय उपनिदेशक उच्च शिक्षा व उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है, ताकि विद्यार्थियों को भीषण गर्मी और लू के प्रभाव से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि समय परिवर्तन के कारण कम हुए शैक्षणिक समय की भरपाई के लिए प्रात:कालीन प्रार्थना सभा व मध्यावकाश की अवधि में आवश्यक कटौती की जाएगी। जिला दंडाधिकारी ने बताया कि ये आदेश 4 मई से आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेंगे। उन्होंने सभी स्कूल प्रबंधन को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

विंग्स प्रोजेक्ट: 645 आशा कार्यकर्ता प्रशिक्षित योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने पर जोर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, ऊना। जिला ऊना में विंग्स स्केल-अप प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को जरूरतमंदों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से 645 आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण 17 से 30 अप्रैल तक विभिन्न बैचों में जिले के सभी विकास खंडों में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण सत्र खंड चिकित्सा अधिकारियों की अध्यक्षता में संपन्न हुए, जिनमें चिकित्सा अधिकारियों, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स व सोसायटी फॉर अप्लाइड स्टडीज के विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं को प्रोजेक्ट के विभिन्न पहलुओं, उनकी भूमिकाओं व जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने, लाभार्थियों की लाइन लिस्ट तैयार करने व उसे नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता फैलाकर लाभार्थियों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों तक लाएं, ताकि समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित हो सके। प्रोग्राम मैनेजर डॉ. देविंद्र शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण से आशा कार्यकर्ताओं की क्षमता में वृद्धि होगी व जमीनी स्तर पर प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन को गति मिलेगी। यह प्रशिक्षण डीसी जतिन लाल व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

नियमित होती है स्वास्थ्य जांच

परियोजना के तहत प्रीकंसेप्शन महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जा रही है, ताकि गर्भधारण के समय वे पूरी तरह स्वस्थ रहें और बेहतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त हो सकें।

ये मिलती हैं सेवाएं

विंग्स प्रोजेक्ट के तहत प्रीकंसेप्शन महिलाएं, गर्भवती महिलाएं, प्रसवोत्तर महिलाएं और 6 माह से 24 माह तक के बच्चों को शामिल किया गया है। इन लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से दूध, अंडे व पूरक पोषण आहार निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

स्टूडेंट्स ने किया मत्स्य बीज फार्म दयोली का शैक्षणिक भ्रमण

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। घुमारवीं स्थित राजकीय महाविद्यालय के एमएससी प्राणी विज्ञान (चतुर्थ सेमेस्टर) के 30 विद्यार्थियों ने व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मत्स्य बीज फार्म दयोली (घाघस) का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान डॉ. कृष्ण लाल, प्रो. ज्योति भारद्वाज और डॉ. कमलेश कुमारी भी साथ रहे। मत्स्य अधिकारी हितेश कुमार ने विद्यार्थियों को कार्प मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीकों, प्रजनन, बीज उत्पादन, तालाब व आहार प्रबंधन तथा मछलियों की बीमारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1963 में स्थापित यह फार्म प्रदेश के प्रमुख बीज उत्पादन केंद्रों में शामिल है, जहां प्रतिवर्ष लाखों मछली अंगुलिकाओं का उत्पादन होता है। विद्यार्थियों ने अधिकारियों से संवाद कर व्यावहारिक जानकारी हासिल की। सहायक निदेशक मत्स्य पंकज ठाकुर ने कहा कि पूर्व अनुमति लेकर ऐसे भ्रमण आयोजित किए जा सकते हैं। निदेशक विवेक ने इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

माता चिंतपूर्णी प्रकटोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, जयकारों से गूंजा पूरा क्षेत्र

अनंत ज्ञान

चिंतपूर्णी। विश्वविख्यात शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में प्रकटोत्सव दिवस अत्यंत श्रद्धा, आस्था व उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर पूरा क्षेत्र 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा।

देश-विदेश से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य पर मंदिर के पुजारी वर्ग द्वारा विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। 24 घंटे तक चले अखंड हवन की विधिवत पूर्णाहूति दी गई, जिसमें लोक कल्याण व विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं। इसके साथ ही माता रानी को 56 प्रकार के व्यंजनों का छप्पन भोग अर्पित किया गया और भव्य आरती संपन्न हुई। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी श्रद्धालुओं के बीच खास आकर्षण का केंद्र रहा, जहां भक्तों ने यादगार तस्वीरें खिंचवाईं। धार्मिक कार्यक्रमों की कड़ी में बाबा श्री माईदास सदन में विशाल चौकी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायकों ने माता के भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं, श्रद्धालुओं द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ भी श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंद्र शिंदा ने कहा कि माता रानी के प्रकटोत्सव पर 24 घंटे का जप, तप व हवन विश्व शांति व भक्तों के कल्याण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कामना की कि माता रानी सभी की चिंताएं दूर कर अपना आशीर्वाद बनाए रखें।

गणेश की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। घुमारवीं उपमंडल के टकरेड़ा में आयोजित शिवपुराण कथा में आचार्य नीरज शर्मा ने भगवान श्री गणेश की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को प्रथम पूज्य माना जाता है व किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत उनके स्मरण के बिना अधूरी मानी जाती है।

आचार्य नीरज शर्मा ने अपने प्रवचनों में बताया कि भगवान गणेश बुद्धि, विवेक व सफलता के प्रतीक हैं। उन्होंने गणेश के विभिन्न स्वरूपों व उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों का उल्लेख करते हुए श्रद्धालुओं को उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए और पूरे वातावरण में धार्मिक आस्था का माहौल बना रहा। इस अवसर पर स्थानीय लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

सूचना व जनसंपर्क विभाग के कर्मी अश्विनी सेवानिवृत्त, विभाग ने दी सम्मानपूर्ण विदाई

अनंत ज्ञान

ऊना। जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय ऊना में कार्यरत अश्विनी कुमार 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर वीरवार को राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में एक सादे किंतु गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया।

इसमें सहकर्मियों के साथ-साथ अश्विनी कुमार की धर्मपत्नी कविता, पुत्र शुभम एवं उनके अन्य परिजन भी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्ति के अवसर पर समूचे कार्यालय परिवार ने भावुक मन से उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। अश्विनी ने अपने 38 वर्ष लंबे सेवाकाल के दौरान ऊना के अलावा नालागढ़ में भी सेवादार के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर जिला लोक संपर्क अधिकारी सचिन संगर ने अश्विनी कुमार के सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी व अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

उन्होंने कहा कि उनके सौम्य व्यवहार, सरल व्यक्तित्व व सहयोगात्मक कार्यशैली के कारण न केवल सहकर्मी, बल्कि मीडिया से जुड़े लोग भी उनसे विशेष आत्मीयता रखते रहे। समारोह के दौरान विभाग की ओर से अश्विनी कुमार को शॉल, टोपी व सम्मान-पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु व सुखमय भविष्य की कामना की गई।

माहौल बिलासपुर पंचायत चुनावों में युवाओं की नई दस्तक

'नशे के खिलाफ जंग, बदलाव की चाह'

अनंत ज्ञान

अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर। इस बार पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि गांवों के भविष्य को नई दिशा देने की लड़ाई बनते जा रहे हैं। जिले के कई ग्रामीण इलाकों में बढ़ते नशे के प्रचलन ने समाज को गहराई से प्रभावित किया है और अब उसी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए युवा

चार मई को ऑल इंडिया नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर की बैठक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। आगामी 4 मई को आयोजित होने वाली ऑल इंडिया नीट प्रवेश परीक्षा के सुचारू, निष्पक्ष व सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए वीरवार को उपायुक्त कुल्लू की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष कुल्लू जिले में राजकीय महाविद्यालय कुल्लू तथा जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल में दो परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें कुल 718 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। डीसी ने पुलिस विभाग को परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखने व यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान कुल्लू में निरंकारी समागम तथा मेला के कारण भीड़ तथा यातायात के कारण किसी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परेशानी न हो। इसके लिए समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों व अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे समय से पहले परीक्षा केंद्र के लिए निकलें, ताकि कोई समस्या न हो। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान बिजली, पेयजल व बैठने की व्यवस्था पुख्ता होनी चाहिए। साथ ही, परीक्षा की गोपनीयता व गरिमा बनाए रखने के लिए केंद्रों के आसपास सुरक्षा के कड़े पहरे रहेंगे। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को परीक्षा हॉल के भीतर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

बैठक में राजेश ठाकुर डीएसपी कुल्लू, डॉ. राकेश राणा प्राचार्य, जीसी कुल्लू, राजेश कुमार सहायक प्रोफेसर, जीसी कुल्लू, आनंद कुमार वर्मा डीआईओ, विनीता परशीरा प्राचार्य, केवी एनएचपीसी सैंज, प्रताप सिंह प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल तथा अन्य उपस्थित रहे।

डॉ. ओम महेंद्रू की 'रंगों की सर्जरी'

रिटायरमेंट के बाद ऑपरेशन थियेटर से कैनवास तक का अनोखा सफर

अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, कुल्लू। कहते हैं कि कलाकार कभी बूढ़ा नहीं होता और जुनून की कोई उम्र नहीं होती बस उसका कैनवास बदल जाता है।

कल तक जो हाथ 'स्कैल्पल' (सर्जिकल चाकू) पकड़कर शरीर के घाव भरते थे, आज वही हाथ 'ब्रश' थामकर कैनवास पर प्रकृति के घाव और उसकी सुंदरता को उकेर रहे हैं। सुंदरनगर के डॉ. ओम महेंद्रू ने यह साबित कर दिया है कि रिटायरमेंट केवल काम से होता है, कला और जुनून से नहीं। 70 वर्ष की उम्र में सर्जन से कलाकार बने सुप्रसिद्ध सर्जन डॉ. ओम महेंद्रू ने इस बात को सच कर दिखाया है। डॉ. महेंद्रू की एकल चित्रकला प्रदर्शनी 'डिवाइन नेचर' का आगाज (शुक्रवार) से कुल्लू जिले के नग्गर स्थित ऐतिहासिक निकोलस रौरिक आर्ट गैलरी में होने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय रोरिक मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी 'द हार्ट सेंड्स अ मैसेज टू द हार्ट' उत्सव का मुख्य आकर्षण है। इस प्रदर्शनी 'डिवाइन नेचर' का के माध्यम से डॉ. महेंद्रू विशेष रूप से पेशेवर लोगों को यह संदेश देना चाहते हैं कि अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को कभी मरने न दें। उनका मानना है कि एक डॉक्टर केवल शरीर का उपचार करने तक सीमित नहीं है, उसके भीतर भी एक कलाकार निवास करता है और कला, जिजीविषा और उम्र को मात देने वाले इस कलाकार के जुनून का एक अनूठा संगम ऐतिहासिक निकोलस रौरिक आर्ट गैलरी में शुक्रवार से रविवार तक देश विदेश से आने वाले पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को देखने को मिलेगा।

70 वर्ष की आयु पार कर चुके डॉ. महेंद्रू की कहानी किसी प्रेरणा से कम नहीं है। वर्ष 2005 में एक प्रतिष्ठित सर्जन के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले डॉ. महेंद्रू ने अपने करियर में हजारों जान बचाईं। उनके भीतर का कलाकार दशकों तक चिकित्सा पेशे की व्यस्तताओं के नीचे दबा रहा, लेकिन कोविड-19 महामारी के कठिन समय ने उनकी इस सुप्त प्रतिभा को दोबारा जीवित कर दिया।

◆ **जुनून की कोई उम्र नहीं 70 की उम्र में सर्जन से कलाकार बने डॉ. महेंद्रू**

◆ **चित्रकला प्रदर्शनी 'डिवाइन नेचर' का आज होगा आगाज**

> **कोरोना** काल के दौरान मैंने इस संकट को एक गहरे अंधेरे समुद्र में हिचकोले खाते जहाज के रूप में देखा। उस दृश्य ने मुझे ब्रश उठाने पर मजबूर कर दिया।
>
> **डॉ. ओम महेंद्रू, कलाकार।**

प्रदर्शनी की मुख्य विशेषताएं

इस प्रदर्शनी में 150 से अधिक पेंटिंग्स जो मुख्य रूप से एक्रेलिक शीट्स पर बनाई गई हैं वह प्रदर्शित की जाएंगी, जो कि सर्जरी की सटीकता और रंगों की तरलता का अद्भुत मेल है। उनकी कला की गहराई का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हिमाचल के प्रसिद्ध लेखक व साहित्यकार डॉ. गंगा राम राजी की पुस्तक के कवर पर उनकी पेंटिंग को स्थान मिला है।

सफेद कोट से कैनवास तक का सफर

डॉ. महेंद्रू ने अपनी कला का पहला प्रदर्शन मंडी में 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' के सम्मेलन में किया था, जहां 101 पेंटिंग्स देखकर उनके सहयोगी डॉक्टर भी दंग रह गए थे, अब नग्गर की शांत पहाड़ियों के बीच उनकी कलाकृतियां प्रकृति, भावनाओं और मानवीय लचीलेपन के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करेंगी।

नप कुल्लू मतदान केंद्रों की अंतिम सूची जारी, प्रशासन ने पूरी की तैयारियां

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। राज्य निर्वाचन आयोग हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में, रिटर्निंग अधिकारी (नगर पालिका)-एवं-एसडीओ (नागरिक) कुल्लू निशांत ठाकुर ने नगर परिषद कुल्लू के आगामी सामान्य चुनाव के लिए मतदान केंद्रों की अंतिम सूची आधिकारिक रूप से प्रकाशित कर दी है। हिमाचल प्रदेश नगरपालिका चुनाव नियम, 2015 के नियम 32(4) और 35 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रशासन ने सभी 11 वार्डों के लिए मतदान केंद्रों का निर्धारण कर दिया है।

सूची जारी करने से पूर्व संबंधित अधिकारियों द्वारा सभी प्रस्तावित भवनों का भौतिक निरीक्षण किया गया, जिसमें इन केंद्रों को सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, पानी, फर्नीचर और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित और मतदान के लिए पूर्णतया उपयुक्त पाया गया है। निर्धारित सूची के अनुसार, कुल्लू नगर परिषद के विभिन्न वार्डों के लिए निम्नलिखित मुख्य मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं: वार्ड नंबर 1 (रामशिला) के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला अखाड़ा बाज़ार, वार्ड 2 (अखाड़ा बाजार) के लिए कृषि ब्लॉक कार्यालय (किसान भवन), और वार्ड 3 (ब्यासामौड़) के लिए नगर परिषद कार्यालय अखाड़ा बाज़ार को केंद्र बनाया गया है। सुल्तानपुर (वार्ड 4) के मतदाताओं के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) व राजकीय प्राथमिक पाठशाला सुल्तानपुर में दो बूथ बनाए गए हैं। इसी प्रकार वार्ड 5 (सरवरी) के लिए नगर नियोजन कार्यालय और वार्ड 6 (खोरिरोपा) के लिए जीपीएस खोरिरोपा (नया भवन) निर्धारित किया गया है। वार्ड नंबर 7 (शीशा माटी) के लिए जल शक्ति भवन, वार्ड 8 (ढालपुर) के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढालपुर, और वार्ड 9 (लोअर ढालपुर) के लिए राजकीय डिग्री कॉलेज के नए व पुराने भवनों का चयन किया गया है। वार्ड 10 (कहुधार) के लिए आईटीआई (महिला) भवन व डीआईसी कार्यालय, तथा वार्ड 11 (गांधीनगर) के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला गांधीनगर में मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

कुशल वर्मा के नाम रही पीपल जातर की दूसरी सांस्कृतिक संध्या

'पोटू आलिये भांजिए' गीत पर खूब झूमे दर्शक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय पीपल जातर की दूसरी सांस्कृतिक संध्या लोकगायक कुशल वर्मा के नाम रही। लोक गायक कुशल वर्मा ने मंच संभालते ही एक से बढ़कर एक गीत गाकर दर्शकों को खूब नचाया।



इस मौके पर उन्होंने पहाड़ी गीत पेश किए जिसमें पोटू आलिये भांजिए, रंग बरसे बड़ा बांका, धाटू झेची रा बाणा, आपु ता खोला तें चाय रा होटल, आमा जुले आमा जुले, ए आए ते कोटके ए आए सराजी, रोहड़ू जाना मेरी आमिये जैसे अनेक पहाड़ी गीत पेश कर दर्शकों को झुमाया। इसके अलावा लोक गायिका खुशबु भारद्वाज ने पिपली खाईया लागी शी-शी, रंग बदले दो चार पहाड़ी गीत की बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन करने का प्रयास किया। इसके अलावा पायल ठाकुर, जीवन बुडाल, प्रदीप शर्मा, हरीश, दीवान, ओम प्रकाश, इंद्र सिंह, नंद लाल आदि ने भी अपने गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके साथ ही रेडियो व लोक कलाकार दोत राम पहाड़िया ने भी अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। दूसरी सांस्कृतिक संध्या का आगाज शाम करीब साढ़े चार बजे कुल्लवी नाटी के साथ हुआ। इस मौके पर भुवनेश्वरी सांस्कृतिक दल बाशिंग के कलाकारों ने कुल्लवी नाटी डाली और परंपराग लोक गीतों की धुन पर नृत्य कर दर्शकों का मनोरंजन किया।

इसके बाद स्थानीय कलाकारों में मणिकर्ण के महेंद्र सिंह, दियार के सोनू, मनीष कुमार, पुष्पा, चेत राम प्रभाकर, दुर्गानगर की गौरी, मनाली के हरीश, आशा कुमार, सुनील दत्त, निखिल पांडे, रजनीश ठाकुर, समृधि, पूनम, सोनाक्षी, सरगम, गगन सिंह, लेख राज, पायल, जगतसुख के भागेश, गौशाल के सेस राम ने भी गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी। बालाबेहड की अलिशा और कुल्लू की रिशिता ने नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके अलावा सूत्रधार कलासंगम के कलाकारों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्याति थि वन विभाग कुल्लू के आरण्यपाल संदीप शर्मा ने शिरकत की। उनका नगर परिषद की ओर से ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया व उसके बाद मंच पर टोपी-मफलर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं, उनके साथ डीएफओ कुल्लू एंजल चौहान सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

तीन चरणों में होगा कुल्लू जिले की पंचायतों का चुनावी दंगल, तिथियां घोषित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुपालन में कुल्लू जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा द्वारा जिले की ग्राम पंचायतों के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया है।

यह निर्वाचन प्रक्रिया कुल तीन चरणों में संपन्न होगी, जिसके लिए मतदान की तिथियां 26 मई, 28 मई और 30 मई 2026 निर्धारित की गई हैं। **विकास खंड निरमंड:** प्रथम चरण में असू, सरघा, खरगा, जुआगी, चायल, देहरा, बडीधार, गमोग, तुनन, कुंडाकोड और राहणू में चुनाव होंगे। द्वितीय चरण में कोट, कुशवा, जगातखाना, डीम, बागासराहन, नित्थर, तवार, शिल्ली, कशोली, भालसी, घाटू और बाड़ी को शामिल किया गया है। तृतीय चरण में बाहवा, बखन, ब्रौ, कोटी, नोर, लोट, निशानी, दुराह, पोशना, शिशवी और गडेज में मतदान होगा। **विकास खंड आनी:** प्रथम चरण में करशैईगाड, टकरासी, मुहान, कराड, मुंडदल, कराणा, खनाग, कोहिला, लफाली, दलाश, चवाई, कुठेड़ और तांदी शामिल हैं। द्वितीय चरण में फनौटी, बिशलाधार, लझेरी, पोखरी, बिनन, कराणा 1, खणी, कमांद, बुच्छैर, डिंगीधार, जाबन, ब्युंगल और पलेही में चुनाव होंगे। तृतीय चरण के लिए लगौटी, कोटासेरी, बखनाओं, रोपा, तलूणा, कुगश, बटाला, देउठी, शिल्ली, बैहना, नमहोंग और आनी का चयन किया गया है। **विकास खंड बंजार:** प्रथम चरण में गाडापारली, शांघड़, सुचैहण, कोटला, गोपालपुर, तुंग, पलाहच, श्रीकोट, मशियार, सजवाड, खाबल, तांदी, सराज और कोठीचैहणी में मतदान होगा। द्वितीय चरण में शैशर, बनोगी, दुशाहड, चकुरठा, थाटीबीड़, चनौन, जमद, पेखड़ी, शिल्ही, खाड़ागाड, बलागाड, बाहू, टील और बिहार को रखा गया है। तृतीय चरण में देउरीधार, देउठा, मंगलौर, कलवारी, नोहाण्डा, शरची, कण्डीधार, शिकारीघाट और मोहनी शामिल हैं। **विकास खंड भुंतर:** प्रथम चरण में बरशैणी, मलाणा, छलाल, ब्राधा, जलूग्रां, छैउर, दनोगी, रैला 2, देवगढगोही, ज्येष्ठा, भलाण 1, सचाणी, नरैश, भुईन, न्यूल, कलैहली, शमशी और बशौणा में चुनाव होंगे। द्वितीय चरण में मनीकर्ण, पुन्थल, जां, रतोचा, शिलीहार 2, भैण, रैला, भलाण 2, पारली, गडसा, दलाशनी, दियार, शिलीहार, बजौरा, मशगां, शुरड और खोखन शामिल हैं। तृतीय चरण में कसोल, जरी, चौंग, शाट, तलपीणी, पीणी, तलाड़ा, कोठीभलाण, शियाह, हुरला, रोट, मंझली, बड़ाभुईन, हाट, परगाणू, तेगूबेहड़ और जिया में मतदान होगा। **विकास खंड कुल्लू:** प्रथम चरण में बंदरोल, बनोगी, फलाण, तियून, चताणी, चन्सारी, बन्दल, भल्याणी, बुआई, शिल्लीराजगिरी, बाराहार, चौपारसा, डुंखरीगाहर और मौहल में चुनाव होंगे। द्वितीय चरण में जिन्दौड़, नलहाच, मझाट, ब्राहमण, शिलानाल, भुलंग, पाहनाला, डुगीलघ, भूमतीर और बल्ह 2 को शामिल किया गया है। तृतीय चरण में कोठीसारी, बाशिंग, बस्तोरी, माशना, पुईद, चौकीडोभी, नेउली, बल्ह, पीज, जरडभुटटीकलोनी और खडीहार में मतदान निर्धारित है।

विकास खंड नगर: प्रथम चरण में पलचान, बुरूआ, चचोगा, प्रीणी, पनगां, मण्डलगढ़, देवगढ़, हलाण 1, रायसन, पिछलीहार, रियाड़ा और शिरड़ शामिल हैं। द्वितीय चरण में शनाग, मनाली, वशिष्ट, करजा, बडाग्रा, शिलाहलाण, लरांकेलो, रूमसू, गाहर, राउगी, सरसेई, हलाण 2, हुरग, गोजरा और कन्याल में चुनाव होंगे। तृतीय चरण में शलीण, जगतसुख, नसोगी, सोयल, दुआड़ा, ब्राण, अरछण्डी, जाणा, काईस, कराडसू, नगर, सलिंगचा और नथान में मतदान होगा।

अनधिकृत पार्टियों के प्रचार-प्रसार पर रोक

अनंत ज्ञान, कुल्लू। जिला दंडाधिकारी कुल्लू, अनुराग चंद्र शर्मा ने कसोल, तोष, मणिकर्ण, पुल्गा, ग्राहण व बरशैणी घाटी जैसे क्षेत्रों में सोशल मीडिया के माध्यम से विज्ञापित की जा रही अनधिकृत पार्टियों व कार्यक्रमों पर कड़ा संज्ञान लिया है। प्रशासन के ध्यान में आया है कि फेसबुक व इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स के साथ-साथ होर्डिंग्स और पोस्टरों के जरिए ऐसे कार्यक्रमों का प्रचार किया जा रहा है, जिन्हें जिला प्रशासन या पुलिस द्वारा कोई अनुमति नहीं दी गई है। इस प्रकार की भ्रामक जानकारी से सार्वजनिक शांति भंग होने व कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका को देखते हुए, जिला दंडाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के तहत जिला पर्यटन विकास अधिकारी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की निरंतर निगरानी करने व आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, तहसीलदार भुंतर व लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया गया है कि वे पुलिस सहायता के साथ इन क्षेत्रों से सभी अनधिकृत होर्डिंग्स, बैनर व प्रचार सामग्री को तुरंत हटाएं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जो भी व्यक्ति, संस्था या सोशल मीडिया हैंडल इन अनधिकृत आयोजनों के प्रचार या आयोजन में संलिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।

न्यूज ब्रीफ

काजा में चुनाव कंट्रोल रूम किया स्थापित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला लाहौल-स्पीति के स्पीति में आगामी पंचायत चुनावों के सफल व सुचारू संचालन के लिए काजा प्रशासन ने उपमंडल मुख्यालय काजा में उपमंडल स्तरीय चुनाव कंट्रोल रूम स्थापित किया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) स्पीति शिखा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में यहां कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाना है। उपमंडल प्रशासन ने कंट्रोल रूम के लिए विशेष संपर्क नंबर भी जारी किए हैं, जिनके माध्यम से आमजन अपनी समस्याएं व शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं, जिसका लैंडलाइन दूरभाष नंबर 01906-299030 और मोबाइल नंबर 89880-21777 है।

वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट का शेड्यूल जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, कुल्लू द्वारा मई के लिए वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आरटीओ कुल्लू आकांक्षा शर्मा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आरटीओ कुल्लू में 6, 11, 19 व 26 मई को वाहनों की पासिंग तथा 28 मई को ड्राइविंग टेस्ट का आयोजन होगा। आरएलए कुल्लू में 20 मई को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। उन्होंने बताया कि आरएलए मनाली में 12 तथा 25 मई को वाहन पासिंग और 13 मई को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। आरएलए बंजार में 7 मई, आरएलए केलांग में 22 मई व उदयपुर में 23 मई को वाहन पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट एक ही दिन आयोजित किए जाएंगे।

एबीवीआईएमएएस में आज से बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स

अनंत ज्ञान, मनाली। अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड स्पोर्ट्स (एबीवीआईएमएएस) शुक्रवार से इस सीजन का पहला बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स आयोजित कर रहा है। यह प्रशिक्षण निदेशक अविनाश नेगी के मार्गदर्शन में शुरू हुआ, जो स्वयं एवरेस्ट विजेता एवं पूर्व सशस्त्र बल अधिकारी हैं। इस 26 दिवसीय कोर्स में देशभर से 110 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं, जिनमें 25 महिलाएं, 85 पुरुष तथा एक विदेशी प्रतिभागी शामिल है। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर कैडर के एडीजीपी एवं 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी गरीब दास भी प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण में रॉक क्राफ्ट, स्नो एवं आइस क्राफ्ट, नेविगेशन, सर्वाइवल स्किल्स, फर्स्ट एड, रेस्क्यू तकनीक और नेतृत्व विकास जैसी गतिविधियां शामिल हैं। निदेशक अविनाश नेगी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं तथा साहसिक पर्यटन व रोजगार के अवसर बढ़ाते हैं।

नन्हे कदम, बड़े संदेश, कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में शानदार प्रतियोगिताओं का आयोजन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में वीरवार को विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक भव्य व प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कक्षा 1 एवं 2 के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा कक्षा 6, 7 एवं 8 के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का विषय 'कम्युनिटी हेल्पर्स' रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने डॉक्टर, शिक्षक, पुलिसकर्मी, अग्निशामक जैसे विभिन्न सामाजिक सेवकों की आकर्षक व जीवंत प्रस्तुतियां दीं। वहीं, भाषण प्रतियोगिता का विषय 'बाल श्रम' रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने प्रभावशाली विचारों के माध्यम से समाज में व्याप्त इस गंभीर समस्या पर अपने सशक्त दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में मोनिशा शर्मा, सविता याम्बा, करिश्मा ठाकुर व देचेन डोलमा उपस्थित रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, प्रस्तुति व विषय की समझ के आधार पर निष्पक्ष मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया तथा उन्हें सम्मानित किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में पहली कक्षा से पहला स्थान हितांश, दूसरा स्थान शनाया व अभिज्ञा व तीसरा स्थान मिकुल व प्रत्यक्ष आर्या ने प्राप्त किया और कक्षा दूसरी से पहला स्थान आहान राठौर, दूसरा स्थान रिहाना ठाकुर, हर्षित व तीसरा स्थान सूर्या पॉल, आरव शर्मा ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान रिया ठाकुर कक्षा छठी, दूसरा स्थान शानवी शर्मा कक्षा सातवीं एवं तीसरा स्थान सुदिति पुरोहित ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार व प्रधानाचार्या रीतू सुरेश कुमार ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

संजय बने सरस्वती स्कूल मनाली के छात्र भारती के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, मनाली। अनिला महाजन सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाली में छात्र भारती चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में कक्षा चौथी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने मताधिकार का जिम्मेदारी के साथ उपयोग किया।

विशेष बात यह रही कि चुनाव डिजिटल वोटिंग प्रणाली के माध्यम से करवाए गए जिससे प्रक्रिया और भी पारदर्शी व आधुनिक बनी। चुनाव संपन्न होने के पश्चात सायंकाल परिणाम घोषित किए गए, जिन्हें लेकर विद्यार्थियों में उत्सुकता एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला। अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में थे। संजय ने 118 मत लेकर करिश्मा को 26 मतों से हराया। प्रधानमंत्री पद पर अभिनव को सर्वसम्मति से चुना गया, जबकि उप-प्रधानमंत्री पद पर रजनीश को व सचिव पद के लिए उर्वशी को निर्विरोध चुना गया। सहसचिव पद पर अभितांश जीते उन्होंने शौर्य को 65 मतों से हराया। मुस्कान ने रिधिमा को 65 मतों से हराकर कोषाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की।

खेल युवा शक्ति को सेवा और एकत्व की ओर करते हैं प्रेरित: सुदीक्षा महाराज

सुदीक्षा जी महाराज अपने अनुयायियों का अभिवादन स्वीकारती हुई (दाएं) उमड़ा जनसैलाब। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। निरंकारी यूथ फोरम के खेलों का शुभारंभ वीरवार को कुल्लू के ढालपुर मैदान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज व निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में हुआ।

यह आयोजन निरंकारी यूथ फोरम द्वारा जम्मू-कश्मीर व हिमाचल प्रदेश के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ, जिसने क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के द्वारा ध्वजारोहण व मशाल प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह, ऊर्जा व आध्यात्मिक प्रेरणा से आलोकित कर दिया। युवाओं का जोश, अनुशासन व समर्पण इतना प्रभावशाली था कि समूचा परिसर गुंजायमान हो उठा। सतगुरु माता ने अपने आर्शीवचनों में फरमाया कि ये खेल केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि 'नृत्य-व्यम' के भाव के साथ अपने शरीर को निरंकार की सेवा में समर्पित करने का एक पावन अवसर हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि दातार की कृपा से पूरे आयोजन में उत्कृष्ट समन्वय व एकजुटता देखने को मिली, भले ही कुछ खेल परिस्थितियों के कारण स्थगित करने पड़े। इस आयोजन का विशेष महत्व इस बात में निहित है कि यह युवाओं को आध्यात्मिकता, अनुशासन, सेवा व एकत्व के मूल्यों से जोड़ता है।

यह एक बहुसांस्कृतिक व बहुभाषी मंच है, जहां 'बेरंग में अनेक रंग' की भावना साकार होती है अर्थात विविधता में एकता का जीवंत संगम। कार्यक्रम के दौरान टीमवर्क व सामूहिकता का सशक्त संदेश दिया गया कि सच्ची जीत वही है, जिसमें सभी को साथ लेकर आगे बढ़ा जाए। साथ ही युवाओं को प्रेरित किया गया कि वे तन, मन व धन से सेवा भाव बनाए रखें तथा निरंकारी शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाकर उसे सार्थक व सफल बनाएं।

नामांकन के दूसरे दिन कुल्लू में 32 प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू के शहरी निकायों के निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया के दूसरे दिन वीरवार को विभिन्न निकायों में कुल 32 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत भुंतर के लिए 6 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे, जबकि नगर पंचायत बंजार में 2 प्रत्याशी ने अपना पर्चा दाखिल किया।

नगर पंचायत निरमंड में 7 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रस्तुत किए। वहीं, नगर परिषद कुल्लू के लिए 14 नामांकन पत्र भरे, जबकि नगर परिषद मनाली में 3 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए, जबकि नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया के पहले दिन बुधवार को विभिन्न निकायों में कुल 23 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जिनमें नगर पंचायत भुंतर के लिए 6 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे, जबकि नगर पंचायत बंजार में 1 प्रत्याशी ने अपना पर्चा दाखिल किया। नगर पंचायत निरमंड में 5 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रस्तुत किए। वहीं, नगर परिषद कुल्लू के लिए 11 नामांकन पत्र भरे, जबकि नगर परिषद मनाली में पहले दिन कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ।

तैयारियां नालों, नालियों, पुलियों व जल निकासी तंत्र की समयबद्ध सफाई की जाए सुनिश्चित

धंसाव की स्थिति वाले स्थानों को करें चिन्हित : डीसी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत जिला आपदा प्रबंधन व प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा के लिए डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया तथा संभावित आपदाओं से निपटने के लिए समन्वित कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए डीसी। अनंत ज्ञान

डीसी ने कहा कि मानसून के दौरान भूस्खलन, बाढ़, सड़क अवरोध व अन्य आपदा संबंधी घटनाओं की संभावना को देखते हुए सभी विभागों का सतर्क व सक्रिय रहना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि नालों, नालियों, पुलियों तथा जल निकासी तंत्र की समयबद्ध सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि वर्षा जल का निर्बाध प्रवाह बना रहे। साथ ही, खतरनाक व कमजोर पेड़ों की पहचान कर उन्हें समय रहते हटाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में संवेदनशील व भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां आवश्यक एहतियाती कदम उठाने, राहत व बचाव कार्यों की पूर्व योजना तैयार करने तथा स्थानीय प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने पर बल दिया गया। डीसी ने आवश्यक वस्तुओं जैसे राशन, दवाइयों, एलपीजी आदि का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए, ताकि आपात स्थिति में किसी प्रकार की कमी न रहे। डीसी ने संबंधित विभागों को क्रिटिकल क्षेत्रों की पहचान करने, वाटरशेड प्रबंधन पर व्यापक अध्ययन करने तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से उन स्थानों की पहचान करने को कहा जो धंसाव की स्थिति में हैं, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

इसके अतिरिक्त, जल शक्ति विभाग को ब्यास के अतिरिक्त अन्य नदी, नालों के संवेदनशील स्थानों की पहचान कर समय पर मलबा हटाने के लिए भी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए

सरकारी सड़क पर अवैध ताला : हरदेवपुरा में पब्लिक रास्ता बंद होने से पनपा विवाद

मनरेगा फंड से बनी सड़क पर कब्जे के आरोप, ग्रामीणों ने उठाई कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान

कृष्ण रघुवंशी, अर्की। उपमंडल अर्की के व्यापारिक कस्बे कुनिहार के समीप हरदेवपुरा गांव में एक पब्लिक सड़क पर गैर-कानूनी रोक लगाने को लेकर विवाद सामने आया है। आरोप है कि सरकारी पैसे से बने इंफ्रास्ट्रक्चर पर कब्जा किया गया है। गांव की खेती की जमीन की मालिक प्रोमिला कुमारी गोयल ने आरोप लगाया है कि आरोपी राजेश कुमार और प्रेम राज ने गैर-कानूनी तरीके से चेन और ताला लगाकर पब्लिक रास्ते को रोक दिया, जिससे उनकी जमीन पर एंट्री नहीं हो पा रही थी और लोगों का आना-जाना भी रुक गया था।

ज्ञात रहे कि ग्राम पंचायत कोठी के अंतर्गत बनी यह सड़क विकास खंड कुनिहार के तहत बनाई गई थी। शिकायतकर्ता द्वारा दी गई फोटो में साफ तौर पर इंटरलॉकिंग टाइल्स रोड का काम बताया गया है, जिसे 2024-25 के दौरान पूरा किया गया था तथा जिसकी लगभग मंजूर लागत 2,99,967 थी। यह महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट और दूसरे पब्लिक फंडिंग सोर्स जैसी सरकारी स्कीमों के तहत किया गया था। इसके बावजूद एक व्यक्ति ने इस सड़क पर निजी मालिकाना हक का दिखाते हुए व बिना किसी कानूनी अधिकार या सरकारी आदेश के सड़क को रोक दिया है।

सड़क के सूरत-ए-हाल।

शिकायतकर्ता ने कहा है कि यह काम गलत तरीके से रोकना, पब्लिक रास्ते में रुकावट डालना और टैक्सपेयर के पैसे से मिले इंफ्रास्ट्रक्चर का गलत इस्तेमाल है। जिससे सरकारी पैसे का नुकसान और स्थानीय लोगों को मानसिक परेशानी हुई है। उनका कहना है कि इस घटना ने ग्रामीण विकास संपत्तियों पर गैर-कानूनी कब्जों और सरकारी पैसे से चलने वाले प्रोजेक्ट्स में जवाबदेही लागू करने को लेकर बड़ी चिंताएं खड़ी कर दी हैं। उन्होंने अधिकारियों से उम्मीद है कि वे मामले की जांच करेंगे और लागू कानूनों के अनुसार कार्रवाई करेंगे।

जंगल में गोली लगने से व्यक्ति की मौत पुलिस जांच शुरू

अनंत ज्ञान, अर्की। पुलिस थाना अर्की में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राहुल (22), पुत्र लक्ष्मीकांत, निवासी गांव जमरोटी (डा. भूमती) ने मोबाइल के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के अनुसार 29 अप्रैल को शाम करीब 6 बजे राहुल अपने साथी भगत राम के साथ जमरोटी बावड़ी में मौजूद था। इसी दौरान कमलजीत निवासी गांव कुनी ने उसे सूचना दी कि उसके पिता को जंगल में चोट लग गई है। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि राहुल के पिता लक्ष्मीकांत जमीन पर घायल अवस्था में पड़े थे और उनके बाईं तरफ कूल्हे के पास गोली लगी हुई थी। उन्हें चारपाई के सहारे इलाज के लिए अस्पताल अर्की ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिकायत के अनुसार यह हादसा रणजीत सिंह की बंदूक से गोली चलने के कारण हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पांवटा साहिब : स्पेशल डिटेक्शन टीम की कार्रवाई

1104 के बाद 7440 प्रतिबंधित कैप्सूल की खेप बरामद, केस दर्ज

अनंत ज्ञान

नाहन। स्पेशल डिटेक्शन टीम पांवटा साहिब ने गुप्त सूचना के आधार पर ट्रक यूनियन के पास एक टैम्पो से 1104 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए। इस दौरान रविकांत उर्फ बंटी और विकास को गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ पुलिस थाना पांवटा साहिब में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

सहारनपुर में छापेमारी बड़ी बरामदगी

मामले की जांच के दौरान पुलिस हिरासत में पूछताछ के आधार पर आरोपी की निशानदेही पर 26 अप्रैल को सहारनपुर में छापेमारी की गई। यहां गफ्फार नामक व्यक्ति के घर की तलाशी ली गई, जहां कमरे से 7440 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए गए। यह बरामदगी नशा तस्करी के नेटवर्क की बड़ी कड़ी मानी जा रही है। पुलिस ने गफ्फार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि ऐसे नेटवर्क को तोड़ने के लिए लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

नशा तस्करों के खिलाफ अभियान जारी

सिरमौर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे वे राज्य के भीतर हों या बाहर के। पुलिस ऐसे तत्वों को चिन्हित कर लगातार कार्रवाई कर रही है, ताकि नशे के नेटवर्क को खत्म किया जा सके।

अवैध खनन पर 53 वाहनों के काटे चालान

अनंत ज्ञान, नाहन। पुलिस अधीक्षक सिरमौर के निर्देशानुसार 28 और 29 मार्च को पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर वाहनों की जांच की और खनन गतिविधियों में संलिप्त पाए वाहनों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 53 वाहनों के चालान काटे गए, जिनमें से 48 वाहन खनन अधिनियम के अंतर्गत और 5 वाहन मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत पाए गए। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में 21 चालानों का निपटारा करते हुए कुल 99,500 का जुर्माना वसूला गया है। वहीं 32 वाहनों को मौके पर जब्त किया गया है। इन सभी मामलों को आगे की विधिक कार्रवाई के लिए संबंधित न्यायालयों में भेज दिया गया है, जहां आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

राजगढ़ नगर पंचायत चुनाव: नामांकन के दूसरे दिन सियासी हलचल तेज

अनंत ज्ञान, राजगढ़। राजगढ़ नगर पंचायत चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन सियासी हलचल तेज हो गई। कांग्रेस समर्थित, भाजपा और आजाद प्रत्याशियों के मैदान में उतरने से चुनावी मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। विभिन्न वार्डों में उम्मीदवारों की सक्रियता और समर्थकों की मौजूदगी ने चुनाव को पूरी तरह रंग दे दिया है। कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों में वार्ड नंबर 1 से अभिषेक शर्मा, वार्ड नंबर 2 से कपिल कुमार, वार्ड नंबर 5 से रीना कुमारी और वार्ड नंबर 7 से राकेश कुमार ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान पच्छाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा के नेतृत्व में नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई। कांग्रेस ने जनहित के मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ने का दावा किया है। भाजपा की ओर से वार्ड नंबर 2 से पूरण कुमार, वार्ड नंबर 3 से अनुप रायटा और वार्ड नंबर 4 से निधि भारद्वाज ने नामांकन भरा है। हालांकि वार्ड नंबर 6 और 7 में भाजपा उम्मीदवारों को लेकर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है। आजाद उम्मीदवारों ने भी मुकाबले को रोचक बना दिया है। वार्ड नंबर 1 से पूर्व उपाध्यक्ष कपिल ठाकुर और वार्ड नंबर 5 से शिवानी ठाकुर मैदान में हैं। कई वार्डों में त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन चुकी है, खासकर वार्ड 1 और 5 में। वार्ड नंबर 4 में पूर्व अध्यक्ष ज्योति साहनी और भाजपा प्रत्याशी निधि भारद्वाज के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है। वहीं वार्ड 6 और 7 में भी आने वाले दिनों में मुकाबला और दिलचस्प होने की संभावना है। नामांकन की अंतिम तिथि 2 मई है, ऐसे में और उम्मीदवारों के मैदान में उतरने की उम्मीद है। इस बार हर वार्ड में कड़ा चुनावी मुकाबला देखने को मिल रहा है।

सोलन में चुनावों के मद्देनजर हथियारों पर प्रतिबंध, धारा 163 के तहत आदेश लागू

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आवश्यक आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार सोलन की परिधि में कोई भी व्यक्ति शस्त्र अधिनियम, 1959 की परिभाषा के अनुसार आग्नेय अस्त्र तथा गोला बारूद साथ लेकर नहीं चल सकेगा। यह आदेश पुलिस, अर्द्ध सैनिक बल, सुरक्षा बल, ऑन ड्यूटी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी कर्मी, बैंकों के अधिकृत सुरक्षा कर्मी तथा वैध कारणों के साथ विशेष अनुमति प्राप्त अन्य व्यक्तियों पर लागू नहीं होंगे। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि पुलिस अधीक्षक सोलन तथा पुलिस अधीक्षक बद्दी इन आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित बनाएंगे तथा उल्लंघन की स्थिति में विधि सम्मत कार्यवाही अमल में लाएंगे। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं तथा शहरी स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं की निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने अथवा दो माह की अवधि तक जो भी पहले हो, लागू रहेंगे। यह आदेश स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन तथा जनहित में जारी किए गए हैं।

दीदग स्कूल के छात्रों ने मानव हिल रिसॉर्ट में सीखी पर्यटन व्यवसाय की बारीकियां

अनंत ज्ञान, सोलन। -सिरमौर जिला में हरिपुरधार के निकट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दीदग के पर्यटन एवं होस्पिटलिटी विषय का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न हो गई। इस कार्यशाला में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दीदग के लगभग तीन दर्जन विद्यार्थियों ने मानव हिल रिसॉर्ट, बड़यात्टा में रात्रि ठहराव करके हॉस्पिटैलिटी एवं पर्यटन व्यवसाय का प्रैक्टिकल ज्ञान अर्जित किया। इन विद्यार्थियों को रिजोर्ट के अंदर हाउसकीपिंग, कैटरिंग कुकिंग और रिसॉर्ट की सफाई व्यवस्था के बारे में व्यवहारिक ज्ञान दिया गया। मानव भी रिजोर्ट के प्रबंध निदेशक मेलाराम शर्मा ने बताया कि पाठशाला से आए इन विद्यार्थियों को किताबी शिक्षा से हटकर पर्यटन व्यवसाय को जीवन यापन का साधन बनाने के बारे में व्यवहारिक ज्ञान दिया गया और विद्यार्थियों से ही रिजल्ट के अंदर रूम सर्विस, हाउसकीपिंग, साफ सफाई कुकिंग केसिंग्टन, टेंटिग और कैटरिंग कार्यों का प्रैक्टिकल कार्य करवाया गया । उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन व्यवसाय की अपार संभावनाएं हैं और इस व्यवसाय के माध्यम से विद्यार्थी अपना उज्जवल भविष्य ही नहीं अपितु दूसरों को भी रोजगार के साधन उपलब्ध करवा सकते हैं।

पोलिंग बूथ बदलने पर बरसणू के ग्रामीणों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

अनंत ज्ञान, अर्की। सोलन जिले के अर्की उपमंडल के तहत ग्राम पंचायत कोटलू के बरसणू गाँव के निवासियों ने पोलिंग बूथ को राजकीय प्राथमिक पाठशाला बरसणू से हटाकर पंचायत भवन कोटलू स्थानांतरित करने का कड़ा विरोध किया है। ग्रामीणों ने उपमंडलाधिकारी (ना.) को सौंपे ज्ञापन में बताया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला बरसनु में वर्ष 1990 से मतदान प्रक्रिया चल रही थी।परंतु वर्ष 2026 में इस मतदान बूथ को बिना आम जनता की सहमति के बदलकर पंचायत भवन कोटलु कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि नया बूथ गाँव से पैदल 4 किलोमीटर और सड़क मार्ग से 17 किलोमीटर की अत्यधिक दूरी पर स्थित है, जिससे वर्षा कड़कड़ाती धूप में महिलाओं बुजुर्गों को मतदान करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। इस कारण सरकार के इस निर्णय से नाराज ग्रामीणों और वार्ड सदस्य ने एकमत होकर चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने इस स्थानांतरण को तुरंत रद्द कर बूथ को वापस पुराने स्थान पर स्थापित नहीं किया, तो समस्त ग्रामीण आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों का पूर्ण बहिष्कार करेंगे।

सिरमौर : मई में वाहन पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट का शेड्यूल जारी

अनंत ज्ञान, नाहन। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिरमौर सोना चंदेल ने मई 2026 माह के लिए जिला सिरमौर में वाहन पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट का शेड्यूल जारी कर दिया है। नाहन में वाहन पासिंग 6 और 18 मई को होगी, जबकि ड्राइविंग टेस्ट 7 और 19 मई को आयोजित किए जाएंगे। पांवटा साहिब में 21 मई को निजी वाहन और स्कूल बसों की पासिंग होगी, जबकि 22 मई को केवल परिवहन वाहनों की पासिंग रखी गई है। यहां ड्राइविंग टेस्ट 23 मई को होगा। राजगढ़ में 4 मई को पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट दोनों होंगे। शिलाई में 14 मई, कफोटा में 15 मई, संगड़ाह में 8 मई और सराहां में 12 मई को वाहन पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट एक ही दिन आयोजित किए जाएंगे। आरटीओ कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार इंजीनियर विजय चौहान को संबंधित परीक्षण कार्यों के लिए नियुक्त किया गया है। वाहन चालकों और आवेदकों से निर्धारित तिथियों पर सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित समय पर पहुंचने की अपील की गई है। परिवहन विभाग ने सभी से नियमों का पालन करते हुए प्रक्रिया को सुचारू बनाने में सहयोग देने का आग्रह किया है।

चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए निर्देश

संपत्ति जांच के सुझाव पर होगा अमल या औपचारिकता

अनंत ज्ञान

परवाणू। परवाणू नगर परिषद चुनाव प्रक्रिया नामांकन चरण में पहुंच चुकी है, वहीं दूसरी ओर अतिरिक्त उपायुक्त सोलन द्वारा जारी नए निर्देशों से प्रशासनिक स्तर पर हलचल बढ़ गई है। परवाणू विकास मंच के अध्यक्ष सतीश बेरी द्वारा चुनाव आयोग को भेजे गए पत्र में चुनाव प्रक्रिया को लेकर कई सख्त सुधारों का सुझाव दिया गया था। इस पत्र की प्रतिलिपि उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कसौली, हिमुडा परवाणू और नगर परिषद परवाणू को भी भेजी गई थी। सुझाव के आधार पर अतिरिक्त उपायुक्त ने नगर परिषद परवाणू को निर्देश दिए हैं कि नामांकन से पहले प्रत्याशियों की संपत्ति की जांच कर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पर कार्य किया जाए और इसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजी जाए। सतीश बेरी ने कहा कि यह कदम चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाएगा।

हालांकि हिमुडा और नगर परिषद की ओर से अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है, जिससे निर्देशों के क्रियान्वयन पर सवाल उठ रहे हैं।

> **हमारे** विभाग के पास उपायुक्त कार्यालय से अभी कोई निर्देश या पत्र प्राप्त नहीं हुआ है न ही हमारे द्वारा अभी किसी प्रत्याशी को अनापत्ति पत्र जारी किया गया है।
>
> **कौशल शर्मा, अधिशासी अभियंता हिमुडा परवाणू**

> **नप** द्वारा केवल अदेय प्रमाण पत्र जारी किये जाते हैं जो की सभी प्रत्याशियों को कर दिए गए हैं। उपायुक्त कार्यालय से चुनाव से संबंधित पत्र प्राप्त हुआ है उनके निर्देशों को ध्यान में रखते हुए नप द्वारा जल्द अपना जवाब भेजा जाएगा।
>
> **संदीप कुमार कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद परवाणू।**

भाजपा-कांग्रेस ने फाइनल की प्रत्याशियों की लिस्ट, बागियों से समीकरण बिगड़े

वार्ड 3, 4, 6 और 10 में निर्दलीय उम्मीदवारों से मुकाबला हुआ दिलचस्प

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी है। कांग्रेस से पूर्व मेयर उषा शर्मा के टिकट कटने से समीकरण बदल गए हैं, जबकि दोनों पार्टियां बागी प्रत्याशियों को मनाने में जुटी हुई हैं। वार्ड 3, 4, 6 और 10 से निर्दलीय उम्मीदवार समीकरण बिगाड़ रहे हैं।

भाजपा ने 17 वार्डों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान किया है। वार्ड-1 से नीलम, वार्ड-2 से सुषमा शर्मा, वार्ड-3 से पियूष गर्ग, वार्ड-4 से रोहित भारद्वाज, वार्ड-5 से प्रियंका, वार्ड-6 से रेखा साहनी, वार्ड-7 से बादल नाहर (संभावित), वार्ड-8 से सुरेंद्र कुमार, वार्ड-9 से सलिता शर्मा, वार्ड-10 से वीरेंद्र सूद, वार्ड-11 से सरिता ठाकुर, वार्ड-12 से प्रियंका अग्रवाल, वार्ड-13 से मीरा आनंद, वार्ड-14 से मीना कुमारी, वार्ड-15 से अभिषेक ठाकुर, वार्ड-16 से सीमा और वार्ड-17 से तरुणा शर्मा को टिकट दिए गए हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है, लेकिन कुछ जगहों पर बागियों की बगावत चिंता का विषय बनी हुई है। कांग्रेस ने भी अपनी सूची फाइनल कर दी। वार्ड-1 से अर्चना ठाकुर, वार्ड-2 से सुनील कुमारी साहनी, वार्ड-3 से रजत थापा, वार्ड-4 से संगीता ठाकुर, वार्ड-7 से पूजा तंवर, वार्ड-8 से पूनम ग्रोवर, वार्ड-9 से मीनाक्षी शर्मा, वार्ड-10 से अंकुश सूद, वार्ड-11 से मीना शर्मा, वार्ड-12 से ईश्वर दत्त, वार्ड-13 से नरेंद्र कुमार, वार्ड-14 से सुलक्षणा कौर, वार्ड-15 से विनय भागनाल, वार्ड-16 से अनीता कुमारी और वार्ड-17 से अरुणा ठाकुर को टिकट मिला है। वार्ड-5 व 6 पर अभी फैसला बाकी है।

सोलन में नगर निगम चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करते प्रत्याशी। अनंत ज्ञान

नाहन नप में कांग्रेस के सभी 13 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

अनंत ज्ञान, नाहन। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नाहन के अध्यक्ष ज्ञान चंद चौधरी की अध्यक्षता में वीरवार को नगर परिषद नाहन के 13 वार्डों से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस अवसर पर नाहन के विधायक अजय सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रत्याशियों ने उत्साहपूर्वक नामांकन भरा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी खासा जोश देखने को मिला। नामांकन भरने वालो में वार्ड-1 से कपिल गर्ग उर्फ मोंटी, वार्ड-2 से नरेंद्र तोमर, वार्ड-3 से उपमा धीमान, वार्ड-4 से श्रद्धा शर्मा, वार्ड-5 से समीना, वार्ड नंबर 6 से योगेश गुप्ता, वार्ड-7 से राकेश गर्ग, वार्ड-8 से वीरेंद्र कुमार पासी, वार्ड-9 से कुसुम तोमर, वार्ड-10 से एडवोकेट वसीम, वार्ड-11 से हरप्रीत कौर, वार्ड-12 से राकेश कुमार व वार्ड-13 से सर्वजीत कौर शामिल रहे। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने नाहन की जनता से अपील की कि वे सभी कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को अपना आशीर्वाद दें।

पुरानी रंजिश : पानी के विवाद में चली कुल्हाड़ी-दराटी, केस दर्ज

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिला के थाना पच्छाद के तहत आने वाले खलोग गांव में पानी की पाइप को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस खूनी संघर्ष में दोनों ओर से धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया, जिससे कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर आगामी तफ्तीश शुरू कर दी है।

पहला मामला

गांव खलोग निवासी सालिग राम ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 27 अप्रैल की रात को प्रवीन कुमार (निवासी धारोट बडयाणा) पुरानी रंजिश के चलते नशे की हालत में कुल्हाड़ी और चाकू लेकर उसके घर में घुस आया। आरोपी ने अवैध रूप से घर में प्रवेश कर सालिग राम पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ घर में घुसकर हमला करने की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

दूसरा मामला

दूसरे पक्ष से बडयाणा निवासी बाबू राम ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वह शाम के समय पानी की पाइपलाइन जोड़ने और टंकी की सफाई के लिए खलोग की ओर गया था। वापसी में जब उसने खलोग में एक खुला नलका देखा और उसे पाइप में लगाने की कोशिश की, तो सालिग राम और उसकी पत्नी ने पीछे से कुल्हाड़ी व दराटी से उस पर हमला कर दिया। इस हमले में बाबू राम लहूलुहान हो गया। पच्छाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर लिया है।

सोलन नप चुनाव : वार्ड-6 में युवा चेहरा रोहिणी सूद की एंट्री

अनंत ज्ञान, सोलन। सोलन नगर परिषद चुनाव में इस बार युवाओं की सक्रिय भागीदारी चर्चा का विषय बनी हुई है। वार्ड-6 से रोहिणी सूद का नाम तेजी से उभरकर सामने आया है, जिन्हें जेन-जी प्रतिनिधि के रूप में देखा जा रहा है। लगातार जनसंपर्क और स्थानीय मुद्दों पर सक्रियता के चलते उन्होंने युवाओं के बीच खास पहचान बनाई है। रोहिणी सूद की बढ़ती लोकप्रियता से वार्ड-6 में चुनावी मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। युवाओं का एक बड़ा वर्ग उन्हें पारदर्शिता, विकास और जवाबदेही के मुद्दों पर मजबूत विकल्प मान रहा है। डिजिटल युग में पली-बढ़ी यह नई पीढ़ी अब केवल मतदाता नहीं, बल्कि नेतृत्व में भी अपनी भागीदारी चाहती है। हालांकि राजनीतिक दलों में टिकट वितरण को लेकर अब भी पारंपरिक चेहरों को प्राथमिकता मिलने की चर्चा है, जिससे कुछ युवा दावेदारों में असंतोष भी देखा जा रहा है।

राजगढ़ विकास खंड : पंचायत चुनाव का शेड्यूल घोषित, 3 चरणों में मतदान

अनंत ज्ञान, राजगढ़। विकास खंड राजगढ़ में ग्राम पंचायत चुनावों को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पंचायत चुनाव की तिथियां औपचारिक रूप से घोषित कर दी गई हैं, जिससे क्षेत्र में चुनावी माहौल गर्म हो गया है।निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं विकास खंड अधिकारी कुलदीप ठाकुर ने बताया कि इस बार चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए एक पोलिंग पार्टी द्वारा तीन पंचायतों में मतदान करवाया जाएगा। इससे संसाधनों का बेहतर उपयोग और मतदान प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सकेगा। तीन चरणों में होगा मतदान।

प्रथम चरण 26 मई

पहले चरण में कुल 11 पंचायतों में मतदान कराया जाएगा। इनमें टाली भुज्जल, देवठी मझगांव, कोटला बांगी, कडोली दोची, नेहरटी बघोट, शिलांजी, थैनाबसोतरी, दाहन, छोगटाली, नेहरपाब और काथली भरण शामिल हैं।

द्वितीय चरण 28 मई

दूसरे चरण में माटल बखोग, राणाघाट, धनच मानवा, शाया सनौरा, करगाणु, भाणत, बोहल टालिया, दीदग, कोठिया जाजर और डिम्बर पंचायतों में मतदान होगा।

तृतीय चरण-28 मई

तीसरे चरण में कोटी पधोग, डिब्बर, नेईनेटी, जदोल टपरोली, चंदोल, सेर जगास, नेरी कोटली, शलाना, भुईरा, टिक्कर और ठौड़ निवाड़ पंचायतों में मतदान संपन्न कराया जाएगा।प्रशासन की तैयारी पूरी निर्वाचन अधिकारी कुलदीप ठाकुर ने बताया कि चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

दून कप में पाइनग्रोव की शानदार जीत का दबदबा

प्रतियोगिता के शुभारंभ पर टीम सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सोलन। पाइनग्रोव ने 24 से 26 अप्रैल तक देहरादून के इकोल ग्लोबेल इंटरनेशनल गर्ल्स स्कूल में आयोजित दून कप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी बादशाहत साबित की। अंडर-18 वर्ग में 15 मजबूत टीमों के बीच पाइनग्रोव ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने अपने अभियान की शुरुआत वाइनबर्ग एलन स्कूल के खिलाफ 4-2 की आत्मविश्वासी जीत से आरंभ की। इसके बाद द एशियन स्कूल को 2-0 से हराते हुए बिरला भारतीय विद्यापीठ के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। मेजबान टीम इकोल ग्लोबेल इंटरनेशनल स्कूल ए टीम के विरुद्ध 1-2 की एकमात्र हार के बावजूद पाइनग्रोव ने शानदार वापसी करते हुए उनकी बी टीम को 10-0 से करारी शिकस्त दी। नॉकआउट चरण में पाइनग्रोव का दबदबा कायम रहा। सेमीफाइनल में वाइनबर्गएलन स्कूल को 6-1 से हराने के बाद टीम ने फाइनल में मेजबान ए टीम को 5-0 से पराजित कर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। सुबेक्छा लिम्बू ने सर्वश्रेष्ठ मिड फील्डर का खिताब हासिल किया, जिसने पाइनग्रोव के इस शानदार प्रदर्शन को और भी महत्वपूर्ण बना दिया।

ट्रैक, टीम गेम्स और एथलेटिक्स में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह और प्रतिभा

नौणी विवि खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों का दमदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

सोलन। डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में आयोजित 10वीं वार्षिक अंतर-महाविद्यालय खेल एवं एथलेटिक मीट के दूसरे एवं तीसरे दिन छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। बुधवार को विभिन्न ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स के साथ-साथ कई टीम इवेंट्स का भी आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

महिला वर्ग के परिणाम: महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में वानिकी महाविद्यालय की मान्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वानिकी महाविद्यालय की आरुषि दूसरे और औद्यानिकी महाविद्यालय की स्टीविया तीसरे स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में वानिकी महाविद्यालय की अनुष्का ने पहला स्थान हासिल किया। औद्यानिकी महाविद्यालय की श्रेया दूसरे तथा थूनाग महाविद्यालय की सारिका तीसरे स्थान पर रहीं। 4×100 मीटर रिले रेस में वानिकी महाविद्यालय विजेता रहा, जबकि थूनाग और औद्यानिकी महाविद्यालय क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। बास्केटबॉल मुकाबले में वानिकी महाविद्यालय ने औद्यानिकी महाविद्यालय को 25-18 के स्कोर से हराया। महिलाओं की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में नेरी महाविद्यालय ने वानिकी महाविद्यालय को पराजित किया, जबकि शतरंज में वानिकी महाविद्यालय ने औद्यानिकी महाविद्यालय को हराया। कबड्डी के फाइनल मुकाबले में औद्यानिकी महाविद्यालय ने थूनाग महाविद्यालय पर विजय हासिल की।

पुरुष वर्ग के परिणाम: पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में वानिकी महाविद्यालय के चंद्रशेखर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। औद्यानिकी महाविद्यालय के निशांत दूसरे तथा कार्तिक तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में औद्यानिकी महाविद्यालय के हरमन ने पहला स्थान हासिल किया। वानिकी महाविद्यालय के राम बाबू दूसरे तथा थूनाग महाविद्यालय के तुलसी तीसरे स्थान पर रहे। बास्केटबॉल मुकाबले में नेरी महाविद्यालय ने औद्यानिकी महाविद्यालय को 55-40 के स्कोर से हराया। क्रिकेट के महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में वानिकी महाविद्यालय ने औद्यानिकी महाविद्यालय को हराया।

राजनाथ बोले- ऑपरेशन सिंदूर अपनी मर्जी से रोका न्यूक्लियर हमले से नहीं डर

रक्षा मंत्री ने कहा- भारत आईटी का हब, जबकि पाक इंटरनेशनल टेररिज्म का

एजेंसी, नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीवार को कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अपनी मर्जी और अपनी शर्तों पर रोका था। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो देश पाकिस्तान के खिलाफ लंबी लड़ाई के लिए पूरी तरह तैयार है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से परमाणु हमले की धमकी दी गई थी, लेकिन भारत इससे नहीं डरा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की सर्ज कैपेसिटी (अचानक ताकत बढ़ाने की क्षमता) पहले से ज्यादा मजबूत है। राजनाथ ने कहा कि भारत आज इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) के लिए जाना जाता है, जबकि पाकिस्तान को आईटी यानी

इंटरनेशनल टेररिज्म' का केंद्र माना जाता है। राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक टर्निंग पॉइंट था, जिसने दुनिया को दिखाया कि भारत अब सिर्फ बयान देने वाला देश नहीं है, बल्कि सीधे कार्रवाई करता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार की नीति साफ है। देश में किसी भी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर सख्त और सीधी कार्रवाई की जाएगी। आतंकवाद की जड़ उसकी विचारधारा और राजनीतिक समर्थन में होती है। इसे खत्म किए बिना आतंकवाद पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता। (अनंत ज्ञान)

ऑपरेशन सिंदूर में 9 आतंकी ठिकाने तबाह

रक्षा मंत्री ने बताया कि पिछले साल पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। ऑपरेशन 7 मई 2025 को शुरू हुआ था। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। पाकिस्तान में 9 बड़े लॉन्चपैड नष्ट किए गए थे और 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया गया।

लंबे युद्ध की तैयारी और मजबूत सैन्य क्षमता

राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि भारत की सैन्य क्षमता लगातार मजबूत हुई है और जरूरत पड़ने पर तेजी से बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत किसी भी प्रकार की परमाणु धमकी से प्रभावित नहीं हुआ। रक्षा मंत्री ने बताया कि भले ही ऑपरेशन सिंदूर मात्र 72 घंटे में पूरा हुआ हो, लेकिन इसकी तैयारी लंबे समय से चल रही थी।

मणिपुर में हथियार, विस्फोटक किए बरामद, तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी, इंफाल

मणिपुर में सुरक्षाबलों की ओर से बीते 24 घंटे में चलाए गए अलग-अलग अभियानों में भारी सफलता हासिल हुई है। मणिपुर पुलिस की ओर से वीरवार को दी गई जानकारी के अनुसार सुरक्षाबलों ने चंदेल जिले के मोलचाम थाना अंतर्गत खंगतूंग गांव क्षेत्र में अभियान चलाकर भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और संचार उपकरण बरामद किए हैं।

बरामद सामान में एक 7.62 के-09 असॉल्ट राइफल मैगजीन सहित, चार सिंगल बोर राइफल, एक मौजर स्टाइल स्पोर्टिंग राइफल, एक शॉटगन, एक सब मशीन गन (एसएमजी) मैगजीन सहित, एक पिस्टल मैगजीन सहित, चार पोंपिस, तीन ग्रेनेड और तीन डेटोनेटर, पांच बाओफेंग रेडियो सेट, विभिन्न कैलिबर के 28 राउंड जिंदा कारतूस तथा पांच 12 बोर कारतूस शामिल हैं। एक अन्य अभियान में तेंगनौपाल जिले के

तेंगनौपाल थाना अंतर्गत तेंगनौपाल आईवीआर क्षेत्र से सुरक्षाबलों ने नशीले पदार्थ और एक वाहन जब्त किया। जब्त सामान में 0.078 ग्राम ब्राउन शुगर के दो साबुन केस, 12 किलोग्राम वाईवाई टैबलेट के 10 प्लास्टिक पैकेट तथा एक चार पहिया वाहन शामिल है। वहीं, बिष्णुपुर जिले के उपोकपी मयाई लैकाई क्षेत्र से एनआरएफएम के सक्रिय कैडर और हथियार तस्कर ख्वैराकपम दोरेन सिंह (42) को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी बरामद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मामलों में आगे की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

अमेरिका ने भारत को करीब 1.4 करोड़ डॉलर मूल्य की 650 से अधिक प्राचीन वस्तुएं लौटाई

एजेंसी, न्यूयॉर्क

अमेरिका ने भारत को करीब 1.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य की 657 प्राचीन वस्तुएं लौटाई हैं और कहा कि इस एशियाई देश को चुराई गई कलाकृतियां वापस दिलाने के लिए 'अभी और काम किया जाना बाकी है।' प्राचीन वस्तुएं लौटाने की घोषणा मंगलवार को मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने की। ये वस्तुएं कई तस्करी गिरोहों की जांच के बाद बरामद की गईं, जिनमें कुख्यात कला व्यापारी सुभाष कपूर और दोषी तस्कर नैंसी वीनर से जुड़े गिरोह भी शामिल हैं।

इन वस्तुओं को न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की दूत राजलक्ष्मी कदम की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत को सौंपा गया। ब्रैग ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को निशाना बनाने वाले तस्करी गिरोह का दायरा बहुत बड़ा है, जैसा कि आज 600 से अधिक वस्तुओं की



वापसी से स्पष्ट होता है। भारत को चुराई गई कलाकृतियां लौटाने के लिए अभी और काम किया जाना बाकी है और मैं हमारी टीम के निरंतर प्रयासों के लिए उनका धन्यवाद करता हूं। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय अमेरिकी गृह सुरक्षा मंत्रालय और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सतत सहयोग की सराहना की। उनकी 'लगातार सतर्कता' के कारण इन सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण वस्तुओं की बरामदगी और वापसी संभव हो सकी। लौटाई गई वस्तुओं में 'अवलोकितेश्वर' की लगभग 20 लाख डॉलर मूल्य की कांस्य प्रतिमा भी शामिल है, जो शेरों से सजे सिंहासन पर द्वि-कमल आसन पर विराजमान है। अंकित शिलालेख में कारीगर का नाम द्रोणादित्य बताया गया है, जो छत्तीसगढ़ के वर्तमान रायपुर के पास स्थित सीपुर का निवासी था। (अनंत ज्ञान)

अनिल अंबानी समूह से जुड़े बैंकिंग घोटाले पर सुनवाई टली

एजेंसी, नई दिल्ली। अनिल धीरूभाई अंबानी समूह से जुड़े कथित बड़े बैंकिंग घोटाले के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई को 8 मई तक के लिए टाल दिया है। यह मामला हजारों करोड़ रुपये के कथित लोन फ्रॉड से जुड़ा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसे पूर्व नौकरशाह ई. ए. एस. सरमा ने दायर किया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि अनिल अंबानी समूह की कंपनियों ने 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक लोन में धोखाधड़ी की है और इस मामले की अदालत की निगरानी में जांच होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि सीबीआई और ईडी ने अदालत के पिछले आदेश के अनुसार नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की है। दोनों एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं और कई वित्तीय पहलुओं पर काम जारी है।याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि जांच में देरी हो रही है और कथित मुख्य आरोपी के खिलाफ अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। अनिल अंबानी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत से आग्रह किया कि उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए। उन्होंने कहा कि कई महत्वपूर्ण तथ्य अभी तक अदालत के सामने पूरी तरह प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

वैष्णव ने जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई, दो मई से शुरू होंगी सेवाएं

एजेंसी, श्रीनगर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीरवार को जम्मू और श्रीनगर के बीच 20-कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह केंद्र शासित प्रदेश की दोनों राजधानियों के बीच पहली सीधी ट्रेन सेवा है। मुख्यमंत्री

उमर अब्दुल्ला और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह भी इस दौरान मौजूद थे। जम्मू और श्रीनगर के बीच सीधी ट्रेन सेवा से यात्रा का समय कम होगा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जून 2025 को कटरा और श्रीनगर के बीच पहली सीधी ट्रेन सेवा का उद्घाटन किया था। अब इस सेवा को जम्मू तवी रेलवे स्टेशन तक विस्तारित किया जा रहा है। लगभग 43,780 करोड़ रुपये की रेल परियोजना पर काम 1990 के दशक के अंत में शुरू हुआ था, और अक्टूबर 2008 में कश्मीर घाटी में पहली ट्रेन चली थी। एक अधिकारी ने कहा कि आधुनिक 20-कोच वाली वंदे भारत ट्रेन जम्मू तवी से अपनी पहली यात्रा शुरू करेगी, जो श्रीनगर तक चलेगी। यह घाटी के चुनौतीपूर्ण भौगोलिक क्षेत्रों को जोड़ेगी। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-श्रीनगर सेवा की शुरुआत से पहले, मंगलवार को जम्मू से श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन तक वंदे भारत का संचालन परीक्षण किया गया था। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस और 20 कोच वाली प्रारंभिक वंदे भारत ट्रेन कुल 267 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। जम्मू-श्रीनगर ट्रेन सेवा दो मई से शुरू करने की योजना है। (अनंत ज्ञान)

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

एजेंसी, नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की गौहाटी उच्च न्यायालय की ओर अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस जेके माहेश्वरी की अध्यक्षता वाली बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। पवन खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुईयां शर्मा की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मामले में गौहाटी उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। गौहाटी उच्च न्यायालय ने पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि उन्होंने राजनीतिक लाभ लेने के लिए एक निर्दोष महिला को विवादों में घसीटा। गौहाटी उच्च न्यायालय के पहले तेलंगाना उच्च न्यायालय ने पवन खेड़ा को 10 अप्रैल को एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी। तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश को असम पुलिस ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। जिसके बाद उच्चतम न्यायालय ने 15 अप्रैल को एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी थी। (अनंत ज्ञान)

पीजीआई दीक्षांत समारोह में डॉ. दमनदीप सिंह को गोल्ड मेडल

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। एकल मां के संघर्ष, ममता व अटूट हौसले ने बेटे को वह मुकाम दिलाया, जहां आज सफलता ने गोल्ड मेडल का रूप ले लिया।

पीजीआई चंडीगढ़ के 39वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में रेडियोडायग्नोसिस क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डॉ. दमनदीप सिंह को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपनी माता बलजीत कौर को दिया। डॉ. दमनदीप सिंह की सफलता की कहानी आज समाज व युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। बचपन से चिकित्सक बनने का सपना देखने वाले दमनदीप ने कठिन परिश्रम व दृढ़ संकल्प से यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने एम्स, नई दिल्ली से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की व इसके बाद पीजीआई चंडीगढ़ से रेडियोडायग्नोसिस में स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त की। वर्तमान में वे एम्स, नई दिल्ली में डीएम कार्डियोवैस्कुलर इमेजिंग एवं

एंडोवास्कुलर इंटरवेंशन विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। डॉ. दमनदीप सिंह ने कहा कि उनकी माता ने अकेले दम पर परिवार की जिम्मेदारियां निभाईं व हर मोड़ पर उन्हें संभाला। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कभी उनकी शिक्षा व सपनों के बीच रुकावट नहीं आने दी। मां ने हमेशा प्रोत्साहित किया व हर चुनौती में उनका साथ दिया। बलजीत कौर वर्तमान में महिला व बाल विकास विभाग में जिला स्तरीय अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। जिम्मेदारियों व चुनौतियों के बीच उन्होंने बेटे के उज्ज्वल भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। मां का त्याग, अनुशासन व निरंतर प्रोत्साहन ही उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत है।

पंजाब सरकार अपनी हार के डर से अब लोकतंत्र को कुचलने में लगी हुई: सिद्धू

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने पंजाब सरकार, खासकर आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि आने वाले नगर निगम चुनावों में अपनी संभावित हार को देखते हुए सरकार अब हर गैर-लोकतांत्रिक हथकंडा अपना रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा की गई वार्डबंदी पूरी तरह गलत, अपारदर्शी, पक्षपातपूर्ण व सोची-समझी साजिश का हिस्सा है, जहां वार्ड नंबर 42 में जनरल वर्ग की 678 वोटें रखी गई हैं। वहीं, वार्ड नंबर 46 में एससी वर्ग की 7002 वोटें हैं। यह सीधे तौर पर लोकतंत्र का गला घोंटने के बराबर है और मतदाताओं के अधिकारों के साथ खुला अन्याय है। सिद्धू ने कहा कि यदि नियमों व कानून के तहत ईमानदारी से वार्डबंदी की जाती, तो शहर में 80 से 90 वार्ड आसानी से बनाए जा सकते थे, लेकिन सरकार ने अपने राजनीतिक लाभ व अपने नेताओं को फायदा पहुंचाने के लिए

जबरदस्ती पूरे क्षेत्र को सिर्फ 50 वार्डों में सीमित कर दिया। यह साफ दिखाता है कि यह सरकार प्रशासन नहीं बल्कि राजनीतिक उद्देश्यों से चल रही है।

उन्होंने कहा कि वोटर लिस्टों में लगातार बदलाव इस बात का प्रमाण है कि पूरी प्रक्रिया धोखाधड़ी से भरी हुई है। 15 दिन पहले की सूची कुछ और थी, अब कुछ और है, और आगे फिर नई सूची लाने की बात की जा रही है यह सब चुनावों को प्रभावित करने की साजिश है। सिद्धू ने विशेष रूप से कहा कि एससी वर्ग से संबंधित वार्डों के साथ भी न्याय नहीं किया गया, जो अत्यंत निंदनीय है व यह दर्शाता है कि सरकार समाज के हर वर्ग के साथ धोखा कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी ने अपने नेताओं व उनके परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए वार्डों की सीमाओं को तोड़-मरोड़ कर अपने अनुसार ढाला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले ही इस मामले में अपने आपत्तियां दर्ज करवा चुकी है, लेकिन अगर सरकार ने अब भी कोई कार्रवाई नहीं की, तो कांग्रेस हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने से पीछे नहीं हटेगी। अंत में उन्होंने चेतावनी दी कि चाहे सरकार कितनी भी दबाव की राजनीति कर ले, कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। लोगों के अधिकारों की लड़ाई और तेज़ी से लड़ी जाएगी और चुनाव मैदान में पूरी तैयारी के साथ उतरकर इस सरकार को जवाब दिया जाएगा। उन्होंने मांग की कि मौजूदा वार्डबंदी को तुरंत रद्द कर नई, निष्पक्ष और संतुलित प्रक्रिया लागू की जाए, ताकि हर मतदाता को समान अधिकार मिल सके।

गया प्रसाद सर्वसम्मति से चुने चेयरमैन

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। क्लास-IV कर्मचारी संघ, शिक्षा विभाग चंडीगढ़ ने एक आम सभा बुलाई, ताकि संगठन से जुड़े कुछ अहम व लंबित मामलों पर निर्णायक कार्रवाई की जा सके। इस बैठक में संघ के कामकाज और उसकी लोकतांत्रिक संरचना को प्रभावित करने वाली गंभीर चिंताओं पर चर्चा की गई। संघ के चेयरमैन का पद 2024 से ही खाली पड़ा था, क्योंकि इस दौरान कोई चुनाव नहीं करवाया गया था। संघ के प्रधान का कार्यकाल 12 मार्च को समाप्त हो चुका था, जिसके कारण नेतृत्व का अभाव पैदा हो गया था। 13 मार्च को चुनाव से जुड़े फैसले लेने की एक कोशिश की गई थी, लेकिन कार्यकारिणी को इसकी उचित सूचना नहीं दी गई थी; इस बात ने पारदर्शिता और प्रक्रिया को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए थे। बैठक के दौरान, सदस्यों ने इन मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की व संघ के लोकतांत्रिक कामकाज को बहाल करने, जवाबदेही सुनिश्चित करने और संघ के भीतर एकता को मज़बूत करने के लिए आपसी सहमति से आवश्यक निर्णय लिए। यूनियन के संविधान अनुसार गया प्रसाद को सर्वसम्मति से चेयरमैन चुना गया। जल्द ही नवनिर्वाचित चेयरमैन गया प्रसाद की अध्यक्षता में प्रधान के चुनाव, नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

जेपी नड्डा के पीजीआई दौरे में अव्यवस्था उजागर, मरीज बेहाल

अनंत ज्ञान

भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव (चंडीगढ़)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के पीजीआई चंडीगढ़ दौरे के दौरान व्यवस्थाओं की पोल खुलती नजर आई। दौरे से पहले तैयारियां तेज रहीं, लेकिन जमीनी स्तर पर सैनिटेशन और प्रबंधन व्यवस्था संतोषजनक नहीं रही।

नड्डा ने मुख्य प्रशासनिक कैरों ब्लॉक और उद्घाटन स्थलों का निरीक्षण किया, जहां केवल सीमित क्षेत्रों में ही साफ-सफाई और सजावट दिखाई दी, जबकि पीजीआई के अन्य हिस्सों में मरीजों और तीमारदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के चलते कुछ समय के लिए अत्यधिक भीड़ जमा हो गई। प्रशासनिक ब्लॉक से मंत्री के निकलने के बाद ही आम लोगों को आवाजाही की अनुमति दी गई, जिससे अस्पताल में आने-जाने वाले मरीजों को कठिनाई हुई। इस दौरान नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने को लेकर सुरक्षा कर्मियों और एक चालक के बीच कहासुनी भी हुई, जिससे माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गया। लोगों में यह चर्चा भी रही कि न्यूरो साइंसेज और मदर-चाइल्ड सेंटर के उद्घाटन के बाद ही वास्तविक सुविधाओं का लाभ मरीजों को मिल पाएगा। फिलहाल, व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता स्पष्ट रूप से महसूस की गई।

बेहतर रोजगार क्षमता व इंडस्ट्री रेडीनेस के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के ऑनलाइन एमसीए छात्रों को मिलेंगे माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। अमेरिका स्थित वैश्विक टेक्नोलॉजी दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में इंडस्ट्री-इंटीग्रेटेड शिक्षा को एक नई दिशा देते हुए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने दूरस्थ व वर्किंग प्रोफेशनल की योग्यता बढ़ाने के उद्देश्य से जुलाई 2026 से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र के लिए माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन के साथ अपनी ऑनलाइन एमसीए डिग्री लॉन्च की।

इसका औपचारिक शुभारंभ बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में माइक्रोसॉफ्ट के प्रतिनिधि जोएल गणेशन, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) रविराजा एन सीताराम तथा सीयू ऑनलाइन के डायरेक्टर डॉ. गुरप्रीत सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. (डॉ.) रविराजा एन सीताराम ने कहा कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ऑनलाइन छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक और इंडस्ट्री-अलाइनड प्रोग्राम्स प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उन्हें डिजिटल

अर्थव्यवस्था में उभरते अवसरों के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन के साथ अपग्रेडेड ऑनलाइन एमसीए प्रोग्राम को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त इंडस्ट्री सर्टिफिकेशन को जोड़ते हुए भविष्य के लिए तैयार टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल्स तैयार करे।

उन्होंने कहा, 'चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी फ्यूचर रेडी प्रोफेशनल तैयार करने पर केंद्रित है। माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन के साथ नए अपग्रेड किए गए ऑनलाइन एमसीए प्रोग्राम को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह अकादमिक उत्कृष्टता को दुनिया भर में मान्यता प्राप्त इंडस्ट्री सर्टिफ़िकेशन के साथ फ्यूचर रेडी टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल्स तैयार कर सके। 'ऑनलाइन एमसीए सिलेबस में कुल छह माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन शामिल किए गए हैं, जिसमें ऑनलाइन एमसीए प्रोग्राम में एज्योर एआई फंडामेंटल्स (एआई -900), एज्योर फंडामेंटल्स (एजी-900), गिटहब फाउंडेशन और कोपिलोट (जीएच-900 एवं जीएच-300), पॉवर बीआई डेटा एनालिस्ट एसोसिएट (पीएल-300), एज्योर डेवलपर एसोसिएट (एजी-204) और एज्योर एडमिनिस्ट्रेटर एसोसिएट (एजी-104) शामिल है। माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन के इस एकीकरण से छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स और आईटी एडमिनिस्ट्रेशन जैसे क्षेत्रों में उन्नत ज्ञान और प्रैक्टिकल अनुभव प्राप्त होगा।

एडवोकेट जीएस व जीपीएस घुम्मण 'आप' में शामिल

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) की नीतियों **व** मुख्यमंत्री भगवंत मान के जनहित के कामों से प्रभावित होकर लोगों का पार्टी में शामिल होना जारी है। वीरवार को जाने-माने एडवोकेट जीएस घुम्मण व जीपीएस घुम्मण आप में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आधिकारिक तौर पर दोनों भाइयों का पार्टी में स्वागत किया और उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के प्रतिष्ठित और बुद्धिजीवी वर्ग का 'आप' से जुड़ना इस बात का सबूत है कि राज्य सरकार की 'ईमानदार राजनीति' में जनता का भरोसा मजबूत हो रहा है। कानूनी हलकों में 'घुम्मण ब्रदर्स' के नाम से मशहूर जीएस घुम्मण और जीपीएस घुम्मण न सिर्फ सफल वकील हैं, बल्कि समाज के अलग-अलग वर्गों में भी उनकी गहरी पैठ है। उनके पार्टी में शामिल होने से आम आदमी पार्टी को, खासकर कानूनी मोर्चे पर और माझा-मालवा इलाके में, काफी मजबूती मिलेगी। पार्टी में शामिल होने के बाद घुम्मन ब्रदर्स ने कहा कि हम मुख्यमंत्री भगवंत मान के काम करने के तरीके और राज्य में हो रहे अच्छे बदलावों से बहुत प्रभावित हैं। हम पंजाब के विकास और आम आदमी की आवाज उठाने के लिए पूरी लगन से काम करेंगे।

नकली दवाओं के खिलाफ कार्रवाई की एली लिली ने की सराहना

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़/पंचकूला। एली लिली एंड कंपनी (इंडिया) ने हरियाणा ड्रग कंट्रोल अथॉरिटी द्वारा की गई उस कार्रवाई की सराहना की है, जिसमें हाल ही में गुरुग्राम, हरियाणा में मौनजारो (टिर्जेपेटाइड) के नाम पर बेची जा रही नकली दवाओं को जब्त किया गया। ये जब्त की गई नकली दवाएं लिली ने नहीं बनाई थीं व ये लिली की अधिकृत व सत्यापित आपूर्ति श्रृंखला से नहीं आई थीं।

अथॉरिटी की गहन जांच के बाद, पहचानी गई अधिकांश नकली दवाएं बरामद कर ली गई हैं। अथॉरिटी के निर्देशों के अनुसार, अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर्स और लाइसेंसशुदा फार्मेसियों के जरिए असली लिली उत्पाद की आपूर्ति बिना किसी रुकावट के जारी है। विंसलो टकर, प्रेसिडेंट व जनरल मैनेजर, एली लिली एंड कंपनी (इंडिया) ने कहा, 'हम नकली दवाओं के खिलाफ कार्रवाई करने व मरीजों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों में मदद

गुरुग्राम में मौनजारो के नाम पर बेची जा रही नकली दवाएं जब्त

करने के लिए हरियाणा की नियामक अथॉरिटी के प्रयासों की सराहना करते हैं। लिली नकली दवाओं की किसी भी घटना को बेहद गंभीरता से लेती हैं। नकली उत्पाद स्वीकृत गुणवत्ता नियंत्रण के तहत नहीं बनाए जाते व ये मरीजों की सुरक्षा तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। हम दुनिया भर में मरीजों को नकली व अन्य असुरक्षित उत्पादों के खतरों से बचाने के लिए नियामकों व कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे। हम मरीजों से अनुरोध करते हैं कि लिली के उत्पाद केवल अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर्स या लाइसेंसशुदा फार्मेसियों से और वैध पर्चे पर ही खरीदें। इसके अलावा, हम यह भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि लिली के पेटेंटेड टिर्जेपेटाइड मॉलीक्यूल को भारत में दो ब्रांड नामों के तहत बेचा जाता है, मौनजारो और युरपीक। नकली उत्पाद असली लिली दवाओं जैसे दिख सकते हैं। मरीजों, उनकी देखरेख करने वालों और स्वास्थ्य पेशेवरों को सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। संदिग्ध नकली दवाओं में ये संकेत हो सकते हैं। संदिग्ध नकली दवाओं की शिकायत दर्ज करने या अधिकृत लिली डिस्ट्रीब्यूटर या फार्मेसी का पता लगाने के लिए, लिली इंडिया के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800 123 0021 पर संपर्क करें या mailbo&_in-gps@lilly.com पर लिखें।

स्पोर्ट्स विंडो

ई-स्मोकिंग के लिए रियान पराग पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना

एजेंसी, नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर बृहस्पतिवार को मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। उन पर यह जुर्माना मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ

आईपीएल मैच के दौरान कैमरे पर वेपिंग (ई-सिगरेट) करते पकड़े जाने के बाद खेल की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोप में लगाया गया। मंगलवार रात रॉयल्स की पारी के दौरान पराग के इस काम की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई। पीटीआई को पता चला है कि मैदानी अंपायर तन्मय श्रीवास्तव और नितिन मेनन ने मैच खत्म होने के तुरंत बाद मैच रेफरी अमित शर्मा को इस मामले की शिकायत नहीं की थी। उन्होंने ऐसा तब किया जब उन्होंने इसका वीडियो सबूत देखा। इसके बाद शर्मा ने आईपीएल के नियमों के अनुसार आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए पराग को दोषी पाया। लेवल एक के अपराधों के लिए मैच फीस में से 25 प्रतिशत की कटौती और एक डिमेरिट अंक का प्रावधान है। आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'रियान ने अपराध और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया है।' (अनंत ज्ञान)

रोड्स, क्लासेन और फाफ ने खरीदी ईटीपीएल की रोटरडम फ्रेंचाइजी

एजेंसी, रोटरडम। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटरों जोंटी रोड्स, फाफ डु प्लेसी और हेनरिक क्लासेन ने मिलकर यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) की रोटरडम फ्रेंचाइजी खरीदी है। रोटरडम फ्रेंचाइजी प्रतियोगिता के पहले सत्र में हिस्सा लेगी जिसका आयोजन 26 अगस्त से 30 सितंबर तक किया जाएगा। अन्य शहर आधारित फ्रेंचाइजी ग्लास्गो, एम्सटरडम, एडिनबर्ग, डबलिन और बेलफास्ट हैं। डु प्लेसी ने बयान में कहा, 'ईटीपीएल में जोंटी और क्लासेन के साथ मिलकर एक फ्रेंचाइजी हासिल करना मेरे लिए बहुत खास है। टीम के मालिक बनने की दिशा में यह मेरा पहला कदम है और इसका समय इससे बेहतर नहीं हो सकता था क्योंकि यूरोपीय क्रिकेट आगे बढ़ रहा है।' (अनंत ज्ञान)

टीएनसीए ने पुरुषों की सीनियर टीम के मुख्य कोच के पदों के लिए मांगे आवेदन

एजेंसी, चेन्नई। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने वीरवार को पुरुषों की सीनियर राज्य टीम के मुख्य कोच के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए। संघ एम सेंथिलनाथन और एम वेंकटरमना के उत्तराधिकारियों की तलाश में है। संघ ने पुरुषों और महिलाओं की राज्य सीनियर और जूनियर चयन समितियों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं। सभी आवेदनों के लिए अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गई है। बंगाल क्रिकेट संघ ने भी हाल ही में राज्य के मुख्य कोच लक्ष्मी रतन शुक्ला के उत्तराधिकारी को खोजने के लिए इसी तरह का तरीका अपनाया था। कोच की भूमिका के लिए आवेदन करने वालों की उम्र 60 वर्ष से कम होनी चाहिए (बहु दिवसीय और सफेद गेंद के प्रारूप के लिए अलग-अलग कोच होंगे) और उनके पास भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के लेवल दो या उससे ऊपर का कोचिंग प्रमाण पत्र या कोई अन्य समकक्ष प्रमाण पत्र होना चाहिए। टीएनसीए के सचिव यू भगवानदास राव ने कहा, ''चयन प्रक्रिया टीएनसीए के नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी और छांटे गए उम्मीदवारों को आगे के मूल्यांकन के लिए आमंत्रित किया जाएगा।' पिछले घरेलू सत्र में तमिलनाडु की टीमों के औसत प्रदर्शन के बाद कोचिंग ढांचे में बदलाव की उम्मीद पहले से ही थी। (अनंत ज्ञान)

ग्लैमरस क्रिकेट प्लेयर मेग लैनिंग

ऑस्ट्रेलियाई टीम की ग्लैमरस कप्तान मेग लैनिंग ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 6 दिसंबर 2008 में डेब्यू किया था। क्रिकेट के 151 वर्ष के इतिहास में पहली बार महिला खिलाड़ी के लिए पुरस्कार की घोषणा करते हुए विजडन ने मेग लैनिंग को 'लीडिंग वुमैन क्रिकेटर' भी चुना था।

जयपुर में आज राजस्थान की दिल्ली से भिड़ंत

अब तक अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही है दिल्ली, स्टार्क के टीम में शामिल होने से बढ़ेगा आत्मविश्वास

एजेंसी, जयपुर

दिल्ली कैपिटल्स के पास पिछले कुछ मैच के निराशाजनक नतीजों पर विचार के लिए अधिक समय नहीं है क्योंकि टीम को शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में आत्मविश्वास से भरी राजस्थान रॉयल्स का सामना करना है। अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली की टीम के लिए यह सत्र काफी मुश्किलों भरा रहा है। पिछले दो मैच में टीम के प्रदर्शन में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक तरफ उन्होंने 250 से अधिक का स्कोर बनाया लेकिन विरोधी टीम ने विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए उस लक्ष्य को हासिल कर लिया वहीं दूसरी तरफ वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सिर्फ 75 रन पर ऑल आउट हो गए।

इसके अलावा इस महीने की शुरुआत में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली एक रन की हार ने दिल्ली को भावनात्मक रूप से काफी चोट पहुंचाई है। तीन जीत और चार हार के साथ वे अंक तालिका में

सातवें स्थान पर हैं और उन्हें जल्द ही अपने प्रदर्शन में सुधार की जरूरत है। दिल्ली के लिए सबसे बड़ी चिंता उनकी बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी रही है।

लोकेश राहुल, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी जैसे खिलाड़ियों ने बीच-बीच में अच्छा योगदान दिया है लेकिन पूरी टीम मिलकर एक साथ अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही है।

पिछले मैच में अभिषेक पोरेल ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर बल्लेबाजी करते हुए टीम को शर्मनाक स्कोर पर ऑल आउट होने से बचाया था। यह उस मैच के कुछ सकारात्मक पहलुओं में से एक था। ऐसे में टीम प्रबंधन उन्हें एकादश में मौका देने के बारे में सोच सकता है।

गेंदबाजी के मोर्चे पर कुछ अच्छी खबरें भी हैं। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क एक मई से खेलने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से मंजूरी मिलने के बाद टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। लुंगी एनगिडी के उपलब्ध नहीं होने के कारण स्टार्क का टीम में शामिल होना दिल्ली के लिए एक बहुत ही जरूरी और सही समय पर मिला सहारा साबित हो सकता है। उम्मीद है कि वे काइल जैमीसन या दुष्मंता चमीरा में से किसी एक की जगह लेंगे।

पिछले मैच में 75 रन के छोटे लक्ष्य का बचाव करते हुए दिल्ली के गेंदबाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए थे लेकिन अब उन्हें राजस्थान के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ और भी अधिक सटीक गेंदबाजी करनी होगी।

राजस्थान का शीर्ष क्रम काफी आक्रामक रहा है। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बिना किसी डर के जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाजों का शुरू से ही डटकर सामना किया है तो वहीं यशस्वी जायसवाल भी बेहतरीन लय में नजर आ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

संभावित टीमें

राजस्थान रॉयल्स: शुभम दुबे, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रियान पराग, वैभव सूर्यवंशी, डोनोवन फरेरा, रविंद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, क्वेना मफाका, संदीप शर्मा, युद्धवीर सिंह चरक, रवि बिश्नोई, अमन राव पेराला, एडम मिल्ने, कुलदीप सेन, दासुन शनाका, सुशांत मिश्रा, विग्नेश मिश्रा पुथुर, रवि सिंह, ब्रिजेश शर्मा।

दिल्ली कैपिटल्स: अक्षर पटेल (कप्तान), लोकेश राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, आकिब डार, नितीश राणा, टी. नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंता चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव और मिचेल स्टार्क।

बीसीसीआई-सीओई अंडर-15 शिविर में युक्ति का चयन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड -सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (बीसीसीआई-

सीओई) 18 मई से 11 जून के बीच बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई -सीओई में अंडर -15 लड़कियों के लिए एक हाई-परफॉर्मेंस कैंप आयोजित कर रहा है। खिलाड़ी को कैंप के लिए 17 मई 2026 (दोपहर) को निर्धारित स्थान पर रिपोर्ट करना होगा। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएन की खिलाड़ी सोलन निवासी युक्ति कुमारी इस कैंप में भाग लेगी। एचपीसीए सचिव मनुज शर्मा उक्त खिलाड़ी की शारीरिक फिटनेस का आकलन कैंप से पहले एचपीसीए द्वारा धर्मशाला स्थित क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा, इसके बाद ही उसे कैंप में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। एचपीसीए ने युक्ति को कैंप के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

टेबल टेनिस चैंपियनशिप: भारत ने कड़े मुकाबले में स्लोवाकिया को 3-2 से हराया

एजेंसी, लंदन

भारत की पुरुष टीम ने यहां आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के रोमांचक ग्रुप सात मुकाबले में वापसी करते हुए स्लोवाकिया को 3-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ग्रुप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया और ग्वाटेमाला के खिलाफ अगले मुकाबले से पहले अपनी स्थिति मजबूत कर ली। स्लोवाकिया के खिलाफ मुकाबला उतार-चढ़ाव भरा रहा लेकिन अंत में भारत ने दबाव में धैर्य और दृढ़ता दिखाते हुए जीत हासिल की।

स्लोवाकिया ने शुरुआत में ही बढ़त बना ली जब दुनिया के 149वें नंबर के खिलाड़ी लुबोमीर पिस्टेज ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 51वीं रैंकिंग वाले मानुष शाह को पांच गेम में 11-8, 5-11, 8-11, 11-5, 11-6 से हरा दिया। भारत के

दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी मानव ठक्कर ने इसके बाद याकूब जेलिंका को सीधे गेम में 11-6, 11-8, 11-6 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि तीसरे मुकाबले में स्लोवाकिया ने फिर से बढ़त बना ली जब वांग यांग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरमीत देसाई को 16-14, 11-5, 11-9 से हराया। भारत ने 1-2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की। मानव एक बार फिर संकटमोचक बनकर उभरे और उन्होंने लुबोमीर को 11-3, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त देकर मुकाबला फिर से बराबर कर दिया।

भारत के लिए बाएं हाथ के खिलाड़ी मानुष ने निर्णायक मुकाबले में दबाव के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया और याकूब को 11-8, 11-8, 11-7 से हराकर भारत को 3-2 की महत्वपूर्ण जीत दिलाई। (अनंत ज्ञान)

आईपीएल में 200+ रन चेज का रिकॉर्ड टूटा

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने इस सीजन का चौथा सबसे बड़ा टारगेट हासिल किया

एजेंसी, मुंबई

सनराजर्स हैदराबाद ने आईपीएल में बुधवार को मुंबई इंडियंस पर 6 विकेट की जीत दर्ज की। टीम ने 244 रन का टारगेट 18.4 ओवर में चेज कर लिया। यह आईपीएल का चौथा सबसे बड़ा रन चेज है। मौजूदा सीजन में 10वीं बार 200 या इससे ज्यादा का टारगेट चेज हुआ है। यह आईपीएल के एक सीजन में 200+ रनचेज का रिकॉर्ड है। पिछले सीजन में 9 बार 200 या इससे ज्यादा का टारगेट चेज हुआ था। वानखेड़े में रिकेल्टन ने 44 बॉल पर शतक लगाया। यह मुंबई के लिए सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड है। मैच में नमन धीर ने ट्रेविस हेड के 3 कैच भी छोड़े।

सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई के खिलाफ 244 रन का टारगेट चेज किया। यह आईपीएल इतिहास का चौथा सबसे बड़ा रन चेज है। हाईएस्ट रन चेज का रिकॉर्ड पंजाब किंग्स के नाम है। उन्होंने इसी साल दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रनों टारगेट हासिल किया था।

इस सीजन में अब तक 10 बार 200+ का टारगेट चेज हो चुका है, जो एक



सीजन में सबसे ज्यादा है। पिछला रिकॉर्ड 2025 में बना था, जब 9 बार 200 से ज्यादा रन का लक्ष्य हासिल किया गया था। रायन रिकेल्टन ने 44 गेंद पर शतक लगाया। यह मुंबई इंडियंस की ओर से सबसे तेज शतक है। रिकेल्टन ने सनथ जयसूर्या और तिलक वर्मा संयुक्त रिकॉर्ड को तोड़ा। दोनों ने 45-45 गेंदों में अपने शतक पूरे किए थे। जयसूर्या ने 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ, जबकि तिलक ने इसी साल गुजरात के खिलाफ शतक लगाया था। (अनंत ज्ञान)

मुंबई इंडियंस ने सबसे ज्यादा 22 खिलाड़ी आजमाए

आईपीएल-2026 में मुंबई इंडियंस ने सही कॉम्बिनेशन की तलाश में सबसे ज्यादा प्रयोग किए हैं। टीम अब तक अपने स्क्वॉड के 22 खिलाड़ियों को मैदान पर उतार चुकी है, जो इस सीजन में किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा है। इस लिस्ट में 19-19 खिलाड़ियों के साथ चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

जॉर्जिया-आर्मेनिया को फीफा अंडर 20 वर्ल्ड कप-2029 की मेजबानी

एजेंसी, येरेवन/त्बिलिसी

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने 2029 के अंडर-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए जॉर्जिया और आर्मेनिया को संयुक्त रूप से चुना है। यह पहली बार होगा जब दक्षिण कॉकस क्षेत्र के ये दोनों देश किसी फीफा टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे।

यह फैसला बुधवार को कनाडा के वैंकूवर में हुई फीफा काउंसिल की बैठक में लिया गया, जो 76वीं फीफा कांग्रेस से ठीक पहले आयोजित की गई थी। हर दो साल में आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट दुनिया की 24 युवा टीमों को एक मंच पर लाता है और इसे भविष्य के सितारों का मंच माना जाता है।

फुटबॉल फेडरेशन ऑफ आर्मेनिया ने इसे 'ऐतिहासिक उपलब्धि' बताते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल समुदाय के भरोसे का प्रतीक है। फेडरेशन के अध्यक्ष आर्मेन मेलिकबेकयान ने कहा कि यह टूर्नामेंट स्थानीय खिलाड़ियों और प्रशंसकों को विश्व कप जैसा अनुभव देगा। वहीं, जॉर्जियन फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष लेवन कोबियाशविली ने विश्वास जताया कि यह आयोजन क्षेत्र में फुटबॉल के विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने इसे जॉर्जिया के स्वतंत्र फुटबॉल इतिहास का 'अद्वितीय क्षण' बताया।

इस प्रतियोगिता की शुरुआत 1977 में ट्यूनीशिया में हुई थी, तब इसे फीफा वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था। 2007 में इसका नाम बदलकर वर्तमान स्वरूप दिया गया। अब तक 23 संस्करण खेले जा चुके हैं, जिसमें अर्जेंटीना अंडर-20 ने सबसे ज्यादा छह खिताब जीते हैं, जबकि ब्राजील अंडर-20 पांच खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है। हाल ही में 2025 में चिली में खेले गए टूर्नामेंट में मोरक्को ने खिताब जीता था। वहीं, 2027 का अगला संस्करण अजरबैजान और उज्बेकिस्तान की संयुक्त मेजबानी में आयोजित होगा। (अनंत ज्ञान)

चंडीगढ़ में नाबालिग फुटबॉल प्लेयर से सरेआम छेड़छाड़

एजेंसी, चंडीगढ़। चंडीगढ़ में एक नाबालिग फुटबॉल प्लेयर से भरे स्टेडियम में यौन उत्पीड़न हुआ। यौन उत्पीड़न करने वाला कोई और नहीं बल्कि एक नामी फुटबॉल कोच है। प्लेयर का कहना है कि टूर्नामेंट के दौरान 2 टीमों में झगड़ा हुआ। इसी दौरान कोच ने उसके पीछे अंगुली डाल दी। इस मामले में पुलिस ने करीब डेढ़ महीने बाद केस दर्ज किया, लेकिन आरोपी कोच को अभी तक अरेस्ट नहीं किया। फुटबॉल प्लेयर की तरफ से इस बारे में चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया और चीफ सेक्रेटरी को शिकायत भेजी गई है, जिसमें उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपी को पकड़ने के बजाय गवाहों और शिकायत करने वालों को धमका रही है। उन पर दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें एफआईआर की कॉपी तक नहीं दी जा रही। यही नहीं, बार-बार नोटिस भेज परेशान किया जा रहा। पुलिस की टीमें सीधे अकादमी के अंदर आकर दहशत का माहौल बना रही हैं। एक अफसर तो हथियार लेकर ही घुस आया, जिससे बच्चे सहम गए। गवर्नर को भेजी शिकायत में करीब 15 साल के प्लेयर के वकील ने बताया कि इसी साल जनवरी के आखिरी हफ्ते में चंडीगढ़ के स्पोर्ट्स स्टेडियम में फुटबॉल का टूर्नामेंट था। इस दौरान नाबालिग खिलाड़ी ने आरोप लगाया कि उसके पीछे में अंगुली डाली गई। उससे वह काफी डर गया। (अनंत ज्ञान)

अभिषेक शर्मा और क्लासेन ने ऑरेंज कैप की दौड़ में मारी बाजी

एजेंसी, नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद की मुंबई इंडियंस पर छह विकेट की जीत के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में बड़ा बदलाव देखने को मिला। हैदराबाद के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रन तालिका को पूरी तरह बदल दिया।

मैच से पहले राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी 400 रन के साथ ऑरेंज कैप धारक थे, लेकिन इस मुकाबले के बाद वह तीसरे स्थान पर खिसक गए। सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा ने 24 गेंदों में 45 रन की तेज पारी खेली, जबकि हेनरिक क्लासेन ने 30 गेंदों में नाबाद 65 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। इस प्रदर्शन के साथ अभिषेक शर्मा 425 रन के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जबकि क्लासेन 414 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी अब 400 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं। उनके बाद दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। ये दोनों खिलाड़ी इस सीजन 350 रन का आंकड़ा पार कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

पर्पल कैप की रेस में ईशान मलिंगा सबसे आगे

गेंदबाजी में ईशान मलिंगा ने एक बार फिर प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 29 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। उन्होंने मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव को अपना शिकार बनाया। इस

प्रदर्शन के साथ मलिंगा अब 15 विकेट लेकर पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे हैं। उनके पीछे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार, राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज 14-14 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव और गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा 13-13 विकेट के साथ अगली पंक्ति में बने हुए हैं।

चैंपियंस लीग सेमीफाइनल: एटलेटिको मैड्रिड और आर्सेनल के बीच पहला ड्रॉ

एजेंसी, मैड्रिड

यूईएफए चैंपियंस लीग 2026 के सेमीफाइनल के पहले चरण में एटलेटिको मैड्रिड और आर्सेनल के बीच मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। यह मैच जहां एक ओर रणनीतिक रूप से कड़ा रहा, वहीं गोल के मौके सीमित देखने को मिले। पहले हाफ में आर्सेनल ने बढ़त बनाई। 44वें मिनट में विक्टर ग्योकेरेस को पेनल्टी मिली, जिसे उन्होंने शानदार तरीके से गोल में बदलते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, दूसरे हाफ में एटलेटिको मैड्रिड ने वापसी की। 56वें मिनट में वीडियो सहायक रेफरी (वीएआर) की मदद से बेन व्हाइट के हैंडबॉल का फैसला हुआ, जिसके बाद जूलियन अल्वारेज़ ने पेनल्टी को गोल में तब्दील कर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने मौके बनाए, लेकिन कोई भी बढ़त नहीं ले सका। एटलेटिको के एंटोनी ग्रिज़मैन का शॉट क्रॉसबार से टकराया, जबकि आर्सेनल



को मिला एक और पेनल्टी मौका वीएआर समीक्षा के बाद रद्द कर दिया गया। मैच के बाद एटलेटिको मैड्रिड के कप्तान कोके ने कहा, 'हमने पूरा प्रयास किया। शुरुआती गोल पेनल्टी से मिला, जो मुझे थोड़ा संदिग्ध लगा। हमारे पास मैच जीतने के मौके थे, लेकिन अब फैसला दूसरे चरण में होगा। उनकी रक्षा मजबूत है और आगे उनके खिलाड़ी काफी तेज हैं। हम अपने मौकों को भुना नहीं सके। हमें उम्मीद है कि लंदन में होने वाला अगला मैच इस सत्र में हमारा आखिरी मुकाबला नहीं होगा।' आर्सेनल के गोलस्कोरर विक्टर ग्योकेरेस ने कहा कि पहले हाफ में हमने मैच पर अच्छा नियंत्रण रखा। दूसरे हाफ में उन्होंने बेहतर खेल दिखाया और शायद गोल के हकदार भी थे। कुल मिलाकर यह एक कठिन मुकाबला रहा। (अनंत ज्ञान)

आईपीएल अगर आयोजक बॉलिंग फ्रेंडली विकेट देंगे, तो इसे बोरिंग कहेंगे दर्शक

आईपीएल मतलब गेंदबाजों को पिटाई : मुरलीधरन

एजेंसी, मुंबई

सनराइजर्स हैदराबाद के चीफ कोच मुथैया मुरलीधरन ने कहा कि गेंदबाजों को मान लेना चाहिए कि उन्हें मार पड़ेगी।

उनके अनुसार खेल बल्लेबाजों के पक्ष में झुक चुका है, इसलिए गेंदबाजों को इस स्थिति के साथ खुद को ढालना होगा। उन्होंने बुधवार को मुंबई में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में आईपीएल में बल्ले और गेंद के संतुलन पर पूछे गए सवाल पर कहा कि यह टूर्नामेंट दर्शकों के मनोरंजन और स्पॉन्सरशिप के बिजनेस पर टिका है। उन्होंने कहा, 'अगर हम बॉलिंग फ्रेंडली विकेट देंगे, तो दर्शक इसे बोरिंग कहेंगे। लोग चौके-छक्के देखना चाहते हैं, इसीलिए 'इम्पैक्ट प्लेयर' जैसे नियम लाए गए हैं। अगर खेल से मनोरंजन खत्म हुआ तो स्पॉन्सर्स और लोगों की दिलचस्पी कम हो जाएगी। फिलहाल बल्लेबाजों का पलड़ा भारी रहेगा, गेंदबाजों को खुद को अपडेट करने में समय लगेगा।'

युवा बल्लेबाजों के निडर रवैये का उदाहरण देते हुए मुरलीधरन ने अनकैप्ड खिलाड़ी सलिल अरोड़ा का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'जसप्रीत बुमराह जैसा दिग्गज गेंदबाज भी अब छक्के खा रहा है। जब 23 साल का नया लड़का सलिल, बुमराह को 'नो-लुक सिक्स' मारता है, तो यह अविश्वसनीय है। पहले युवा सोचते थे कि बुमराह के सामने टिकना कैसे है, अब वे सोचते हैं कि उन्हें छक्का कैसे मारना है। मॉडर्न गेम के साथ कॉन्फिडेंस लेवल बहुत बढ़ गया है।' (अनंत ज्ञान)

पावरप्ले में पहले 50 रन बनते थे, अब 80 भी बन रहे

मुरलीधरन ने खेल के बदलते स्वरूप पर बात की। उन्होंने कहा, 'आजकल एक गेंदबाज के लिए परफॉर्म करना बहुत मुश्किल है। जब हम खेलते थे, तब पावरप्ले के 6 ओवरों में 40 से 50 रन को अच्छा स्कोर माना जाता था, लेकिन अब यह औसत 70 से 80 रन तक पहुंच गया है। अब हर टीम के पास ऐसे ओपनर्स हैं जो सिर्फ अटैक करना जानते हैं। उन्हें इस बात की परवाह नहीं होती कि गेंद अंदर आ रही है या बाहर।'

आज के दौर में शेन वॉर्न और मैं भी होते तो खूब पिटते'

जब मुरलीधरन से पूछा गया कि क्या वो और शेन वॉर्न आज की पिचों पर सफल होते, तो उन्होंने कहा,' हम गेंद टर्न तो कराते, लेकिन शायद बड़ा फर्क पैदा नहीं कर पाते। विकेट इतने अच्छे हैं कि शायद हमें भी एक-दो विकेट मिलते और बल्लेबाज 40 रन आसानी से बना लेते। मेरे समय में 170 टी-20 मैचों में शायद दो बार ही ऐसा हुआ जब मुझे 40 से ज्यादा रन पड़े। आज के दौर में अगर कोई स्पिनर 40 रन देता है, तो माना जाता है कि उसने अच्छी गेंदबाजी की है। हम इन दो युगों की तुलना नहीं कर सकते।'